CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 25°C

नई दिल्ली, बुधवार 1 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 180 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विवाह जब तक रद्द नहीं हो जाता, पत्नी भरण पोषण की हकदार: हाईकोर्ट पेज 2



पाकिस्तानी खिलाड़ी अब विदेशी टी-20 लीग नहीं खेल सकेंगे खेल टाइम्स



भाजपा का महिला सशक्तिकरण: वास्तविकता और दिखावा सम्पादकीय



इजरायल गाजा में जंग रोकने को तैयार ट्रम्प ने 20 पॉइंट का बनाया प्लान पेज 12

## भाजपा नेता विजय कुमार मल्होत्रा का 93 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** भाजपा के सीनियर नेता विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार सुबह 93 साल की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से दिल्ली एम्स में भर्ती थे। एम्स ने मंगलवार सुबह उनकी मौत की जानकारी दी। मल्होत्रा दिल्ली से 5 बार सांसद और दो बार के विधायक थे। वे 1980 में दिल्ली के पहले प्रदेश अध्यक्ष बने। उन्होंने 1999 के लोकसभा चुनावों में दक्षिण दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार मनमोहन सिंह को हराया था। उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली स्थित उनके आवास पर रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भाजपा के कई बड़े नेता उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। पीएम मोदी ने विजय कुमार मल्होत्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार वालों को सांत्वना दी। मोदी ने एक्स पर कहा कि विजय कुमार मल्होत्रा एक महान नेता थे जिन्हें जन मुद्दों की गहरी समझ थी। उन्होंने दिल्ली में हमारी पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उन्हें संसदीय मामलों में उनके हस्तक्षेप के लिए भी याद किया जाता है। उनका निधन बहुत दुखद है।

## करूर भगदड़: विजय बोले- सीएम स्टालिन बदला ले रहे

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के करूर में भगदड़ के 2 दिन बाद एक्टर विजय थलपति ने मंगलवार को कहा कि क्या सीएम स्टालिन बदला लेने की कोशिश कर रहे हैं। हमने कुछ गलत नहीं किया। अगर बदला लेना है, तो मेरे पास आओ। मैं घर में मिलूंगा या ऑफिस में। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी के पदाधिकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मैं सीएम से अपील करता हूं कि कृपया मेरी पार्टी के पदाधिकारियों को नुकसान न पहुंचाएं। विजय ने कहा कि जल्द ही, हर सच्चाई सामने आ जाएगी। मुझे इस घटना पर खेद है। हम राजनीतिक यात्रा पर हैं। इस पर हम मजबूती और हिम्मत से आगे बढ़ेंगे। तमिल एक्टर विजय की पॉलिटिकल पार्टी टीवीके की चुनावी रैली में 27 सितम्बर की शाम भगदड़ मची थी। इसमें 41 लोग मारे गए थे। घायल 51 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। तमिलनाडु पुलिस ने इस मामले में अब तक 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें टीवीके के जिला सचिव वीपी माथिय्यालगन और पदाधिकारी पौनराज और एक पत्रकार शामिल है।

## चैतन्यानंद की महिलाओं के साथ चैट सामने आई

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी के बारे में कई बातें सामने आई हैं। पुलिस ने चैतन्यानंद के मोबाइल से कई महिलाओं की चैट बरामद की है। इसमें पता चला कि वह महिलाओं को आकर्षित करने के लिए उनसे कई वादे करता था। यही नहीं, चैतन्यानंद के फोन में कई एयरहोस्टेस की फोटोज भी मिली हैं। उसने कई महिलाओं की सोशल मीडिया प्रोफाइल फोटो भी सेव करके रखी थीं। पुलिस ने चैतन्यानंद की दो महिला सहयोगियों को हिरासत में लिया है। इनसे पूछताछ हो रही है।




नई दिल्ली: दिल्ली-एनसीआर में बादल और बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया, तापमान में गिरावट और प्रदूषण स्तर में सुधार से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। बारिश के बीच से गुजरते वाहन।

# पीएम ने लद्दाख के लोगों से धोखा किया: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/लेह।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम मोदी ने लद्दाख के लोगों के साथ धोखा किया है। लेह में पुलिस गोलीबारी में 4 प्रदर्शनकारियों की मौत की निष्पक्ष न्यायिक जांच की जाए। इनमें कारगिल युद्ध में शामिल त्सावांग थारचिन भी शामिल थे।

उन्होंने एक्स पर थारचिन के पिता का वीडियो पोस्ट किया। राहुल गांधी ने हिंदी में अपने पोस्ट में कहा कि पिता की दर्द भरी आंखें एक सवाल पूछती हैं, क्या आज देश सेवा का यही इनाम है। हिंसा और भय की राजनीति बंद करें। वहीं, गृह मंत्रालय



**कहा: गोलीबारी की न्यायिक जांच की जाए, लेह में इंटरनेट 3 अक्टूबर तक बंद**

ने मंगलवार को लद्दाख के लेह जिले में 3 अक्टूबर तक मोबाइल इंटरनेट और सार्वजनिक वाई-फाई सेवाओं को पूरी तरह से बंद करने का आदेश दिया। यहां सुबह 10 से शाम 7 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है।

## वांगचुक की पत्नी बोलीं- डीजीपी के आरोप झूठे

**लेह।** पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के खिलाफ पुलिस द्वारा लगाए गए आरोपों पर उनकी पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने ऐतराज जताया है।

उन्होंने पुलिस महानिदेशक के बयानों को झूठा और गढ़ी गई कहानी बताते हुए कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश है, जिसके जरिये किसी को फंसाकर मनमर्जी करने की कोशिश हो रही है। हम डीजीपी के बयान की कड़ी निंदा करते हैं। सिर्फ मैं ही नहीं,

**कहा: ये अपने आप में एक साजिश है, सरकार बना रही बलि का बकरा**

बल्कि पूरा लद्दाख इन आरोपों को खारिज करता है। ये एक बनावटी कहानी है, ताकि किसी को बलि का बकरा बनाया जा सके और वे जो चाहें वो कर सकें। उन्होंने सवाल उठाया कि सीआरपीएफ को गोली चलाने का आदेश किसने दिया? अपने ही नागरिकों पर गोली कौन चलाता है?

# 26/11 पर चिदंबरम का बड़ा खुलासा

## बोले- मैं मुंबई हमले का बदला लेना चाहता था, मनमोहन सरकार पर था अमेरिकी दबाव

### कहा: नहीं कर पाए पाकिस्तान पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम ने खुलासा किया है कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के 17 साल बाद पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने एक चैनल को कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला अंतर्राष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण लिया गया था।

मुंबई हमले में 175 लोगों की जान गई थी। 60 घंटों तक 10 आतंकियों ने मुंबई की सड़कों, ताज होटल, सीएसटी रेलवे स्टेशन, नरीमन हाउस और कामा हॉस्पिटल को निशाना बनाया था। अंधाधुंध फायरिंग की थी। चिदंबरम ने बताया कि पूरी दुनिया का दबाव था। हमें युद्ध नहीं करने के लिए समझाया जा रहा था। तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली आईं और उन्होंने कहा कि कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा। कोई आधिकारिक राज उजागर किए बिना मैं मानता हूं कि मेरे मन में प्रतिशोध की भावना आई थी। मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से चर्चा की थी। पीएम ने तो इस पर चर्चा हमले के दौरान ही कर ली थी। विदेश मंत्रालय का मानना था कि सीधा हमला नहीं करना चाहिए। इसके बाद सरकार ने कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक्स पर इस इंटरव्यू की क्लिप शेयर की है। उन्होंने लिखा कि पूर्व गृह मंत्री ने मान लिया है कि देश पहले से जानता था कि मुंबई हमलों को विदेशी ताकतों के दबाव के चलते सही तरीके से हैंडिल नहीं किया गया।



**मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से की थी चर्चा**

### जिंदा पकड़ा था अजमल कसाब, बाद में फांसी दी

**नई दिल्ली।** हमले के बाद 3 दिनों तक सुरक्षाबल के जवान आतंकवादियों से लड़ते रहे और 9 आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया। एक आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया।

कसाब को हमले के अगले ही दिन, यानी 27 नवंबर को जुहू चौपाटी से गिरफ्तार किया गया था। जनवरी 2009 में स्पेशल कोर्ट में मामले की सुनवाई शुरू हुई। 25 फरवरी 2009 को 11 हजार पन्नों की पहली चार्जशीट दाखिल की गई। इस दौरान कसाब के नाबालिग होने पर भी विवाद चलता रहा। मार्च 2010 में केस से जुड़ी सुनवाई पूरी हो गई। 21 नवंबर 2012 को पुणे की यरवडा जेल में सुबह कसाब को फांसी दी गई थी। 3 मई 2010 को कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कसाब को 26/11 हमले में दोषी पाया और 6 मई को फांसी की सजा सुनाई। 2011 में मामला बॉम्बे हाईकोर्ट गया। हाईकोर्ट ने स्पेशल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने भी कसाब को राहत नहीं दी और फांसी की सजा पर मुहर लगा दी। कसाब ने राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के पास दया याचिका भेजी, जिसे 5 नवम्बर को राष्ट्रपति ने खारिज कर दिया।

### मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर का अप्रैल में भारत प्रत्यर्पण

**नई दिल्ली।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का इसी साल अप्रैल में अमेरिका से भारत प्रत्यर्पण किया गया है। तहव्वुर राणा को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था। मुंबई हमले के मास्टरमाइंड डेविड हेडली की गवाही के आधार पर तहव्वुर राणा को 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

# परमाणु और जैविक हमलों के खिलाफ तैयारी जरूरी: सीडीएस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि हमें भविष्य में परमाणु और जैविक खतरों के खिलाफ तैयार रहना होगा।

नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में सैन्य नर्सिंग सेवा के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिए अपने संबोधन में सीडीएस चौहान ने कहा कि आज के डेटा-केंद्रित युद्ध के युग में, जहां सूचना तक पहुंच, दुश्मन को हम पर बढ़त दिला सकती है, वहां चिकित्सा डेटा की भूमिका भी बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि भारतीय डीएनए बेहद खास है। हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली अलग-अलग वातावरण या संक्रमणों के प्रति अलग-अलग प्रतिक्रिया करती है। ऐसे में व्यक्तिगत चिकित्सा डेटा की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है और इसमें केस हिस्ट्री, रिपोर्ट और चिकित्सा स्वास्थ्य रिकॉर्ड



**कहा : भारतीय डीएनए बेहद खास है**

आदि शामिल हैं। परिचालन डेटा, स्वास्थ्य पैटर्न से संबंधित तैनाती, निकासी योजनाओं को भी लीक से सुरक्षित रखने की जरूरत है। हालांकि डेटा सुरक्षा और डेटा संरक्षण सीधे तौर पर एमएनएस (मिलिट्री नर्सिंग सर्विस) की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन आपको इन सभी प्रकार की चुनौतियों के बारे में पता होना चाहिए। सीडीएस चौहान ने कहा कि हमारी नर्सों के प्रशिक्षण में भविष्य में आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखना होगा।

## ट्रॉफी विवाद पर बीसीसीआई ने एसीसी की बैठक में जताया विरोध

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया क्रिकेट परिषद (एसीसी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान एशिया कप की विजेता ट्रॉफी भारतीय टीम को नहीं सौंपने पर कड़ा विरोध जताया है। बीसीसीआई ने इस दौरान एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को घेरा। भारत ने रविवार को फाइनल में पाकिस्तान को हराकर नौवीं बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रॉफी नकवी के हाथों से लेने से इन्कार कर दिया था जिसके बाद पुरस्कार समारोह बिना विजेता ट्रॉफी सौंपे समाप्त कर दिया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद ट्रॉफी के बिना खिताब जीतने का जश्न मनाया था। बाद में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया था कि नकवी ट्रॉफी को अपने साथ होटल के कमरे में ले गए हैं।

## इंडिगो उड़ान में बम की धमकी

**नई दिल्ली।** इंडिगो की मुंबई से दिल्ली आ रही एक फ्लाइट को मंगलवार सुबह बम की धमकी दी गई, जिसके बाद हड़कंप मच गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षा कारणों से पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। इंडिगो की फ्लाइट 6ई 762 में करीब 200 यात्री सवार थे। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच के बाद इस धमकी को गैर-विशिष्ट बताया। यह विमान एयरबस ए321 नियो था और सुबह करीब 7:53 बजे सुरक्षित रूप से दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरा।

# हिस्ट्रीशीटर की कोर्ट परिसर में हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में मंगलवार को कचहरी परिसर में प्रेमिका के साथ कोर्ट मैरिज करने पहुंचे हिस्ट्रीशीटर की युवती के भाइयों ने चाकू से गोद कर हत्या कर दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि बुलंदशहर नगर के ऊपर कोट निवासी नईम अंसारी नामक हिस्ट्रीशीटर बदमाश नगर की ही गद्दी बिरादरी की एक युवती को दो दिन पूर्व भगाकर ले गया था। मंगलवार को अपराह्न वह जज कंपाउंड में कोर्ट मैरिज करने के लिए आया था। इस

**जज कंपाउंड में कोर्ट मैरिज करने के लिए आया था मृतक**

दौरान जब वह कुछ कागजों के फोटो स्टेट करवाने के लिए दुकान पर पहुंचा, तभी लड़की के भाइयों ने उस पर ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार करना शुरू कर दिया। हत्या करने के बाद सभी आरोपी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि हत्यारों की संख्या दो से तीन थी। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद ले रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## बिहार में SIR की फाइनल लिस्ट जारी

**पटना।** मंगलवार को मतदाता सूची प्रारूप का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। चुनाव आयोग ने कहा कि 30 सितम्बर को अंतिम मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। करीब सात करोड़ 30 लाख से अधिक मतदाताओं की फाइनल सूची जारी की गई। खास बात यह है कि इस बार वोटर लिस्ट में करीब 14 लाख से अधिक नए मतदाता भी शामिल हुए। इनमें अधिकतर ऐसे हैं, जिनकी उम्र 18 साल से अधिक है। इधर, चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को सार्वजनिक करने के साथ-साथ हर जिले के निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में भौतिक प्रति भी उपलब्ध करवा दी है। सभी राजनीतिक दलों को भी मतदाता सूची प्रारूप की अंतिम सूची उपलब्ध करवा दी गई।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# तीनों सेनाओं का एकीकरण अब वक्त की जरूरत: राजनाथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मौजूदा समय में थल, जल, वायु ,अंतरिक्ष और साइबरस्पेस के क्षेत्रों के आपस में गहराई से जुड़े होने तथा सुरक्षा के बदलते स्वरूप और खतरों की जटिलता को देखते हुए तीनों सेनाओं के एकीकरण पर बल दिया है ।

उन्होंने कहा है कि आज के दौर में जिस तरह की चुनौतियां हमारे सामने आ रही हैं उसमें बेहतर विकल्प यही है कि हम इन चुनौतियों का मिलकर सामना करें। उन्होंने कहा कि अंतर संचालन और एकीकरण अब केवल वांछनीय लक्ष्य नहीं रह गए, बल्कि

**कहा: आज के दौर में आ रही चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर विकल्प यही है**

अब ये संचालन जरूरत बन चुके हैं। श्री सिंह ने मंगलवार को यहां तीनों सेनाओं के सेमीनार को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सेनाओं को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में गिना जाता है और हर सेना की अपनी गौरवशाली परंपरा तथा अपनी पहचान रही है। उन्होंने कहा कि लेकिन



एकीकरण और तालमेल के बिना इससे जो मूल्य या अनुभव या नई चीज उस सेना ने सीखी वह उसी तक सीमित रह गई और उसका फायदा दूसरी सेना को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी में सुरक्षा और खतरों का स्वरूप बदल चुका है और वे अधिक जटिल हो गए हैं इसे देखते हुए तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण जरूरी है, जिससे मिलकर चुनौतियों का सामना किया जा सके। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में सुरक्षा का स्वरूप काफी बदल चुका है। खतरे पहले से कहीं अधिक जटिल हो गए हैं। आज थल, जल, वायु , अंतरिक्ष और साइबरस्पेस ये सभी क्षेत्र आपस में गहराई से जुड़ गए हैं। ऐसे समय में कोई भी सेना यह सोचकर अलग-थलग नहीं रह सकती, कि अपने क्षेत्र में वह अकेले ही सब संभाल लेगी। आज के दौर में, जिस तरह की चुनौतियां हमारे सामने आ रही हैं, उसमें बेहतर विकल्प यही है, कि हम इन चुनौतियों का मिलकर सामना करें।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत फिर से चुना गया आईसीएओ परिषद का सदस्य

**नई दिल्ली।** भारत को संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) की परिषद के भाग 2 के लिए दोबारा चुना गया है। भाग 2 में वे देश शामिल हैं जो अंतर्राष्ट्रीय नागरिक हवाई नेविगेशन के लिए सुविधाओं के प्रावधान में सबसे बड़ा योगदान दे रहे हैं। यह चुनाव 27 सितम्बर को मॉन्ट्रियल में आयोजित आईसीएओ की सभा के 42वें सत्र के दौरान हुआ। इसमें भारत को 2022 के चुनावों की तुलना में अधिक मत प्राप्त हुए हैं। इससे पहले, 2 सितम्बर को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आईसीएओ सभा के 42वें सत्र से पहले नई दिल्ली में राजदूतों और उच्चायुक्तों के लिए एक स्वागत समारोह का आयोजन किया था। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने 2025-2028 के कार्यकाल के लिए पुनर्निर्वाचन के लिए भारत की उम्मीदवारी के लिए सदस्य देशों से समर्थन मांगा था।

### मल्होत्रा के निधन पर योगी ने जताया शोक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर अत्यंत दुःखद व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगी ने एक्स पर लिखा- मेरी संवे. दनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। दिल्ली भाजपा के पहले अध्यक्ष रहे प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार को निधन हो गया। पिछले कुछ दिन से दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा था, जहां आज सुबह लगभग छह बजे उन्होंने 94 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली।

# विवाह जब तक रद्द नहीं हो जाता, पत्नी भरण-पोषण की हकदार: हाईकोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जब तक किसी विवाह को शून्य घोषित नहीं कर दिया जाता, तब तक पत्नी अपने पति से भरण-पोषण पाने की हकदार बनी रहती है। यह टिप्पणी करते हुए हाईकोर्ट ने पत्नी की ओर से भरण-पोषण के लिए दाखिल अर्जी को स्वीकार कर लिया और पारिवारिक न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया।

इसके साथ ही नए सिरे से फैसले पर विचार करने के लिए मामले को वापस भेज दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला की पीठ ने श्वेता जायसवाल की पुनरीक्षण अर्जी पर दिया। चंदौली निवासी श्वेता जायसवाल ने प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय में पति से भरण-पोषण के लिए वाद दायर किया था।

न्यायालय ने नवम्बर 2017 के आदेश से कहा कि पति के पहली शादी को छुपाने के आधार पर पत्नी अलग रह रही है। वह स्वयं पत्नी होने का कर्तव्य नहीं निभा रही। पत्नी पिछली शादी को छिपाने के आधार पर विवाह शून्यता की डिक्री प्राप्त कर सकती है। इसलिए वह भरण-पोषण की हकदार नहीं है। हालांकि उनकी नाबालिग बेटी के लिए 2,000 रुपये प्रति माह के भरण-पोषण की अनुमति दी गई थी। इस आदेश के खिलाफ याची पत्नी ने हाईकोर्ट में पुनरीक्षण अर्जी दाखिल की। हाईकोर्ट ने पक्षों को सुनने के बाद पारिवारिक न्यायालय के फैसले रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जब तक एक शून्यकरणीय विवाह को डिक्री से शून्य घोषित नहीं किया जाता, तब तक विवाह बना रहता है। कोर्ट ने मामले को पारिवारिक न्यायालय को वापस भेज दिया और निर्देश दिया कि वह भरण-पोषण के दावे के संबंध में नए सिरे से आदेश पारित करें।

# टीईटी अनिवार्य: शिक्षकों-कर्मचारियों का ऐलान

## 25 नवम्बर को करेंगे दिल्ली कूच, पुरानी पेंशन बहाली की भी होगी मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ विभागों में निजीकरण समाप्त करने का भी मुद्दा उठाया जाएगा

**लखनऊ।** नेशनल मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) ने प्राथमिक शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के मुद्दे पर शिक्षकों-कर्मचारियों के 25 नवम्बर को दिल्ली कूच की घोषणा की है। इस आंदोलन के माध्यम से विभागों में निजीकरण समाप्त करने व पुरानी पेंशन बहाली का भी मुद्दा उठाया जाएगा। संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हुई वर्चुअल बैठक में यह निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने बताया कि इससे पहले एक अक्तूबर को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर देशव्यापी अभियान चलाया जाएगा।

25 अक्तूबर को देश की सभी राजधानियों में एक साथ दिल्ली रैली के लिए सामूहिक प्रेसवार्ता होगी। वहीं आठ नवम्बर को दिल्ली में सभी प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्रियों की बैठक भी होगी। इसमें रैली की सफलता की रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव स्थित प्रज्ञा ने कहा कि शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपे जाने के मुद्दे को भी प्रमुखता से रखा जाएगा। बैठक में रामानुजय पलेला, सरदार सुखजीत सिंह, वितेश खांडेकर, शांताराम तेजा, विजेंदर सिंह धारीवाल, डा. नीरजपति त्रिपाठी आदि उपस्थित थे। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की सोमवार को हुई आनलाइन बैठक में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल किए जाने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मजबूत तथ्यों के साथ लड़ाई लड़ेंगे। साथ ही सड़क से लेकर संसद तक शिक्षकों की सेवा को सुरक्षित करने के लिए संघर्ष करेंगे। वहीं 15 अक्तूबर तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने व हस्ताक्षर अभियान पूर्व की भांति चलता रहेगा।

## बरेली बवाल को लेकर जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज की

# सपा पार्षद के चार्जिंग स्टेशन पर चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मौलाना तौकीर रजा के करीबी का बरातघर सील किया, रिश्तेदार हिरासत में लिए गए

■ डा. नफीस समेत 31 आरोपी गिरफ्तार, जांच को एसआईटी गठित, इंटरनेट सेवा बहाल

**बरेली।** बरेली में बवाल की साजिश रचने के आरोपी मौलाना तौकीर रजा के करीबियों और रिश्तेदारों पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) और नगर निगम की संयुक्त टीम ने मंगलवार को प्रेमनगर थाना क्षेत्र के बानखाना मोहल्ले में बड़ी कार्रवाई की। यहां सपा पार्षद ओमान रजा के अवैध चार्जिंग स्टेशन को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। बताया गया कि नाले पर बाउंड्रीवाल बनाकर अवैध तरीके से चार्जिंग स्टेशन बनाया गया था। बुलडोजर से बाउंड्री वाल को तोड़ दिया गया। पार्षद ओमान का एक और चार्जिंग स्टेशन विद्युत चोरी से संचालित होता पाया गया। इस पर भी कार्रवाई की गई है। मौलाना तौकीर रजा के रिश्तेदार मोहसिन रजा खान और उसके भाई को हिरासत में लिया गया है। मोहसिन रजा मननानी मियां का दामाद है। मोहसिन के घर पर कार्रवाई करने के लिए बीडीए और नगर निगम की टीम पहुंची थी। इस दौरान मोहसिन रजा की अफसरों से तीखी नोकझोंक हो गई। मोहसिन ने आंवला भाजपा जिलाध्यक्ष पर आरोप लगाया और कहा कि यह मामला सिर्फ राजनीतिक है। वह 2005 में आईएमसी छोड़ चुके हैं। तौकीर रजा से कोई वास्ता भी नहीं है। मोहसिन ने कहा कि तौकीर रजा से उसका कोई वास्ता नहीं है। यह सब भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष के कहने पर हो रहा है। उन्होंने पहले भी उन पर गो. कशी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मोहसिन के पिता ने कोर्ट का स्टे आर्डर दिखाया, तो टीम ने कार्रवाई रोकी। वहीं मोहसिन रजा और उसके भाई को हिरासत में ले लिया गया है। मोहसिन रजा के घर के सामने ही नाले पर अवैध चार्जिंग स्टेशन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। बीडीए की टीम ने शाहज. हांपुर रोड स्थित नरियावल में हमसफर बरातघर को सील कर दिया है।

### सपा नेताओं ने पुलिस पर लगाया निर्दोषों का उत्पीड़न करने का आरोप

**बरेली।** बरेली में 26 सितम्बर को हुए बवाल के मामले में आरोपियों पर पुलिस की कार्रवाई जारी है। अब कई आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। अब समाजवादी पार्टी के पदाधिका. रियों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए डीआईजी अजय कुमार साहनी से शिकायत की है। मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल डीआईजी से मिला और उन्हें बताया कि पुलिस ने गिरफ्तारी का लक्ष्य पूरा करने के लिए ऐसे लोगों को भी मुकदमे में शामिल कर दिया है, जो बवाल वाले दिन बाजार में खरीदारी करने या किसी और काम से आए थे। सपा नेताओं ने कहा कि बवाल के मामले में कई बुजुर्गों और बच्चों को भी नामजद किया गया है। कोतवाली और बारादरी थाना पुलिस लगातार इस मामले में गिरफ्तारी कर रही है, इसे रोका जाए।

# रिहा हुए पूर्व सपा विधायक इरफान की भाई रिजवान

**कानपुर, वार्ता**



33 महीनों में 1061 रातें जेल में कैसे काटी हैं इसका दर्द बयां नहीं किया जा सकता। तीन साल मां, पत्नी और बच्चों से दूर रहने का बहुत कष्ट है। मां सिर पर हाथ रखेगी उनका आशीर्वाद लूंगा। यह बात सोमवार रात 8.15 बजे जिला कारागार से रिहा हुए सीसामऊ के पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी के भाई रिजवान सोलंकी ने कही।

बाहर आकर बच्चे जिनिया और मुज्जू के माथे को चूमा, तो आंखों से आंसू छलक पड़े। कहा कि अब एक नई जिंदगी की शुरूआत करनी है। जेल के बाहर रिजवान की रिहाई की जानकारी होते ही सैकड़ों कार्यकर्ताओं की भीड़ लग गई। रिहाई होती है, परिवार, दोस्त और कार्यकर्ताओं ने गले लगना शुरू कर दिया। रिजवान जेल से सबसे पहले नमाज अता करने ईदगाह पहुंचे। इसके बाद अब्बू हाजी मुश्ताक सोलंकी की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ा। वहां से वह परिवार के लोगों और कार्यकर्ताओं के साथ जाजमऊ डिफेंस कालोनी घर के लिए रवाना हो गए।

इस मौके पर जेल के बाहर मां खुर्शीदा और पत्नी रोजी रिजवान का बेसब्री से इन्तजार करतीं दिखीं। इरफान सोलंकी और रिजवान सोलंकी ने दो दिसम्बर 2022 को तत्कालीन पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड के आवास पर आत्मसमर्पण किया था। सात जून 2024 को इरफान व रिजवान समेत अन्य आरोपियों को सात साल कैद और 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी।



सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70



सोना रु. 113080
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 137467
प्रति किलो



# सेंसेक्स आठ दिन में 2746 अंक टूटा

**मुंबई, वार्ता**



विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी निकासी और वैश्विक कारकों को लेकर जारी चिंता के कारण घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार आठवें दिन गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स इन आठ दिनों में 2,746 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 812 अंक टूट चुका है। सेंसेक्स आज सुबह बढ़त में था, लेकिन बाद में उतार.चढ़ाव से होता हुआ अंततः 97.32 अंक (0.12 प्रतिशत) नीचे 80,267.62 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 भी 23.80 अंक यानी 0.10 फीसदी टूटकर 24,611.10 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांक चार सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गये हैं। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के बुधवार को जारी होने वाले बयान से पहले सरकारी बैंकों के शेयरों में तेजी देखी जा रही है। धातु और ऑटो समूहों में भी तेजी रही। वहीं एफएमसीजी, रियलिटी, आईटी और फार्मा कंपनियों के शेयरों में निवेशकों ने बिकवाली की।

मझौल कंपनियों पर कम दबाव रहा, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली देखी गयी। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.02 प्रतिशत गिर गया। वही स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.08 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एनएसई में कुल 3,118 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,517 के शेयर बढ़त में 1,507 के गिरावट में रहे, जबकि 94 कंपनियों के शेयर भाव अंततघ अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयरों में तेजी और शेष में गिरावट रही। आईटीसी का शेयर सबसे अधिक 1.19 प्रतिशत गिर गया। भारती एयरटेल में 1.18 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.13 प्रतिशत और टाइटन में 1.07 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.43 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स में 1.41 प्रतिशत और टाटा मोटर्स में 1.18 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, सनफार्मा और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी बढ़त से साथ बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशियाई शेयर बाजारों में जापान का निक्केई 0.25 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। हांगकांग के हैंगसेंग में 0.87 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स सूचकांक 0.07 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.14 प्रतिशत की गिरावट में था।

# युवाओं में खादी के प्रति आकर्षण पैदा करेगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को खादी के इस्तेमाल की ओर आकर्षित करने की कवायद शुरू कर दी है। यूपीआईटीएस 2025 में शामिल हुए बुनकरों और कारीगरों की माने तो टिकाऊ फैशन के प्रति बढ़ती जागरूकता युवाओं को खादी के इस्तेमाल की ओर आकर्षित कर रही है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में भी हस्तनिर्मित खादी के कपड़ों की मांग बढ़ रही है। प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक ज़िला एक उत्पाद (ओडीओपी) और विश्वकर्मा श्रमिक सम्मान जैसी योजनाओं ने हज़ारों कारीगरों और बुनकरों को सशक्त बनाया है। उन्होंने बताया कि सरकार अब उत्तर प्रदेश को खादी हथकरघा केंद्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा, खादी आत्मनिर्भरता, शिल्प कौशल और सतत विकास का प्रतीक है, जो दर्शाता है कि स्थानीय शिल्प राज्य के लिए एक मज़बूत अंतर्राष्ट्रीय पहचान बना सकती है।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर विदेशी यात्रियों के लिए आज से ई-अराइवल कार्ड की सुविधा

■ आव्रजन ब्यूरो के तत्वावधान में की जा रही सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदि. रा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार से विदेशी यात्रियों के लिए ई-अराइवल कार्ड की सुविधा शुरू होगी। हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने मंगलवार को बताया कि आव्रजन ब्यूरो के तत्वावधान में यह सुविधा शुरू की जा रही है। इसका उद्देश्य यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक सहज प्रक्रिया तैयार करना है। अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को एक सहज डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने आगमन की जानकारी ऑनलाइन भरने होगी।

इससे हवाई अड्डे पर मैन्युअल कागज-आधारित कार्ड की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इससे न केवल यात्रियों के लिए अराइवल की प्रक्रिया आसान होगी, बल्कि दक्षता में भी सुधार होगा, कतारें कम होंगी और कागज के उपयोग में कमी से हवाई अड्डे के हरित लक्ष्यों को भी बल मिलेगा। थाईलैंड, इंडोनेशिया, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और मलेशिया के कुछ विश्वस्तरीय हवाई अड्डों पर ऐसी ही सुविधाएं पहले से उपलब्ध हैं। विदेशी यात्री अपनी आगमन जानकारी आव्रजन ब्यूरो के पोर्टल, भारतीय वीजा वेबसाइट और भारतीय वीजा मोबाइल ऐप 'सु-स्वागतम' के साथ-साथ दिल्ली हवाई अड्डे की वेबसाइट पर सुरक्षित तरीके से भर सकते हैं। यह उनके आगमन से तीन दिन पहले तक किया जा सकता है। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि हमें अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए ई-अराइवल कार्ड सुविधा शुरू करने के लिए आव्रजन ब्यूरो के साथ हाथ मिलाकर खुशी हो रही है। यह पहल स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देते हुए विश्व स्तरीय, परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इससे पहले, जून 2024 में दिल्ली हवाई अड्डा 'फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' (एफटीआई- टीटीपी) शुरू करने वाला देश का पहला हवाई अड्डा बन गया था।

# यूपी में भेड़ियों की दहशत, दंपति को जिंदा चबाया

**बहराइच।** बहराइच में मंझारा तौकली ग्राम पंचायत में सोमवार रात भेड़ियों ने फिर कहर बरपाया। गांव प्यारे पुरवा में अहाते में सो रहे बुजुर्ग दंपती पर भेड़ियों ने हमला कर उन्हें जिंदा चबा लिया। घटना में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं देवनाथ पुरवा और भृगु पुरवा में भेड़ियों के हमले से महिला समेत दो लोग घायल हुए हैं।

लगातार हो रहे हमलों से गांवों में दहशत का माहौल है। पुरवा निवासी खेदन (70) पुत्र जनार्दन और उनकी पत्नी मनकी (65) रोज की तरह सोमवार रात घर से करीब 200 मीटर दूर बने अहाते में सो रहे थे। आधी रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच भेड़ियों का झुंड वहां आ पहुंचा। सोते समय ही दंपती पर हमला कर दिया। दोनों के हाथ-पांव और शरीर के कई हिस्सों को भेड़िये चबा गए। गले और चेहरे पर गहरे जख्म मिले। सुबह देर तक दंपति घर नहीं पहुंचे, तो उनका बेटा झब्बर खोजते हुए अहाते पहुंचा। वहां मां-बाप के क्षत-विक्षत शव देखकर उसकी चीख निकल गई। गांव के लोग इकट्ठा हुए, तो सभी सन्न रह गए। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने के खेतों में भेड़ियों का झुंड घूमता देखा गया है। इसी रात भेड़ियों ने देवनाथ पुरवा की सेबरी (30) और भृगु पुरवा के रामू पर भी हमला कर उन्हें घायल कर दिया। दोनों का इलाज जारी है। गांव में फैली दहशत को देखते हुए लोग रात में जागकर पहरा दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद अभी तक वन विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। डीएफओ राम सिंह यादव दो दिन से न मीडिया से बात कर रहे हैं और न ही फोन रिसीव कर रहे हैं। बिलखते हुए मां ने कहा कि हमला भेड़िये ने किया। कुछ ग्रामीणों का दावा है कि उन्होंने तेंदुए को देखा है। वन विभाग अभी तक पक्के तौर पर कुछ कह नहीं पा रहा है। 10 मार्च 2024 से अब तक जिले में भेड़ियों के 80 से अधिक हमले हो चुके हैं। वहीं बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के करीबी और शहर में हुए बवाल के आरोपी डा. नफीस की नावल्टी स्थित मार्केट को नगर निगम ने सोमवार को सील कर दिया। इसमें 74 दुकानें हैं। इसी मार्केट में आईएमसी का दफ्तर भी संचालित किया जा रहा था। उस पर भी नगर निगम ने ताला लगा दिया है। आरोप है कि नाले पर कब्जा कर यह मार्केट बनाई गई है।

# कांग्रेस ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ महिलाओं, दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार के मामलों में उठाए सवाल

कांग्रेस ने महिलाओं तथा आदिवासियों के खिलाफ राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अपराध संबधी आंकड़ों का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर मंगलवार को निशाना साधा और कहा कि ये आंकड़े आदिवासियों, महिलाओं, दलितों के खिलाफ सरकार के सुरक्षा के दावों की पोल खोलते हैं।

कांग्रेस ने आदिवासियों तथा महिलाओं के खिलाफ 2023 में हुए अपराधों का विवरण देने के साथ ही बिहार में हुए अपराधों के भी आंकड़े दिये हैं और कहा है कि वहां सरेआम हत्या, गैंगवॉर, दिन-दहाड़े लूट, अपहरण, फिरौती जैसी घटनाएं हो रही है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। पार्टी ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश तथा बिहार में दलितों के साथ हुए अपराधों भी विवरण दिया है। पार्टी ने कहा ष्मोदी सरकार में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़े हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4,48,211 केस दर्ज हुए, जबकि 2022 में यह संख्या 4,45,256 थी। साफ है कि अपराध का ये आंकड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के महिला सुरक्षा के खोखले दावों की पोल खोल रहा है। आदिवासियों के साथ हुए अपराधों का आंकड़ा देते हुए पार्टी ने कहा कि मोदी सरकार में आदिवासियों के खिलाफ अपराध के मामलों में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ये आंकड़े साल 2023 की एनसीआरबी रिपोर्ट में सामने आए हैं। साल 2023 में 12,960 अपराध के मामले दर्ज हुए जबकि इससे पहले साल 2022 में 10,064 अपराध के मामले दर्ज हुए।

कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार में आदिवासियों के हक छीने जाते हैं और जब वो इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं, तो उनकी आवाज को दबा दिया जाता है। इससे साफ पता चलता है कि मोदी सरकार की मानसि. कता 'आदिवासी विरोधी' है। पार्टी ने बिहार के साथ ही दलितों के साथ हुए अपराधों का हवाला देते हुए मोदी सरकार को दलित विरोधी बताया और कहा कि उत्तर प्रदेश में दलितों के साथ 15,130, राजस्थान में 8,449, मध्य प्रदेश में 8,232, बिहार में 7,064 और महाराष्ट्र: 3,024 अपराध हुए हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# एनसीवेब में 4 अक्टूबर तक फीस का कर सकेंगे भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू के नॉन कॉलेजिएट वीमेंस एजुकेशन बोर्ड (एनसीवेब) के केंद्रों में बीए और बीकॉम प्रोग्राम में दाखिले के इच्छुक उम्मीदवार फीस का भुगतान कर चार अक्तूबर तक दाखिला सुनिश्चित कर सकेंगे। दाखिला के लिए स्पेशल कटऑफ जारी कर दी है। दोबारा से दाखिला का मौका देने पर अलग-अलग केंद्रों की २८०० खाली सीट के लिए १२०० आवेदन प्राप्त हुए। इसमें एक हजार के आसपास सीट बीए प्रोग्राम की है।

उम्मीदवार दो अक्तूबर तक केंद्र में दाखिला के लिए आवेदन कर सकते है। केंद्र तीन अक्तूबर तक दाखिला संबंधी औपचारिकता को पूरा करेंगे। जबकि फीस भुगतान की आखिरी तारीख चार अक्टूबर है। यह दाखिला लेने का आखिरी का मौका है। बीए प्रोग्राम में एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी की सीट खाली है। भगिनी निवेदिता कॉलेज, अदिती कॉलेज में सामान्य वर्ग की सीट खाली है। जबकि बीकॉम में अलग-अलग श्रेणी में दाखिला के लिए सीट उपलब्ध है।

स्पेशल ड्राइव के बाद भी कुछ केंद्रों में सीट खाली रह गई थी। उन सीटों को भरने के लिए दाखिला का अवसर दिया गया था। बता दें कि एनसीवेब के २६ केंद्रों में बीए और बीकॉम प्रोग्राम की कक्षाएं सप्ताहांत और अवकाश के दिन आयोजित होती है। इसमें मिरांडा हाउस और हंसराज कॉलेज जैसे नामचीन दूसरे कॉलेज भी शामिल है। बीए और बीकॉम प्रोग्राम में दाखिला के लिए कुल १५२०० सीट है।

# घर में हुई चोरी के मामले में ताला बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के डीबीजी रोड थाने की टीम ने घर में चोरी के मामले में ताला बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वलसन ने बताया कि१५ सितम्बर को डीबीजी रोड थाना क्षेत्र में घर में चोरी का एक मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके घर के पास वाली गली में उसकी मुलाकात एक अज्ञात ताला बनाने वाले से हुई थी। ताला बनाने वाले ने उससे कहा कि वह किसी भी तरह की अलमारी की चाबी बना सकता है। उसने उसे अपनी अलमारी की चाबी बनाने के लिए अंदर आने दिया। कुछ मिनट बाद, ताला बनाने वाले ने पानी माँगा। जब शिकायतकर्ता पानी लेने गई, तो ताला बनाने वाले ने अलमारी का अंदर का ताला खोल दिया और उसके सोने के गहने (चार सोने की चूड़ियाँ) चुरा लिए।

उसने एक टूटी हुई चाबी अंदर छोड़ दी और उससे कहा कि वह उसे खोलने के लिए एक और औजार लाएगा, लेकिन वापस नहीं लौटा। उसकी शिकायत के आधार पर, डीबीजी रोड थाने में मामला दर्ज कर एसीपी, पहाड़गंज सौरभ ए आनंद की देखरेख में इंस्पेक्टर रणधीर सिंह के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने ताला बनाने वाले की गतिविधियों का पता लगाने के लिए कई सीसीटीवी कैमरों की जाँच की गई। इसी बीच २८ सितम्बर को टीम को एक गुप्त सूचना मिली कि १५.सितम्बर को घर में हुई चोरी के मामले में शामिल ताला बनाने वाला ८ कश्मीरी गेट पार्किंग, के पास मौजूद है।

इस सूचना पर टीम मौके पर पहुँची और छापेमारी कर आरोपी निशान सिंह (४०) को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी निशान सिंह ने बताया कि वह किसान था, लेकिन अपने परिवार की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी नहीं कर पाता था।वह अगस्त २०२५ में घरों में चोरी करने के इरादे से दिल्ली आया था। पुलिस द्वारा चोरी की गई संपत्ति की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## यमुना रिवर फ्रंट को डीडीए ने जारी किए टेंडर

**नई दिल्ली।** डीडीए ने यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र में सौंदर्यीकरण के काम को फिर से गति देने का फैसला किया है। नदी में जलस्तर खतरे के निशान पार जाने के कारण यमुना रिवर फ्रंट विकास परियोजना पर काम ठप पड़ गया था। अब दो नए ई-टेंडरों के जरिये डीडीए यमुना रिवर फ्रंट की बहाली और पुनरुद्धार पर फोकस कर रहा है। वासुदेव घाट पर साइनेज बोर्ड और लाल बलुआ पत्थर की संरचनाएं लगाने और आशिता ईस्ट उद्यान क्षेत्र में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक्स बिछाने के लिए कुल ७९,७४,६११ रुपये के टेंडर जारी किए गए हैं। डीडीए के अधिकारियों का कहना है कि ये परियोजनाएं नदी तट को पर्यावरण अनुकूल और आकर्षक बनाएंगी। पहले टेंडर के तहत वासुदेव घाट पर दिशा निर्देशक बोर्ड लगाने, लाल बलुआ पत्थरों से हाथी, घोड़े, गेंडे की आकृतियां, नक्काशीदार बेंच, अन्य संरचनाएं लगाई जाएंगी।

# दो फरार अपराधी धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले की पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो फरार घोषित अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान शाकिल उर्फ शेरनी (३८), निवासी जहांगीरपुरी और आनंद (३२), निवासी पश्चिम सागरपुर के रूप में हुई है।

दोनों पर आर्म्स एक्ट और एक्साइज एक्ट के मामले दर्ज थे और अदालत ने इन्हें लंबे समय से पेशी से बचने के कारण प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर घोषित कर रखा था।

जानकारी के अनुसार, आर.के. पुरम थाने की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आजादपुर मंडी गेट नंबर ३ से शाकिल उर्फ शेरनी को दबोचा। शाकिल जहांगीरपुरी की झुग्गी-झोपड़ियों में पला-बढ़ा और नौंवी तक की पढ़ाई के बाद आपराधिक गति. विधियों में शामिल हो गया। उस पर चोरी, झपटमारी और आर्म्स एक्ट समेत दर्जनभर मामले दर्ज हैं। अदालत ने २२ सितंबर २०२३ को उसे प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर (भगोड़ा) घोषित किया था। इसी तरह, सागरपुर थाने की टीम ने २४ सितंबर को गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आनंद को गिरफ्तार किया। आनंद के खिलाफ वर्ष २०१४ में दर्ज शराब तस्करी से जुड़े मामले में वह लंबे समय से फरार चल रहा था। अदालत ने २२ मार्च २०२५ को उसे भी प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर घोषित किया था।

पुलिस की ओर से बताया गया कि इन दोनों अपराधियों को पकड़ने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया था, जो लगातार तकनीकी और मैनुअल निगरानी कर रही थीं। आखिरकार, दोनों फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया गया। दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि फरार अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून से बचने वालों को हर हाल में न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

# नड्डा ने विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर शोक प्रकट किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भारतीय जनसंघ के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली प्रदेश भाजपा के प्रथम अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा के दुखद निधन पर गहरा शोक प्रकट कियाभारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली प्रदेश भाजपा के प्रथम अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा के दुखद निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है।

नड्डा ने कहा कि भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक संगठन के लिए सदैव समर्पित रहे वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का निधन अत्यंत दु:खद है। उन्होंने दिवंगत नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा के दिल्ली आवास पर उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

नड्डा ने कहा कि सादगी, शुचिता और संगठन के प्रति एकनिष्ठ रहे मल्होत्रा दिल्ली में संगठन के विस्तार के साथ ही असंख्य कार्यकर्ताओं को गढ़ने एवं राष्ट्र व जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहे। संगठन के विस्तार और राष्ट्र व समाज उत्थान के लिए उनका संघर्ष, अतुलनीय योगदान और त्याग अविस्मरणीय है। संगठन और जनसेवा के लिए सदैव समर्पित रहे विजय कुमार मल्होत्रा का जीवन और विचार सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा दिल्ली से ५ बार सांसद और दो बार विधायक रहे। दिल्ली विधानसभा में वे नेता प्रतिपक्ष भी रहे। इससे पहले वे दिल्ली प्रदेश जनसंघ के अध्यक्ष और दिल्ली नगर निगम के महापौर भी रहे। वे लोक सभा और विधानसभा में जनता की सच्ची आवाज थे। उनका देहावसान भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मल्होत्रा के शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।



भारती कॉलेज में अंतर-महाविद्यालय ललित कला प्रतियोगिता के दूसरे दिन समापन अवसर पर डीयू सांस्कृतिक परिषद के चेयरपर्सन एवं जनसंपर्क अधिकारी अनूप लाठर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### एम्स से महिपालपुर तक तैयार होगा एलिवेटेड कॉरिडोर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एम्स से महिपालपुर बायपास तक एलिवेटेड कॉरिडोर तथा इसके आगे गुड़गांव-फरीदाबाद रोड तक विस्तार की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए परामर्शदात्री सेवाओं की निविदा जारी की है। यह परियोजना राजधानी दिल्ली के ट्रैफिक बोझ को कम करने और कनेक्टिविटी सुधारने के उद्देश्य से तैयार की जा रही है।जारी निविदा के अनुसार, योग्य परामर्शदाताओं से ऑनलाइन प्रस्ताव मांगे गए हैं। परियोजना का अनुमानित लंबाई लगभग २० किलोमीटर है। इस डीपीआर में सड़क डिजाइन, फ्लाईओवर, सर्विस रोड, पुल, पर्यावरणीय और सामाजिक असर, लागत अनुमान सहित परियोजना की तकनीकी और आर्थिक व्यवहार्यता का पूरा खाका तैयार किया जाएगा। परियोजना की समयावधि 9 माह रखी गई है। यह परियोजना दिल्ली के भीड़भाड़ वाले हिस्सों को राहत देने और महत्त्वपूर्ण मेडिकल और औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने में सहायक होगी।

### रिवर ईवी ने खोला स्टोर

**नई दिल्ली।** रिवर ईवी ने उत्तर भारत में अपनी एंट्री करते हुए दिल्ली में अपना पहला स्टोर खोला है, जो ब्रांड के राष्ट्रव्यापी विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें रिवर ईवी का प्रमुख इलेक्ट्रिक स्कूटर इंडी प्रदर्शित किया गया है, साथ ही एक्सक्लूसिव एक्सेसरीज और लाइफस्टाइल मर्चेंडाइज का एक क्यूरेटेड कलेक्शन भी उपलब्ध है। लॉन्च पर बोलते हुए, रिवर ईवी के सह-संस्थापक और सीईओ अरविंद मणि ने कहा, "दिल्ली भारत के सबसे डायनैमिक और प्रभावशाली दोपहिया बाजारों में से एक है, और हमारे लिए यह स्केल और अवसर दोनों का प्रतिनिधित्व करता है। इंडी को पहले ही कई क्षेत्रों में अच्छी स्वीकृति और प्यार मिला है, और हमें विश्वास है कि यह दिल्ली के राइडर्स के साथ भी उतनी ही गहराई से जुड़ पाएगा।

### सामान्य मूल्य वृद्धि की घोषणा की

**नई दिल्ली।** ब्लू डॉर्ट एक्सप्रेस ने 1 जनवरी 2026 से सामान्य मूल्य वृद्धि लागू करने की घोषणा की। औसतन शिपमेंट मूल्य में 9% से 12% तक की वृद्धि की जाएगी, जो उत्पाद की विविधताओं और ग्राहक की शिपिंग प्रोफाइल पर निर्भर करेगी। इस अवसर पर, बाल्फोर मैनुअल, प्रबंध निदेशक, ब्लू डार्ट एक्सप्रेस ने कहा, ब्लू डार्ट में हमारी प्रतिबद्धता हमेशा उत्कृष्टता प्रदान करने और एक भविष्य-तैयार लॉजिस्टिक्स पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की रही है। सामान्य मूल्य वृद्धि हमें उन्नत तकनीक, हरित लॉजिस्टिक्स और नेटवर्क विस्तार में लगातार निवेश करने में सक्षम बनाती है, जिससे हमारे ग्राहकों को अतुलनीय विश्वसनीयता और गति का अनुभव हो सके।

### सीबीडी ग्राउंड में बालाजी रामलीला में हुआ लंका दहन



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड में आयोजित बालाजी राम लीला कमेटी के मंच पर मंगलवार की संध्या दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक और भावुक क्षण लेकर आई। मंचन की शुरुआत लंका दहन के बाद हनुमान जी के वापस श्रीराम दल में आगमन से हुई, जहां भगवान राम के दरबार में उनके द्वारा रावण की स्थिति और विभीषण से जुड़े समाचार साझा किए गए। राम दरबार में जब हनुमान जी ने बताया कि रावण ने विभीषण को लंका से निष्कासित कर दिया है, तो कुछ ही देर में विभीषण स्वयं श्रीराम शरण में उपस्थित हुए। भगवान राम ने उन्हें आदरपूर्वक अपने दल में स्थान दिया। इसके पश्चात रामेश्वरम में भगवान श्रीराम द्वारा भगवान शंकर के शिवलिंग की स्थापना और नल-नील सहित संपूर्ण वानर दल द्वारा सेतु बंधन का दिव्य दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर दर्शकों ने जयकारों से वातावरण गूंजा दिया। रामलीला का अगला आकर्षक प्रसंग था रावण दरबार में अंगद का प्रवेश। अंगद और रावण के बीच हुए संवाद ने सभा को स्तब्ध कर दिया। अंगद ने रावण को सत्य का मार्ग अपनाने की चेतावनी दी, किंतु रावण के अहंकारपूर्ण उत्तर के बाद वे क्रोधित होकर राम दल में लौट आए। इसके बाद रावण दरबार में युद्ध की रणनीति पर विचार-विमर्श का दृश्य मंचित किया गया। मंचन का चरमोत्कर्ष था लक्ष्मण और मेघनाद का भीषण युद्ध। संघर्ष के बाद लक्ष्मण घायल होकर मोर्चे पर गिर पड़े। तत्पश्चात हनुमान जी ने औषधि लाने का संकल्प लिया और लंका से सुसेन वैद्य को लेकर लौटे। वैद्य द्वारा लक्ष्मण के उपचार का दृश्य मंचन का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा।

## प्राथमिकी को कोर्ट ने किया रद्द

**नई दिल्ली।** पड़ोसियों के बीच झगड़े को लेकर दर्ज हुई प्राथमिकी को दिल्ली हाई कोर्ट ने सशर्त रद्द करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ ने आरोपित को निर्देश दिया कि नवरात्र और दीपावली पर गरीब बच्चों के लिए भंडारा का आयोजन करें।

अदालत ने उक्त निर्देश आरो. पित पति-पत्नी द्वारा इलाके में कम से कम 50 गरीब बच्चों के लिए एक बार नवरात्र और दूसरी बार दिवाली के दौरान भंडारा आयोजित करने का बीड़ा उठाने के सुझाव दिया। इसके अतिरिक्त अदालत ने महिला द्वारा आरोपित पति-पत्नी के खिलाफ मारपीट व धमकी देने से जुड़ी प्राथमिकी रद कर दी। शिकायतकर्ता ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो चुका है और प्राथमिकी रद किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है।

# चाणक्यपुरी स्थित बापू धाम चौथी 'अनुपम कॉलोनी' को घोषित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समुदाय-आधारित स्थिरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने चाणक्यपुरी स्थित बापू धाम को अपनी चौथी ष्अनुपम कॉलोनीष घोषित किया है। यह प्रतिष्ठित मान्यता एनडीएमसी की प्रमुख पहल के तहत अपशिष्ट पृथक्करण और कम्पोस्ट रीसाइक्लिंग में कॉलोनी के अनुकरणीय प्रयासों को दर्शाती है। एनडीएमसी अध्यक्ष -केशव चंद्रा ने एनडीएमसी सचिव - तारिक थॉमस, सलाहकार (एसडब्ल्यूएम)- राजीव कुमार जैन, एनडीएमसी के वरिष्ठ अधिकारियों, स्थानीय आवासीय संघ के अध्यक्ष और सदस्यों तथा कॉलोनी के उत्साही निवासियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से यह घोषणा की। इस अवसर पर, बापूधाम परिसर में नवनिर्मित ष्अनुपम कॉलोनीष बोर्ड का अनावरण किया गया।

इस अवसर पर चंद्रा ने कहा, 'चौथी अनुपम कॉलोनी' के रूप में मान्यता प्राप्त होना हमारे लिए गौरव की बात है। यह उपलब्धि हमारे निवा. सियों के सहयोग, हमारे सहयोगी कर्मचारियों के समर्पण और एनडीएमसी की सक्रिय सहायता से ही संभव हो पाई है। हम अपनी कॉलोनियों को स्वच्छता, खाद बनाने और पुनर्चक्रण में स्थायी तौर तरीकों का एक आदर्श बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।ष एनडीएमसी अध्यक्ष ने बागवानी विभाग के पार्कों में उपयोग के लिए जैविक खाद के एक टेंपो को भी हरी झंडी दिखाई और रवाना किया।

उन्होंने एनडीएमसी के निदेशक (बागवानी) जितेंद्र सिंह डबास की उपस्थिति में बापूधाम परिसर में नीम का एक पौधा भी लगाया। बापू धाम परिसर में वंचित व्यक्तियों के लाभार्थ पुन: प्रयोज्य वस्तुओं को दान करने की एक सामुदायिक पहल - ष्नेकी की दीवार (दया की दीवार) की भी शुरुआत की गई है। अपने दौरे के दौरान, एनडीएमसी अधिकारियों ने कॉलोनी के कम्पोस्टिंग स्थल का दौरा किया।

# भारती कॉलेज में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू के भारती कॉलेज द्वारा सांस्कृतिक परिषद, डीयू के सहयोग से २९ और ३० सितंबर को अंतर-महाविद्यालय ललित कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन समापन अवसर पर डीयू सांस्कृतिक परिषद के चेयर पर्सन एवं जनसंपर्क अधिकारी अनूप लाठर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "हर कला एक उत्कृष्ट कृति है।" श्री लाठर ने विद्यार्थियों को अपनी कल्पनाओं को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर प्रो. रविंदर कुमार (डीन, सांस्कृतिक परिषद और निदेशक, ब्स्ै, दिल्ली विश्वविद्यालय) ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की।

इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सलोनी गुप्ता सहित अनेकों शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रो. रविंदर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों के लिए अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए एक जीवंत और प्रेरणादायक मंच प्रदान करना था। यह आयोजन दृश्य कलाओं के प्रति गहरी सराहना को बढ़ावा देने और महाविद्यालयों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया गया।



## निगम के 219 कर्मचारी हुए सेवानिवृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के 219 कर्मचारी आज सेवानिवृत हुए। दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सेवा. निवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, पी पी ओ शीट, लीव एनकैशमेंट के चेक दिये गए। सभी जोन में भी सेवानिवृत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मचारियों को दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना की गई। सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ-साथ सुखमय जीवन की कामना करते हुए पौधे भी भेंट किये। इस अवसर पर निगम के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहें।

# श्री धार्मिक रामलीला चिराग दिल्ली में हुआ रावण अंगद संवाद

**■ पूज्य आचार्य लोकेश जी ने राकेश गुलिया को रामलीला के माध्यम से समाज को जागरूक करने के लिए बधाई दी**




**नई दिल्ली।** श्री धार्मिक राम लीला दक्षिणी दिल्ली चिराग श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक राकेश गुलिया ने बताया कि इस बार भी हर वर्ष की तरह भव्य राम लीला का आयोजन किया जा रहा है।

संदेश स्वच्छ यमुना सफाई के लिए समाज को मंच के माध्य से सब को जागरूक किया जा रहा है। आज मंच पर रावण अंगद संवाद, लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध, लक्षाण मूर्छा हुआ। पूर्व निगम पार्षद सुनीता गुलिया, प्रधान आनंद प्रकाश जैन, महामंत्री सुशील प्रकाश गुप्ता, चेयरमैन सोमनाथ मुखर्जी, कोषाध्यक्ष कपिल शर्मा, प्रदीप तेवतिया, सुदन गुप्ता, इंद्रजीत गुलिया ,सुरेन्द्र चौधरी , गौरव विज , जितेंद्र अहलावत , धर्मेंद्र गुलिया, संदीप सैनी,हर्ष गुलिया, वरुण सुदन , विक्रान्त गुलिया, सतीश सोनी,नरेश कुमार और भगवान सोनी कार्यका रिणी सदस्यों सहित मौजूद रहे। श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक राकेश गुलिया ने बताया कि 1 अक्टूबर 2025 इस बार वध, महाकाली आहान शक्तियां एवं अहिरावण वध होगा 2 अक्टूबर 2025को विजयदशमी, पुतला दहन, सीता जी द्वारा पहली छटी मैया पूजन करना, भरत मिलाप, श्री राम जी का भव्य राजतिलक होगा मेघनाथ 80 फीट, कुंभकरण 85 फीट और रावण 90 फीट। पटाखों की जगह इस बार ध्वनि और प्रकाश (विशेष प्रभाव) का उपयोग होगा।

# स्कूली बच्चों ने सजाया रामलीला का मंच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विक्टर पब्लिक स्कूल, मौजपुर में आयोजित बाल रामलीला मंचन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के छात्रों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की गाथा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। उनके भावपूर्ण अभिनय, संवाद कौशल और मनमोहक प्रस्तुतीकरण ने सभी का मन मोह लिया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगलाचरण से हुआ, जिसके बाद एक-एक प्रसंग को छात्र-छात्राओं ने बड़े ही अनुशासन और लगन के साथ प्रस्तुत किया। श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, रावण एवं अन्य पात्रों की भूमिका निभाने वाले समस्त छात्रों ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का परिचय दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सीता-हरण, राम - सुग्रीव मैत्री और लंका दहन का दृश्य रहा,जिसने पूरे वातावरण को राममय बना दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा पांचाल ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा, "रामलीला केवल एक धार्मिक कथा नहीं, बल्कि हमारे जीवन के आदर्शों और मूल्यों का प्रतीक है। ऐसे मंचन से विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, सामंजस्यता और स्वानुशासन जैसे गुणों का विकास होता है। आज के समय में बच्चों का भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहना बहुत आवश्यक है। विद्यालय सदैव ऐसे आयोजनों के माध्यम से उन्हें संस्कारवान बनाने का प्रयास करता है। मुझे गर्व है कि हमारे विद्यार्थियों ने अपने अभिनय से इस कथा को जीवंत कर दिया। इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए उन्होंने स्कूल के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की सराहना की।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पंचशील एन्क्लेव के प्रमुख चौराहों पर यातायात उल्लंघन की समस्या से आने वाले दिनों में स्थानीय नागरिकों को राहत मिल सकती है। गलत दिशा में वाहन चलाने वालों से लेकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने न सिर्फ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, बल्कि प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती करने का भी आदेश दिया है। मामले से जुड़ी याचिका पर न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने निर्देश दिया कि प्रमुख चौराहों पर तत्काल अतिरिक्त यातायात पुलिस तैनात किया जाएं और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने के लिए तत्काल कदम उठाया जाएं।

# व्यापारियों के मसीहा थे मल्होत्रा जी: खंडेलवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा जी का निधन केवल भाजपा ही नहीं अपितु समस्त दिल्ली के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मल्होत्रा जी ने दिल्ली में आधुनिक विकास की मजबूत नींव रखी और राजधानी को प्रगति की नई राह दिखाई। वे दिल्ली के व्यापारिक समुदाय के सच्चे और निकट मित्र थे, जो हमेशा व्यापारियों की समस्याओं को हल करने के लिए तत्पर और संवेदनशील रहते थे। उनके सहयोग और मार्गदर्शन से व्यापारियों को सदैव बल मिला। विजय कुमार मल्होत्रा जी के निधन पर शोक प्रकट करते हुए संसद सदस्य, चाँदनी चौक प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि खेलों के प्रति उनका गहरा लगाव और खेलों के उत्थान हेतु उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। मल्होत्रा जी का जाना न केवल दिल्ली बल्कि पूरे देश की राजनीति, व्यापार जगत और खेल जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को यह असहनीय दु:ख सहने की शक्ति दें।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### हिस्ट्रीशीटर के बर्थडे पर जाम छलका रहे थे पुलिसकर्मी

# वीडियो वायरल होने पर चौकी प्रभारी समेत 4 सस्पेंड



**साहिबाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। वीडियो में चौकी प्रभारी आशीष जादौन और तीन सिपाही हिस्ट्रीशीटर बदमाश इरशाद मलिक की बर्थ-डे पार्टी में बार बालाओं संग जश्न मनाते नजर आ रहे हैं। यही नहीं, वीडियो में पुलिसकर्मी हाथ में शराब लेकर नृत्य करते हुए भी दिखाई दिए।

वायरल वीडियो सामने आने के बाद एसीपी की रिपोर्ट पर तत्काल कार्रवाई की गई और चौकी प्रभारी आशीष जादौन सहित तीनों सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है। वीडियो में जिस शख्स को शराब की बोतल लहराते देखा गया, उसकी पहचान सिपाही योगेश के रूप में हुई है।बताया जाता है कि बर्थ-डे पार्टी हिस्ट्रीशीटर इरशाद मलिक की थी, जिसके खिलाफ गौकशी और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर धाराओं में तीन मुकदमे दर्ज हैं।

इरशाद स्थानीय थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है और इतना ही नहीं, वह चौकी इंचार्ज की स्कॉर्पियो गाड़ी भी चलाता रहा है। पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों ने मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। सूत्रों के अनुसार, इस घटना ने विभाग की साख को गहरी चोट पहुंचाई है। आम जनता का भरोसा पुलिस से तभी बना रह सकता है जब वर्दी में बैठे लोग अपराधियों से दूरी बनाए रखें। लेकिन इस घटना ने पुलिस- अपराधी गठजोड़ की चर्चाओं को हवा दे दी है।

स्थानीय लोगों में भी इस प्रकरण को लेकर नाराजगी है। लोगों का कहना है कि जिन पुलिसकर्मियों का काम अपराधियों पर शिकंजा कसना है, वही यदि उनके साथ जश्न मनाते पाए जाएंगे तो आम जनता सुरक्षा की उम्मीद किससे करेगी। फिलहाल निलंबन के बाद मामले की विभागीय जांच बैठा दी गई है। जांच में यह भी सामने आ सकता है कि इस तरह के रिश्ते कब से चले आ रहे थे और क्या अन्य पुलिसकर्मी भी इसमें शामिल रहे हैं। अधिकारियों ने साफ कहा है कि यदि कोई भी दोषी पाया गया तो सख्त विभागीय कार्रवाई होगी।

## वैशाली में विकास कार्यों का किया गया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**साहिबाबाद।** वैशाली में नाले की दीवार रिपेयर व प्लास्टर के कार्य का पार्षद कुसुम गोयल द्वारा अपनी पार्षद निधि से करवाया जा रहा है। जिसका शुभारंभ समाजसेवी के एल शर्मा द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में लगातार विकास कार्य जारी है।

इस कार्य को करवाने के लिए महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर न्यायाधीश आर. के पांडे भाजपा नेता अवधेश कटियार शिव शंकर उपाध्याय दिनेश शर्मा एस एल मिश्रा भूपेंद्र प्रहलाद सिंह बिजी सिंह नरेंद्र वर्मा एम के उपाध्यक्ष एसके दुबे बीएस चौहान मंगल सिंह राजू पवित्रा रेनू नेगी मनीष दुबे दुष्यंत गौतम नितेश पवन रामसूरत राय सुरेश नंदन एन के चौहान आदि उपस्थित रहे।

## लैंड क्राफ्ट मेट्रो होम्स सोसाइटी में आयोजित हुआ डांडिया कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुरादनगर।** लैंड क्राफ्ट मेट्रो होम्स सोसाइटी में संघर्ष समिति ने डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि मोदीनगर विधायक डॉक्टर मंजू सिवाच उपस्थिति रही तथा दीप प्रज्वल करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सोसायटी की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को भव्य बनाया। सोसाइटी के निवासियों को मोदीनगर विधायक डॉ मंजू सिवाच ने मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी और दुर्गा माता के स्वरूप के बारे में वर्णन किया। संघर्ष समिति द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त मसूरी लिपि नागायच को निमंत्रण दिया। उन्होंने अपनी टीम को भेज कर मिशन शक्ति के बारे में निवासियों को बताया। डॉक्टर सरिता सिंधु ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के संयोजक पुष्कर त्यागी योगेंद्र नेहवाल सचिन त्यागी सनी त्यागी एवं सोसाइटी के अजय चौधरी मनोज चौधरी आलोक द्विवेदी अजय शर्मा ऋषिपाल चौधरी हेमा चौधरी प्रिया ममता शर्मा शुभी यादव दीपिका प्राची रीमा द्विवेदी व सोसाइटी के सम्मानित परिवार व सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज विजय नगर में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति 5.0 के तहत 'कन्या पूजन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ विभा चौहान, पार्षद नीलम सिंह, पार्षद संतोष राणा व प्रताप विहार मंडल अध्यक्ष नीलम सिंह द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। नवरात्रि के शुभ पर्व पर कन्या पूजन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। साथ ही विद्यालय में स्वास्थ्य चिकित्सा शि. विर का आयोजन कर महिला स्वास्थ्य पर चर्चा, इंसीनेटर व वेंडिंग मशीन के प्रयोग की जानकारी दी गई। इसी अवसर पर 'स्वच्छता पखवाड़ा' के अंतर्गत कराई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं निबंध, स्लोगन, भाषण, पोस्टर, कविता आदि में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्राची चतुर्वेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा समस्त छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### एक नजर

## तीन घंटे में सम्पूर्ण रामायण सभी को कर रही है आकर्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर द्वारा आयोजित सम्पूर्ण रामायण तीन घंटने में सभी वर्ग के व्यक्तियों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। जनपद गाजियाबाद में इस रामलीला मंचन की ख्याति दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

लोग बड़ी उत्सुक्ता के साथ इस रामलीला को देखने के लिए कविनगर रामलीला मैदान में एकत्रित हो रहे हैं एवं इसका आनन्द उठा रहे हैं। राजा दशरथ द्वारा प्राण त्यागने एवं भ्राता भरत द्वारा श्री राम जी को वन में ढूंढते हुए व्याकुल होने का मंचन देख मेले में आये सभी भक्तों की आँखों से अश्रु बहने लगे।

लीला मंचन से पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में सिल्वर लाईन प्रेस्टीज के बच्चों द्वारा भव्य नाटिका महाभारत की बहुत ही मनोरम प्रस्तुति की गयी। आज लीला मंचन देखने के लिए विभिन्न विभागों के प्रशास. निक अधिकारी एवं शहर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

समिति के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। जिन सदस्यों ने 30 वर्ष से अधिक समिति को आजीवन सदस्य के रूप में अपना सहयोग दिया है समिति द्वारा उन्हें आज भी प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं चांदी का सिक्का देकर सम्मानित किया गया।

आज की लीला में अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा, अजय जैन, विवेक मित्तल, विनय जिन्दल, आनन्द गर्ग, अशोक सैंगर, पवन गुप्ता, संजय मित्तल, दिनेश चौधरी चौधरी, डी०पी० कौशिक आदि उपस्थित रहे।

### आयुध निर्माणी फैक्ट्री रामलीला समिति ने

## थाना प्रभारी अंकित चौहान व जवाहरलाल गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य रेणु तोमर को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुरादनगर।** आयुध निर्माणी फैक्ट्री स्टेट परिसर के रामलीला ग्राउंड में रामलीला समिति ने थाना अध्यक्ष अंकित कुमार चौहान सहित पुलिस कर्मियों तथा जवाहरलाल गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रेणु तोमर को रामलीला समिति द्वारा रामलीला मंच पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप निरीक्षक मांगे राम, आशु कुमार चौकी प्रभारी आयुध निर्माणी फैक्ट्री स्टेट परिसर उप निरीक्षक लकी कुमार उप निरीक्षक प्रिया सिंह पिंक बूथ प्रभारी, उप निरीक्षक मुस्कान एन्टी रोमियो प्रभारी मौजूद रहे। उप निरीक्षक मनीषा बताया कि नारी सशक्तिकरण व महिलाओं को जागरुक करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चला जा रही योजनाएं व महिलाओं को साइबर ठगी अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर पुलिस थाना जाने में हिचकती है। पुलिस विभाग मे कैसे ओनलाइन व आफलाइन से शिकायत कराई जाए। उनके बारे जानकारी दी। रामलीला समिति के संयुक्त सचिव शिवनाथ कामगार संघ के महामंत्री कुलदीप शर्मा अध्यक्ष योगेंद्र चौधरी वीरेंद्र चौधरी विपिन शर्मा, सुनील त्यागी व महिपाल आदि मौजूद रहे।

## जागरण में माता के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु



**शाह टाइम्स संवाददाता**
साहिबाबाद। मोहननगर राजीव कॉलोनी में क्षेत्रवासियों ने मिलकर माता रानी का जागरण आयोजित किया,रात भर भजन गायकों ने माता के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। गायककार आंचल कश्यप, पूजा, शिवानी सरगम, संजय शर्मा, गोपाल शर्मा,सुशील सांवरिया जैसे गायककारो ने माता के भजनों कि अच्छी प्रस्तुति दी जिन पर श्रद्धालु रात भर झूमते रहे प्रात:कालीन तारा रानी कथा, आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## बुद्धिमान लोग धन लगाकर करते हैं राजनैतिक हिस्सेदारी हासिल: वीरेंद्र कंडेरे



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** भाजपा नेता वीरेंद्र कंडेरे एक ऐसे व्यक्तित्व है जो बेबाक और मुखर होकर अपनी बात रखते है। ऐसे ही अपने दिल के जज्बात सोशल साइट पर रखते हुए भाजपा नेता वर्तमान राजनीतिक हालातों पर राजनी. ति के नेताओं की बदलती सोच पर कहते है।

पहले सेवा और त्याग की भावना से प्रेरित होकर लोग राजनीति करते थे, आज मेवा और व्यक्तिगत विकास के लिए बुद्धिमान लोग धन लगाकर राजनैतिक हिस्सेदारी हासिल करते है और लाभ की दृष्टि से कार्य करते है। भाजपा नेता वीरेंद्र कंडेरे की ये पोस्ट आखिर किस ओर निशाना साध रही है ? सभी तरफ इसी के चर्चे है। कौन से वो नेता है जिनको लेकर भाजपा नेता अपनी बात कह रहे है।

## समाजसेवी स्व. मोजी राम जी को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** महानगर कांग्रेस कमेटी के महानगर अध्यक्ष अध्यक्ष वीर सिंह ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व समाजसेवी स्वर्गीय मोजी राम जी की शोक सभा में अनेकों कांग्रेस जन के साथ श्रद्धांजलि दी।

महानगर अध्यक्ष वीर सिंह ने स्वर्गीय मोजी राम जी की फोटो पर पुष्प अर्पित करके उनकी दिव्यांगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए हाथ जोकर प्रार्थना की। उपरोक्त शौक सभा कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव, आशीष प्रेमी अध्यक्ष अनुसूचित विभाग, विजेंदर जाटव उपाध्यक्ष अनुस. ूचित, अमित कुमार बंटी महासचिव महानगर, बाबूराम शर्मा कार्यालय सचिव, विनोद शर्मा उपाध्यक्ष, महानगर विधि विभाग कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट चन्द्रपाल, महासि. चव अमित कुमार बंटी, और जितेंद्र सेन महासचिव आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## कविनगर रामलीला कमेटी ने किया हरप्रीत सिंह जग्गी को सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** आधुनिक तकनीक से रामलीला का मंचन कर रही कविनगर रामलीला कमेटी के द्वारा वरिष्ठ आई ए एस एन एच ए आई के चेयरमैन संतोष यादव, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी, अधिवक्ता सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी, वरिष्ठ पत्रकार अशोक कौशिक, करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता का पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष ललित जसवाल, महासचिव भूपेंद्र चोपड़ा, वरिष्ठ नेता बलदेव राज शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार ऐ के जैन, गौरव चोपड़ा, बजाज आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## आई लव मोहम्मद पर गिरफ्तारी लोकतंत्र का अपमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** जय भीम के नारे के साथ आजाद समाज पार्टी के उत्तर प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अफजल अहमद सैफी की आवाज दबाने की को. शिश एक बार फिर सत्ता की तानाशाही का आईना बन गई है। एक साधारण-सी अभिव्यक्ति - 'मैं मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से प्यार करता हूँ' - ने उन्हें पुलिस की गिरफ्त में डाल दिया। झूठे बहाने से बुलाया गया, गिरफ्तार किया गया, चार्जशीट दाखिल की गई, और आखिरकार जमानत पर रिहा होने के बाद भी वह घाव ताजा है। यह घटना न केवल एक व्यक्ति की आजादी पर हमला है, बल्कि पूरे देश को नफरत की आग में झोंकने वाली सत्ता की मंशा को उजागर करती है। यह पहली बार नहीं है जब सत्ता ने अल्पसंख्यक आवाजों को कुचलने की कोशिश की हो।

आजाद समाज पार्टी, जो कांशी राम के विचारों पर आधारित है और दलितों व पिछड़ों के अधिकारों के लिए लड़ती है, हमेशा से सत्ता के निशाने पर रही है। सैफी जैसे कार्यकर्ता, जो हिंदू-मुस्लिम एकता की बात करते हैं, सरकार के लिए असहज हैं। वे जानते हैं कि नफरत फैलाकर ही वोट बैंक मजबूत किया जा सकता है। लेकिन सवाल यह है: क्या प्यार का इजहार अपराध है? क्या धार्मिक श्रद्धा व्यक्त करना देशद्रोह के बराबर है? भारतीय संविधान की धारा 25 स्पष्ट रूप से धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयान करती है। जमानत पर रिहा होने के बाद सैफी ने कहा कि यह सत्ता की कमजोरी है। वे डरते हैं कि प्यार की आवाज नफरत को हरा देगी।

उनकी यह बात हर जागरूक नागरिक के दिल को छू जाती है। अब समय है कि सिविल सोसाइटी, मानवाधिकार संगठन और विपक्षी दल इस मुद्दे को उठाएँ। सुप्रीम कोर्ट को इस केस की निगरानी करनी चाहिए, ताकि पुलिस की मनमानी पर अंकुश लगे। साथ ही, हमें सबको एकजुट होकर नफरत के खिलाफ खड़ा होना होगा ख्र जय भीम के साथ अल्लाह हाफिज का नारा लगाते हुए। अफजल अहमद सैफी की यह लड़ाई हम सबकी है। अगर आज उनकी आवाज दबी, तो कल हमारी बारी आ सकती है। प्यार जीतेगा, नफरत हारेगी। जय भीम! जय हिंद।

## श्री हनुमंत अपनापन रसोई सेवा का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** अष्टमी के पावन पर्व पर श्री हनुमंत अपनापन रसोई सेवा का शुभारंभ वरिष्ठ व्यापारी नेता बालकिशन गुप्ता बालू भाई के द्वारा किया गया। श्री हनुमान मंदिर घंटाघर पीएनबी के पास विधिवत साप्ताहिक भोजन सेवा प्रारंभ की गई। नवरात्र के पावन पर्व मे सबने मिलकर प्रसाद वितरित किया। आपको बता दें कि निरंतर मंगलवार को हनुमान जी की कृपा से सेवा जारी है। इस अवसर पर सेवा में अशोक कुमार गोयल, अशोक शर्मा भारतीय, अंकुर गोयल, विपुल अग्रवाल, एन के गोयल, सुदेश रानी, रेखा गुलाटी, सरिता यादव सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृष्ण पाल पुत्र वेद प्रकाश निवासी रसूलपुर थाना मीरापुर जिला मुजफ्फरनगर हाल प्रवक्ता डीएवी डिग्री कॉलेज मुजफ्फरनगर को न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा दी गई सजा जिसमें धारा 498A में 2 वर्ष का कठोर कारावास एवं रु. 5000 जुर्माना, जुर्माना अदा न करने पर एक माह कारावास की अतिरिक्त सजा, धारा 323 आईपीसी में 6 माह की सजा एवं रु. 500 का जुर्माना, धारा 406 आईपीसी में 1 वर्ष की सजा हजार रुपए का जुर्माना, धारा 506 आईपीसी में एक वर्ष का कठोर कारावास व जुर्माना, धारा 4 आईपीसी दहेज प्रतिषेध अधिनियम में 1 वर्ष की सजा और 5000 का जुर्माना होने के नियमानुसार माननीय अपर न्यायालय ने आज दिनांक 30 सितंबर 2025 को अभियुक्त द्वारा अपर कोर्ट में की गई अपील को खारिज करते हुए निचली अदालतों द्वारा दी गई सजा की पुष्टि कर अभियुक्त कृष्णपाल एवं भाई सुरेंद्र को जिला कारागार डासना भेजा गया है। यह मामला थाना कविनगर जनपद गाजियाबाद से संबंधित है।

### विकसित उत्तर प्रदेश-2047 के क्रम में निगम मुख्यालय पर हुई वर्चुअल बैठक आयोजित

# मेयर-नगरायुक्त ने पार्षदों व निगम अधिकारियों सहित किया प्रतिभाग



**गाजियाबाद।** सीएम द्वारा विकसित उत्तर प्रदेश-2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महा अभियान के संबंध में नगर निगम के महापौर, पार्षद तथा नगर पालिका व नगर पंचायत के अध्यक्षों, सदस्यों के साथ संवाद किया गया जिसके क्रम में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ, वर्चुअल बैठक में मेयर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने पार्षदों तथा अधिकारियों सहित प्रतिभाग किया गया। सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए आत्मनिर्भर नगर निगम बनाने के मंत्र को सभी ने सुना, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर को हाईटेक बनाने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी निगम कार्य कर रहा है मुख्यमंत्री द्वारा उत्साहवर्धन किया गया, लखनऊ के साथ-साथ गाजियाबाद भी आत्मनिर्भर की ओर बढ़ रहा है कहा गया।

मेयर तथा नगर आयुक्त के नेतृत्व में लगातार शहर में विकास कार्य हो रहे हैं नगर निगम गाजियाबाद को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी स्पोर्ट्स कंपलेक्स, मल्टीलेवल पार्किंग, वूमेंस हॉस्टल व अन्य कार्य भी किए गए हैं जिससे न केवल शहर का विकास हुआ है बल्कि आत्मनिर्भर नगर निगम बनाने के लिए भी कार्यवाही बढ़ाई गई है।

वर्चुअल बैठक के उपरांत नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम शासन की योजनाओं को धरातल पर ला रहा है विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम की अहम भूमिका रहेगी जिसके लिए वृहद स्तर पर प्लानिंग की गई है जिसमें जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग लेते हुए शहर वासियों के हित में कार्य किया जाएगा, सुविधाओं के साथ-साथ नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी कार्य किया जा रहा है।

बैठक के उपरांत महापौर द्वारा उपस्थित पार्षदों तथा अधिकारियों को विकसित उत्तर प्रदेश 2047, समृद्धि का शताब्दी पर्व अभियान की शुभकामनाएं दी गई, तथा सभी को एकजुट होकर शहर ही तथा निगम हित में कार्य करने के लिए उत्साहहित किया गया, पार्षदों तथा निगम अधिकारियों को आगामी योजनाएं 2047 को ध्यान में रखते हुए बनाने के निर्देश दिए तथा ऐसी नीति बनाने के लिए कहा जिसमें 2047 तक गाजियाबाद नगर निगम विकास की ऊंचाइयों को छुए तथा आत्मनिर्भर गाजियाबाद नगर निगम कहलाए उपस्थित जनों को मोटिवेट किया गया।

वर्चुअल बैठक में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, पार्षद विनिल दत्त, अमित त्यागी, नीरज गोयल, उमेश नागर, प्रवीण भाटी, मनोज त्यागी, रवि भाटी, नितिन,ओमप्रकाश व अन्य उपस्थित रहे जिसमें विभागीय अधिकारियों तथा अन्य टीम ने भी हिस्सा लिया।

# तीन करोड़ की धोखाधड़ी रैकेट में शामिल तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाफ ने तीन करोड़ के ऑनलाइन धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से कुल तीन मोबाइल, चार लैपटॉप और एक पेटीएम पीओएस मशीन बरामद की है।

दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि शाहदरा साइबर थाने के तहत एक मामला दर्ज किया गया था जिसमें बताया गया कि शिकायतकर्ता सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखने के बाद एक व्हाट्सएप ग्रुप ५ में शामिल हुए। इस ग्रुप ने निवेशकों को लुभाने के लिए फर्जी लाभ स्क्रीनशॉट दिखाए।इससे प्रभावित होकर, शिकायतकर्ता ने अपने निजी बैंक खाते से २,२५,००० रुपए का निवेश कर दिए। इसके बाद, आईपीओ डिलीवरी के लिए और पैसे की मांग की गई, जिसके बाद शिकायतकर्ता को एहसास हुआ कि यह एक धोखाधड़ी योजना है।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसीपी ऑपरेशन मोहिंदर सिंह की देखरेख में एसएचओ साइबर विजय कुमार के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने बैंक ट्रेल्स, आईपी लॉग, व्हाट्सएप चौट और डिजिटल उपकरणों का विश्लेषण कर दिल्ली में कई स्थानों पर छापे मारकर आयुष कोली , संजीव कुमार और आकाश को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि आरोपों आयुष अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से बैंक खाता (द्वितीय लेयर) संचालित करता था। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है जिससे व्हाट्सएप चौट से खाते की साख, लेन-देन का विवरण और कमीशन संबंधी बात. चीत का खुलासा हुआ।संजीव कुमार ने सह-आरोपी आयुष को धोखाधड़ी वाला इंडसइंड बैंक खाता उपलब्ध कराया। आकाश ने संजीव के साथ मिलकर फर्जी सिम और खाते बनाने का काम किया।पुलिस ने उनके पास से कुल तीन मोबाइल, चार लैपटॉप और एक पेटीएम पीओएस मशीन बरामद की है।

# सट्टा खेल रहे 24 जुआरियों को सरगना समेत दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नार्थ एंटी-नारकोटिक्स सेल की टीम ने सब्जी मंडी इलाके में सट्टा खेलते हुए रैकेट के सरगना समेत २४ जुआरियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में बलविंदर उर्फ सोनू सरदार, रिंकू, मनोज, मनमोहन प्रसाद उर्फ बाबू, बजरंग, गगन, नैम, इरफान, प्रकाश, गौरव, अरविंद गौर, हरि प्रसाद, विजय, मुकुल छाबड़ा, निखिल सैनी, इरफान, शत्रुंजय, संजीव, मोहम्मद आरिफ, छत्ता लाल मियां, नवीन, हरजीत सिंह, आशू, विनायक राजाउरा और राजेश है। पुलिस ने इनके पास से दांव का पैसा ६,६१,१३०, और २७७ ताश के पत्ते, एक नोटबुक और एक पेन, २६ मोबाइल फोन, एक कैश काउंटिंग मशीन बरामद की है। उत्तरी जिला डीसीपी राजा बॉंठिया ने बताया कि एसआई जगबीर सिंह (एंटी-नारकोटिक्स सेल इंचार्ज) की देखरेख में गठित टीम को गुप्त सूचना मिली कि मलकगंज, दिल्ली के डी ब्लॉक, पहले फ्लोर पर एक फ्लैट में जुआ खेला जा रहा है। इस सूचना पर, एंटी-नारकोटिक्स सेल की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आधी रात को फ्लैट में छापा मारा। वहां कई लोग ताश के पत्तों से सट्टा खेलते पाए गए। पुलिस को देखकर उनमें से एक व्यक्ति पहले फ्लोर से कूद गया और उसके दाहिने पैर में चोट लग गई।

टीम को मौके से कुल २३ आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पूछताछ के दौरान पता चला कि तीन आरोपी मनमोहन उर्फ बाबू, मनोज और रिंकू इस सट्टेबाजी रैकेट के मुख्य सरगना हैं और वे परिसर के मालिक सोनू सरदार के लिए मैनेजर के रूप में काम करते हैं। सोनू सरदार कई जगहों पर छापेमारी के बावजूद फरार था।

# विदेशी यात्रियों के लिए ई-आगमन कार्ड सुविधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने विदेशी यात्रियों के लिए एक अक्टूबर २०२५ से ई-आगमन कार्ड सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। यह सुविधा ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के सहयोग से शुरू की जा रही है और यह भारत सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य यात्रियों के लिए सुगम और विश्वस्तरीय अनुभव सुनिश्चित करना है। इस नई डिजिटल पहल के तहत, विदेशी यात्री अब हवाई अड्डे पर कागजी आगमन कार्ड भरने की बजाय ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि इमिग्रेशन कतारें कम होंगी और कागज के उपयोग में कमी लाकर पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

# श्रद्धेय मल्होत्रा के सम्मान में एक दिन का राजकीय शोकः रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, दिल्ली के प्रथम मुख्य कार्यकारी पार्षद व दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर एक दिन (बुधवार) के राजकीय शोक की घोषणा की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रो. मल्होत्रा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और कहा कि उनका निधन अत्यंत पीड़ादायक और अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उनका अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज उनके निवास पर जाकर श्रद्धेय मल्होत्रा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका निधन अत्यंत पीड़ादायक और अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के सांसद व विधायक भी रहे श्रद्धेय विजय कुमार मल्होत्रा जी भारतीय जनसंघ और भाजपा की प्रथम पंक्ति के योद्धा थे। उन्होंने न केवल दिल्ली की राजनीति को दिशा दी, बल्कि एक सच्चे जनसेवक के रूप में जनसेवा के नए मानक स्थापित किए।

दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन की नींव को मजबूत किया और असंख्य कार्यकर्ताओं को सेवा, अनुशासन और समर्पण का मार्ग दिखाया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मल्होत्रा जी का जीवन राष्ट्रनिष्ठा, संगठन कौशल और सादगी का जीता-जागता उदाहरण रहा। वह हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए पितृ-तुल्य मार्गदर्शक थे। उनका नि:स्वार्थ और समर्पित जीवन हमेशा हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

# टूरिस्ट पैकेज के नाम पर ठगने वाला धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एलटीसी . या टूरिस्ट पैकेज के नाम पर निर्दोष लोगों को ठगने वाले पीओ को गिरफ्तार किया है।आरोपी पहले दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ और मुंबई के ग्यारह मामलों में पहले भी शामिल रहा है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि १४- सितम्बर २०१८ को एक व्यक्ति द्वारा जनकपुरी थाने में धोखाधड़ी का मामलादर्ज किया गया।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि अप्रैल २०१७ में, संदीप कुमार लोचब (५१)ने खुद को मेसर्स स्टैग हॉलिडेज (मेसर्स चिल पिल हॉलिडेज की एक इकाई) का अधिकृत एजेंट बताते हुए, उससे १९ लाख रुपये की ठगी की।

यह भुगतान मेसर्स ओजोन आयुर्वेदिक्स के ८० कर्मचारियों के पोर्ट ब्लेयर के एक आधिकारिक दौरे के लिए था और मेसर्स चिल पिल हॉलिडेज के खाते में स्थानांतरित कर दिया गया था।

आरोपी संदीप कुमार लोचब की कार्यप्रणाली कंपनी के प्रतिनिधियों को कम कीमत वाले टूर पैकेज का लालच देने के लिए फर्जी कार्यालय पते का उपयोग करना था। भुगतान प्राप्त करने के बाद, वह कई बहाने बनाकर समझौते से मुकर जाता था।



प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को श्रद्धासुमन अर्पित करतीं राष्ट्रपति।

# विजय कुमार मल्होत्रा का निधन, भाजपा में शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के संस्थापक अध्यक्ष, दिल्ली के पूर्व मुख्य कार्यकारी पार्षद एवं सांसद प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का प्रात: लगभग ६ बजे एम्स अस्पताल में निधन हो गया। कुछ समय से ९४ वर्षीय प्रो. मल्होत्रा का एम्स में उम्र से जुड़ी तकलीफों का इलाज चल रहा था। प्रो. मल्होत्रा की मृत्यु का समाचार मिलने के बाद भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उनके निवास पर जा कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और परिवार जनों से शोक व्यक्त किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष, उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, महामंत्री विनोद तावड़े एवं दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आर.पी. सिंह ने भी परिजनों को सांत्वना दी और पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने प्रात: ही प्रो. मल्होत्रा के निवास पर पहुंच कर परिजनों से संवेदना प्रकट कर व्यवस्थाओं को स्वंय सम्भाला। केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने भी परिजनों से मिल कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी एवं शाहनवाज हुसैन ने भी पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए। दिल्ली भाजपा के संगठन महामंत्री पवन राणा, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, और अन्य पदाधिकारियों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता ने भी उनके निवास पर जा कर दिल्ली के पूर्व मुख्य कार्यकारी पार्षद प्रो. मल्होत्रा के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और दिल्ली के विकास के लिए उनकी दूरदृष्टि की सराहना की। दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह एवं आशीष सूद ने भी निवास पर आ कर प्रो. मल्होत्रा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर भाजपा नेताओं ने जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर दिल्ली भाजपा नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा ना सिर्फ दिल्ली भाजपा के लिए संस्थापक अध्यक्ष थे बल्कि जनसंघ काल से वह कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षक थे। एक जन प्रतिनिधि के नाते उन्होने जीवन का एक बड़ा भाग दिल्ली के विकास को समर्पित किया और साथ ही देश में खेलों के विस्तार विकास के लिए अतुलनीय योगदान दिया।

सचदेवा ने कहा की स्लम एवं शहरी गरीबों के लिए आश्रय योजना लाना हो या दिल्ली को पहला फ्लाइओवर देना सब उनके विकास पुरूष होने के प्रमाण हैं।दिल्ली भाजपा के संगठन महामंत्री प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा जी का जीवन संघर्ष, सेवा, समर्पण का जीवन रहा।उनका प्रभाव केवल दिल्ली तक सीमित नही था, मेरे गृह राज्य हिमाचल प्रदेश सहित देश भर में भाजपा कार्यकर्ता उनके अनुशासित जीवन से प्रेरणा लेते हैं।

केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा है की देश की राजनीती के एक वरिष्ठतम नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के प्रथम अध्यक्ष थे जिन्होंने राष्ट्र प्रथम के विचार को अंत तक जिया । देश की संसदीय व्यवस्था को मजबूत करने में उनका बड़ा योगदान रहा और उनका पूरा जीवन देश और समाज के प्रति समर्पित रहा । उनका जीवन हमारे जैसे लाखों कार्यकर्ताओं को सदेव प्रेरणा देता रहेगा । प्रो विजय कुमार मल्होत्रा जी के निधन पर मैं अपनी भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ ।भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आर.पी. सिंह ने कहा है की विकास स्तम्भ प्रो. मल्होत्रा का निधन मेरे लिए निजी आघात है। मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री से मांग करता हू की वह उनके द्वारा निर्माण करवाये दिल्ली के पहले फ्लाईओवर जो पटेल नगर से मोती नगर जाता है का नाम विजय सेतु रखें।

सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा है की भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के प्रथम विकास पुरुष श्रद्धेय विजय कुमार मल्होत्रा जी का निधन केवल भाजपा ही नहीं अपितु समस्त दिल्ली के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मल्होत्रा ने दिल्ली में आधुनिक विकास की मजबूत नींव रखी, व्यापारियों की समस्याओं को गम्भीरता से हल करने के लिए काम किया, दिल्ली में धर्म प्रचार के लिए सहयोगा दिया और दिल्ली एवं देश में खेलों के विस्तार के लिए अतुलनीय कार्य किया।दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा जी दिल्ली की राजनीति में सुचिता के प्रतिक पुरूष थे और सम्भवत: हमेशा रहेंगे।

भाजपा मीडिया प्रमुख ने कहा है की जनसंघ काल हो या भाजपा का स्थापना काल या फिर संसदीय दल की ओर से अनेक मौकों पर प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा ने भाजपा के प्रवक्ता के रूप में पार्टी के राजनीतिक विमर्श को आगे बढ़ाया।सांसद मनोज तिवारी एवं योगेन्द्र चांदोलिया, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, एन.डी.एम.सी. उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल, विधायक अनिल शर्मा एवं हरीश खुराना और डी.डी.ए. सदस्य राजीव बब्बर ने भी परिजनों से मिलकर एवं सोशल साइट्स पर प्रो. मल्होत्रा को श्रद्धांजली अर्पित की है।

# बदला मौसम का मिजाज बारिश से मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गर्मी की मार झेल रहे दिल्ली-एनसीआर के लोगों को बारिश से राहत मिली है। दिल्ली-एनसीआर में अचनाक मौसम बदल गया और कई इलाकों में वर्षा भी शुरू हो गई है। कुछ इलाकों में तेज बारिश भी हो रही है। जाफराबाद इलाके में भी हल्की वर्षा शुरू हो गई है। उधर, बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। उधर, नोएडा और गाजियाबाद में भी तेज बारिश हो रही है। तेज बारिश से मास्टर प्लान रोड शास्त्री नगर के पास पानी भर गया है। जलभराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पांडव नगर के नजदीक अंडरपास में जलभराव हुआ वहीं, विनोद नगर के पास एनएच-९ की सर्विस रोड पर भी जलभराव हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, अरब सागर में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने से हवाओं में बदलाव की संभावना से प्रदेश में मौसम आमतौर पर तीन अक्टूबर तक परिवर्तनशील रहने और बीच बीच में आंशिक बादल रहने की संभावना है। इस दौरान अरब सागर से नमी वाली हवाएं आने से ३० सितंबर को कुछ एक स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी होने की संभावना है। परंतु एक से तीन अक्टूबर के दौरान प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम आमतौर पर खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान हवाओं में बदलाव तथा उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से दिन व रात तापमान में हल्की गिरावट आने की संभावना है।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2025

पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा। इन रेल सेवाओं की समय-सारणी निम्नानुसार होगी :-

**09309/09310 इंदौर जं. - हज़रत निज़ामुद्दीन - इंदौर जं. सुपरफास्ट विशेष ट्रैन (सप्ताह में दो दिन)** 36 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09309 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09309 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09310 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09310 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 17:00 | इंदौर जं. | 21:00 | --- |
| 05:00 | --- | हजरत निजामुद्दीन | --- | 08:20 |

**चलने के दिन: 09309 इंदौर जं. से** दिनांक 03.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को) और **09310 हजरत निजामुद्दीन से** दिनांक 04.10.2025 से 01.12.2025 तक (प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.
**ठहराव:** देवास जं., उज्जैन जं., नागदा जं., रामगंज मंडी जं., कोटा जं., सवाईमाधोपुर जं., गंगापुर सिटी एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**09095/09096 बान्द्रा (टर्मि.) - अयोध्या कैंट - बान्द्रा (टर्मि.) विशेष ट्रेन (साप्ताहिक)** 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09095 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09095 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09096 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09096 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 11:00 | बान्द्रा (टर्मि.) | 06:00 | --- |
| 17:30 | --- | अयोध्या कैंट | --- | 21:00 |

**चलने के दिन: 09095 बान्द्रा (टर्मि.) से** दिनांक 01.10.2025 से 19.11.2025 तक (प्रत्येक बुधवार को) और **09096 अयोध्या कैंट से** दिनांक 02.10.2025 से 20.11.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार को)।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच जं., वडोदरा जं., दाहोद, मेघनगर, रतलाम जं., नागदा जं., उज्जैन जं., मक्सी जं., शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ एवं बाराबंकी स्टेशन।

**09097/09098 बान्द्रा (टर्मि.)-लुधियाना जं.-बान्द्रा (टर्मि.) सुपरफास्ट विशेष ट्रेन (साप्ताहिक)** 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09097 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09097 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09098 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09098 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 21:50 | बान्द्रा (टर्मि.) | 10:20 | --- |
| 00:30 | --- | लुधियाना जं. | --- | 04:00 |

**चलने के दिन: 09097 बान्द्रा (टर्मि.) से** दिनांक 05.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रत्येक रविवार को) और **09098 लुधियाना जं. से** दिनांक 07.10.2025 से 02.12.2025 तक (प्रत्येक मंगलवार को)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी।
**ठहराव:** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच जं., वडोदरा जं., रतलाम जं., कोटा, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, मथुरा जं., नई दिल्ली, पानीपत एवं अंबाला कैंट स्टेशन।

**07095/07096 चर्लपल्ली - हजरत निजामुद्दीन - चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन** 4 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07095 आगमन | रेलगाड़ी सं. 07095 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 07096 आगमन | रेलगाड़ी सं. 07096 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 07:40 | चर्लपल्ली | 04:00 | -- |
| 16:00 | | हजरत निजामुद्दीन | -- | 19:00 |

**चलने के दिन: 07095 चर्लपल्ली** से दिनांक 07.10.2025 एवं 16.10.2025 (मंगलवार एवं गुरूवार) को और **07096 हजरत निजामुद्दीन** से दिनांक 08.10.2025 एवं 17.10.2025 (बुधवार एवं शुक्रवार) को।
**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** जनगांव, काजीपेट, पेद्दपल्ली, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चन्द्रपुर, सेवाग्राम जं., नागपुर जं., आमला जं., इटारसी जं., भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3023/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




डीयू के अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा 'तेज दिमाग के लिए आयुर्वेदिक सुपरफूड्स' विषय पर आचारशाला में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी व अन्य।

# चैतन्यानंद के मोबाइल में मिली कई एयरहोस्टेस की भी तस्वीर

**डीसीपी दक्षिण पश्चिम जिला का कहना है कि वह पुलिस को जांच में सहयोग नहीं कर रहा है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट एंड रिसर्च की छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किए चैतन्यानंद सरस्वती के मोबाइल फोन में कई एयरहोस्टेस की भी पुलिस को तस्वीरें मिली हैं। चैतन्यानंद ने उन एयरहोस्टेस के साथ फोटो खिंचवा रखी है। डीसीपी दक्षिण पश्चिम जिला का कहना है कि वह पुलिस को जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। पूछताछ के दौरान लगातार झूठ बोल रहा है। उसकी दो महिला सहयोगियों को भी हिरासत में लेकर उसके साथ चौत्यानंद का आमना-सामना करवाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, उसके मोबाइल फोन से कई और लड़कियों के चैट्स मिले हैं। चौट्स में सरस्वती लड़कियों को झांसा देकर बरगलाने की कोशिश कर रहा है और प्रलोभन दे रहा है।

बताया गया कि उसने कई एयरहोस्टेस के साथ फोटो खिंचवा कर अपने फोन में रखे हैं। कई लड़कियों के मोबाइल डीपी के स्क्रीन शॉट्स चैत्यानंद ने अपने मोबाइल में रखे हुए थे। दिल्ली पुलिस के सवालों के वह गोलमोल जवाब दे रहा है।

# प्रतिबंधित पटाखे बेचने वाले अवैध नेटवर्क का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने प्रतिबंधित पटाखे बेचने वाले अवैध नेटवर्क का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने उनके पास से-४२३ किलोग्राम पटाखे जब्त किए है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) विक्रम सिंह ने बताया कि प्रतिबंधित पटाखों की अवैध बिक्री के संबंध में विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर, वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में दो पुलिस टीमों ने एक साथ छापेमारी की। इंस्पेक्टर सुनील कुमार कालखंडे के नेतृत्व में एसआई बीरपाल सिंह, हेड कांस्टेबल परवीन, जय सिंह, विजय सिंह, समंदर और रौशन की पहली पुलिस टीम ने फिल्मिस्तान,सदर बाजार, में छापेमारी कर आरोपी आशुतोष मिश्रा (२४) और आर्यन दुबे (२०) को पकड़ कर उसके पास से १४८ किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद किए है।

वहीं इंस्पेक्टर गौरव चौधरी के नेतृत्व में एसआई नवीन दहिया, ऋषि कुमार, एएसआई अरुणपाल और हेड कांस्टेबल अंकुर कुमार की दूसरी पुलिस टीम ने अशोक नगर मार्केट, एम.एस. पार्क इलाके में छापेमारी कर आरोपी राकेश कुमार (५२) को गिरफ्तार कर उसके पास से २७५ किलोग्राम अवैध पटाखे जब्त किए है।पुलिस ने बताया कि आरोपी आशुतोष मिश्रा और आर्यन दुबे घनिष्ठ मित्र हैं। दोनों ने त्योहारों के मौसम में अच्छा मुनाफा कमाने के इरादे से एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से प्रतिबंधित पटाखे खरीदे थे। वहीं राकेश कुमार, त्योहारों की मांग के अनुसार मौसमी वस्तुओं का थोक विक्रेता है। वह पहले भी इसी तरह के एक अपराध में शामिल रहा है।

# शराब की बड़ी खेप पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिले में त्योहारों से पहले अवैध शराब तस्करी पर बड़ी कार्रवाई हुई है। एएसबी सेल शाहदरा ने गुप्त सूचना के आधार पर विवेक विहार इलाके में छापेमारी कर ३,००० क्वार्टर अवैध शराब से भरी गाड़ी पकड़ी।

हालांकि, गाड़ी का चालक मौके से भागने में कामयाब रहा। मामला २७ सितंबर का है, जब ेठ सेल को सूचना मिली कि विवेक विहार के सी-ब्लॉक इलाके में शराब की बड़ी खेप लाई जा रही है।

इसके बाद इंस्पेक्टर अजय तोमर की अगुवाई में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने गुप्त रणनीति के तहत सी-ब्लॉक रोड, विवेकानंद महिला कॉलेज के पीछे संदिग्ध वाहन को रोकने की कोशिश की, लेकिन जैसे ही गाड़ी रुकवाई गई, चालक तुरंत कूदकर भीड़ का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस टीम ने काफी दूरी तक पीछा किया, मगर आरोपी हाथ नहीं आया। वाहन की तलाशी में पुलिस को २१ बोरे मिले, जिनमें ६० कार्टन अवैध शराब भरे थे।

इनमें २,६५० क्वार्टर देसी शराब 'संतरा' और ३५० क्वार्टर देसी शराब 'रेस-७' शामिल थे। खास बात यह है कि ये सभी बोतलें हरियाणा बिक्री हेतु थीं। मौके से पकड़े गए मारुति ईको वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। इस मामले में विवेक विहार थाने में एक्साइज एक्ट की धारा ३३ के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। फिलहाल शराब तस्कर और वाहन मालिक की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि त्योहारों से पहले इस तरह की संगठित तस्करी पर कड़ी नजर रखी जा रही है ताकि जिले में कानून-व्यवस्था बनी रहे।

# तेज दिमाग के लिए आयुर्वेदिक सुपर फूड्स विषय पर डीयू में आचारशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू के अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा "तेज दिमाग के लिए आयुर्वेदिक सुपरफूड्स" विषय पर आचारशाला का आयोजन सत्यकाम भवन, सामाजिक विज्ञान विस्तार भवन में किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी ने अपने स्वागत वक्तव्य में "तेज दिमाग के लिए आयुर्वेदिक सुपरफूड्स" विषय की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा अपनी डीएसडब्ल्यू टीम के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि कुलपति प्रो. योगेश सिंह की प्रेरणा से इसका आयोजन किया जा रहा है। मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए सुप्रसिद्ध आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. रीना अरोड़ा (बी.ए.एम.एस.) ने कहा कि पित्त, कफ और वात त्रिदोष का असंतुलन, धातुओं और पाचन तंत्र की कमजोरी तथा विरुद्ध आहार अस्वस्थता के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने दैनिक आहार की शुद्धि और संतुलन को आवश्यक बताते हुए कहा कि सही आहार न केवल शरीर बल्कि मस्तिष्क को भी सशक्त बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकताएँ भिन्न होती हैं और आयुर्वेद में शरीर की परीक्षा करके ही उचित उपचार संभव है। अंत में उन्होंने विद्यार्थियों को सावधान करते हुए कहा कि बिना आयुर्वेदाचार्य से परामर्श कोई भी आहार-विधान अपनाना उचित नहीं है और व्यक्ति को अपनी प्रकृति एवं क्षमता के अनुसार ही जीवन का मार्ग चुनना चाहिए।इसके बाद संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. भारतेन्दु पाण्डेय और वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. मीरा द्विवेदी ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रो. भारतेन्दु पाण्डेय ने कहा, "आचार से हमें दिशा मिलती है। दिशा बहुत महत्वपूर्ण है। सच्ची दिशा देकर आचारशाला हमें सद्मार्ग पर प्रेरित कर रही है। दिशा गलत होने या आचारहीन होने से ही रावण जैसे विद्वान भी विनाश को प्राप्त हुए।" उन्होंने शास्त्रों के उद्धरणों द्वारा धर्म की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। प्रो. मीरा द्विवेदी ने कहा, हमारा आहार ही हमारा आचार है।

# महिला संबंधी अपराध करेंगे तो अपने पैरों पर चल नहीं पाएंगे

## महिला संबंधी अपराधों में लिप्त 207 आरोपियों को एसपी की कड़ी चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानंज्य सिंह ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला संबंधी अपराधों में लिप्त 207 अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई की है। एसपी ने इन अपरा. धियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वे महिला संबंधी अपराध करेंगे तो अपने पैरों पर चल नहीं पाएंगे। यह बयान अपराध के प्रति पुलिस के जीरो टॉलरेंस रुख को दर्शाता है। मेरठ रोड पर स्थित पुलिस लाइन में इन सभी 207 आरोपियों को शपथ दिलाई गई।

उन्होंने वादा किया कि वे महिलाओं के साथ गलत व्यवहार या अपराध नहीं करेंगे, और यदि कोई अन्य व्यक्ति ऐसा करता है तो उसे भी रोकेंगे। यह कार्रवाई शासन के निर्देशों पर मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत की गई। जिन मामलों में ये आरोपी लिप्त थे उनमें बलात्कार, छेड़छाड़ और महिलाओं से जुड़े अन्य अपराध शामिल हैं। पुलिस ने सभी 207 आरोपियों को पकड़कर निरोधात्मक कार्रवाई की है। जिनके खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं, उन्हें पाबंद किया गया है।

एसपी ने यह भी बताया कि शेष बचे आरोपियों के खिलाफ भी यह अभियान चलाया जाएगा। एसपी ने बताया कि कुल 207 अपराधियों में पिलखुवा पुलिस द्वारा 38, गढ़ पुलिस द्वारा 38, बाबूगढ़ पुलिस द्वारा 34, हापुड़ नगर पुलिस द्वारा 22, धौलाना पुलिस द्वारा 16, हापुड़ देहात पुलिस द्वारा 15, हाफिजपुर पुलिस द्वारा 13, सिंभावली पुलिस द्वारा 10, बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा 8 मनचंले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और अपराधियों के मन में कानून का डर पैदा करना है।

# पिलखुवा नगर पालिका ने चलाया सफाई अभियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद पिलखुवा में बड़े उत्साह के साथ स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पालिकाध्यक्ष विभु बंसल, अधिशासी अधिकारी इंदर पाल सिंह, पार्षद वरुण शर्मा, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सबसे पहले पर्यावरण को शुद्ध और स्वच्छ रखने की शपथ ली। शपथ के उपरांत नगरवासियों को जागरूक करने के लिए एक स्वच्छता रैली निकाली गई, जिसमें लोगों से स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। तत्पश्चात शक्ति वन में श्रमदान करते हुए स्फाई अभियान चलाया गया और नागरिकों को स्वच्छ पर्यावरण के महत्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष विभु बंसल ने कहा स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवन जीने की शैली है। स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। नगर पालिका परिषद पिलखुवा इस अभियान को निरंतर गति देती रहेगी और नगरवासियों से अपेक्षा है कि वे अपने घर, गली और मोहल्ले को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। स्वच्छ नगर ही विकसित नगर की पहचान है।

# धौलाना-पिलखुवा रोड पर सड़क हादसे में 12 लोग घायल, 5 की हालत गंभीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार शाम को धौलाना-पिलखुवा रोड पर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक लोहे से भरा अनियंत्रित ट्रक एक इको गाड़ी से टकरा गया और दोनों वाहन सड़क से नीचे खाई में जा गिरे। इस भीषण दुर्घटना में इको गाड़ी में सवार 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें पाँच नन्हे बच्चों की स्थिति भी नाजुक है।

मिली जानकारी के अनुसार इको गाड़ी में सवार परिवार सपनावत मंदिर से दर्शन करके अपने गांव भोजपुर पट्टी, मोदीनगर लौट रहा था। इको गाड़ी के चालक रोहित ने सामने से आ रहे ट्रक से बचने के लिए गाड़ी को साइड में दबाया, लेकिन ट्रक अनियंत्रित होकर टकराया और खाई में जा गिरा। हादसे में कुल 12 लोग घायल हुए हैं। घायलों में चालक रोहित के अलावा, 22 वर्षीय मधु, 25 वर्षीय शीतल 27 वर्षीय मीता, 26 वर्षीय वंदना, 29 वर्षीय प्रिया और पाँच बच्चे 10 माह का अयांश, 2 वर्षीय देवांश, 6 वर्षीय अनिकेत, 6 वर्षीय महिमा और 3 वर्षीय तानावी शामिल हैं। वही चालक रोहित, शीतल, और मीता सहित चार लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बड़े अस्पताल में आगे के इलाज के लिए रेुर किया गया है। अन्य घायलों को धौलाना सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद स्थिर बताया गया है। सूचना मिलते ही थाना धौलाना पुलिस और 108 एम्बुलेंस की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाया और दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया है कि फरार ट्रक चालक की तलाश तेज कर दी गई है और आसपास के सभी मार्गों पर पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। पुलिस ने वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और अनियंत्रित तथा तेज गति से वाहन न चलाने की अपील की है। स्थानीय लोगों ने पुलिस और मेडिकल टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना की, जिससे बड़े नुकसान को टाल दिया गया। यह हादसा सड़क सुरक्षा और वाहन नियंत्रण के महत्व को दर्शाता है।

# श्रम विभाग का बाल श्रम विरोधी अभियान, तीन किशोर चिन्हित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** श्रम विभाग हापुड़ द्वारा पिलखुवा में बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। इस दौरान तीन प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिसमें दो किशोर एवं एक बाल श्रमिक चिन्हित किए गए।

अभियान के दौरान गठित संयुक्त टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी उषा वर्मा, AHTU से लीलाराम मीना, सब-इंस्पेक्टर पवन कुमार और पुलिस कांस्टेबल शामिल रहे। टीम ने संबंधित प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही करते हुए बाल श्रम के विरुद्ध सख्ती का संदेश दिया

# अक्टूबर में संपत्ति कर पर 15 प्रतिशत छूट, समय पर जमा करें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका ने अक्टूबर माह में संपत्ति कर पर 15 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की है। यह छूट उन करदाताओं के लिए है जिन्होंने अब तक अपना कर जमा नहीं किया है। करदाता अपने बकाया कर को नगर पालिका के कर अनुभाग में जमा कर छूट का लाभ उठा सकते हैं। निर्धारित समय समाप्त होने के बाद छूट लागू नहीं होगी। कर निर्धारण अधिकारी ऋचा श्रीवास्तव ने बताया कि करदाता अक्टूबर माह के भीतर अपना कर जमा कर छूट का लाभ अवश्य उठाएं।

# जीएस में 105 वर्षीय महिला का सफल हिप रिप्लेसमेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा स्थित जीएस विश्वविद्यालय एवं हॉस्पिटल ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल के आर्थोपेडिक्स विभाग की टीम ने 105 वर्षीय बुजुर्ग महिला विद्या देवी का जटिल हिप रिप्लेसमेंट ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया। यह सफल ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड योजना के तहत किया गया। ऑर्थोपेडिक्स विभागाध्यक्ष डा. देव त्रषि पांडे, सर्जनरू डा. विशाल कुमार, एनेस्थीसिया विभाग डा. शरद और डा. आंकाक्षा, ओटी टेक्नीशियन फरजान, दीपक, और अजय रहे। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा। मरीज अब स्वस्थ हैं और तेजी से सामान्य जीवन की ओर बढ़ रही हैं। हॉस्पिटल के अनुसार, यह उपलब्धि जिले के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अब मरीजों को उच्चस्तरीय उपचार के लिए दिल्ली या अन्य महानगरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। मेडिकल डायरेक्टर डा. रूपाली शर्मा ने इसे संस्था के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। यह सफलता दर्शाती है कि हापुड़ जैसे स्थानीय क्षेत्रों में भी प्रशिक्षित चिकित्सा टीम के माध्यम से जटिल सर्जरी अब संभव हो गई हैं।

# विधायक ने क्षय रोगियों को वितरित की पोषण पोटली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित सेवा पखवाड़ा के स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अंतर्गत आयोजित शिवि. रों की श्रृंखला में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिलखुवा में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक धर्मेश तोमर द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विधायक धर्मेश तोमर द्वारा शिविर में आए लोगों को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विधायक के कर कमलों से चार आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया और 10 क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। शिविर में आए लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई एवं औषधि वितरण किया गया इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी स्वास्थ्य शिविर के नोडल अधिक. ारी डा राजेश सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिलखुवा के चिकित्सा अधीक्षक डा. शेखर सिंह आयुष्मान भारत योजना के जिला कार्डिनेटर डा. जाहिर एवं जिला पीपीएम कोआर्डिनेटर सुशील चौधरी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### हनुमान का सीता माता मिलन व लंका दहन रामलीला मैदान गूंजा 'जय श्रीराम' के नारों से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित प्रतिदिन की शोभायात्रा में मंगलवार की झांकी में प्रभु श्रीराम व लक्ष्मण जी द्वारा सीता माता की खोज, हनुमान का सीता माता से मिलन और लंका दहन का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया गया। शोभायात्रा रेलवे रोड स्थित लाला शब्बू मल आथौड़ी वालों की धर्मशाला से प्रारंभ होकर रामलीला मैदान पहुँची।

मंच पर वृंदावन से आए स्वामी बृज किशोर शर्मा के कलाकारों ने इन प्रसंगों का जीवंत मंचन किया। विशेष रूप से हनुमान जी का माता सीता से मिलन और लंका दहन की लीला का दृश्य इतना मनमोहक रहा कि मैदान में मौजूद श्रद्धालु करतल ध्वनि और जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठे। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष राजेश मित्तल, मंत्री संदीप जिंदल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गोयल, सुभाष चंद्र गोयल, सुनील गोयल, पवन सिंघल, नवनीत मित्तल, तरंग मित्तल, वीरेंद्र गुप्ता, आशीष मित्तल, केशव शर्मा, विजयपाल रोहिल्ला, मोहित गुप्ता, विपिन कुमार टिल्लू, अमित टॉक और मनोज गर्ग पंसारी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने शोभायात्रा व मंचन में सहयोग दिया।

### सागौन के पेड़ चोरी करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने सागौन के पेड़ो की चोरी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि सिम्भावली थाना क्षेत्र के गांव ढाना निवासी रोहित सिंह द्वारा थाने पर शिकायती पत्र देते हुए बताया गया था कि गत 10 फरवरी की रात्रि में कृषि फार्म में लगे सागौन के दो पेड़ अज्ञात चोर काटकर चोरी कर फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि संबंधित मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस आरोपीयों की तलाश में जुट गई थी। मंगलवार को पुलिस ने मामले में फरार चल रहे एक आरोपी कमल पुत्र रामपाल निवासी गाँव पूरनपुर गढी थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को मिली आत्मरक्षा व सुरक्षा की सीख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मिशन शक्ति 5 अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर कोतवाली क्षेत्र की ज़दीद चौकी क्षेत्र स्थित श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज में एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्राओं को न केवल आत्मरक्षा के तरीके सिखाए बल्कि उन्हें महिला सुरक्षा, कानून की जानकारी, सरकारी योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों और साइबर अपराध से बचाव के बारे में भी विस्तार से बताया। अधिकारियों ने कहा कि आज के समय में हर महिला और छात्रा को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने की आवश्यकता है, ताकि वे किसी भी परिस्थिति में अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें। साथ ही पिंक बूथ और महिला बीट कांस्टेबल की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई, जिससे महिलाएँ अपनी समस्याएँ सीधे साझा कर सकती हैं। आजकल बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए छात्राओं को विशेष रूप से समझाया गया कि सोशल मीडिया का सुरक्षित इस्तेमाल कैसे करें, फर्जी कक्ल और फ्रॉड लिंक से कैसे बचें और धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराएँ। पुलिस टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा के कुछ बेसिक गुर भी बताए, ताकि किसी अप्रिय घटना के समय वे खुद को सुरक्षित रख सकें। अधिकारियों ने यह भी कहा कि आत्मरक्षा का ज्ञान हर छात्रा के लिए उतना ही ज़रूरी है जितना पढ़ाई। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं ने मिशन शक्ति अभियान को बेहद उपयोगी और प्रेरणादायी बताया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त इंस्पेक्टर अवधेश माहौर, चौकी इंचार्ज ज़दीद एसआई प्रवीण कुमार, महिला पिंक बूथ प्रभारी रश्मि यादव, हेड कांस्टेबल आशा सौदे, कांस्टेबल रचना राजपूत, कांस्टेबल सीमा, कांस्टेबल प्रीति सहित समस्त चौकी स्टाफ मौजूद रहा। मिशन शक्ति अभियान का लक्ष्य महिलाओं और बेटियों को न केवल सुरक्षा देना है, बल्कि उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है। प्रदेशभर में इस अभियान के अंतर्गत लगातार कार्यशालाएँ, संवाद सत्र और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक महिलाएँ लाभान्वित हो सकें।

# जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें विशिष्ट अतिथि आशुतोष भल्ला भी शामिल रहे। प्रोत्साहन समिति की बैठक में जिलाधिकारी महोदय ने खिलाड़ी की समस्याएं सुनी और साथ ही उनका निस्तारण किया सरकार के द्वारा खिलाड़ियों के लिए क्या योजनाएं एवं सुविधाएं प्रदान कराई जा रही हैं इसके संदर्भ में माह अक्टूबर में एक वर्कशाप आयोजित करने का निर्देश उप क्रीड़ा अधिक. ारी को दिया। जिसमें जनपद के सभी स्तर के खिलाड़ी एवं सचिव प्रतिभाग करेंगे। इसके साथ ही आशुतोष भल्ला जी के द्वारा स्टेट लेवल के एथलीट को उपकरण की सुविधा प्रदान करने का भी आश्वा. सन दिया एवं खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिक. ारी ,जिला,विद्यालय निरीक्षक, विभिन्न खेलों के सचिव एवं खिलाड़ी आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत किया कन्या पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत डीएम अभिषेक पाण्डेय, एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद हापुड़ के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा के द्वारा दुर्गा अष्टमी के अवसर पर कन्या-पूजन कार्यक्रम का आयोजन सदर विधायक विजयपाल आढ़ती की अध्यक्षता में गढ़ रोड़ स्थित मनोहर रीजेन्सी हापुड़ में आयोजित किया गया। जिसके द्वारा समाज में बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक बदलाव के उद्देश्य से दुर्गा अष्टमी के अवसर पर जनपद के प्रत्येक ब्लॉक व नगर पालिका परिषद में डीएम, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में कन्या-पूजन व उनके लिये प्रसाद, फूड पैकेट आदि वितरण तथा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, खेल, समाज में अच्छा कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को बालिकाओं के लिये लाभप्रद बनाने हेतु महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉनसरशिप आदि की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम का संचालन राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्य शैलजा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, नगर पालिका परिषद कार्यालय तथा पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पंडित दीन दयाल पशु शिविर मेले का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को ग्राम अभीपुर नंगौला विकास खण्ड हापुड़ में पंडित दीन दयाल उपाध्याय शिविर मेला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी हापुड़, डा. ओपी मिश्रा, डा. ओमव. ीर सिंह उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर हापुड, डा. मनोज साहू पशु चिकित्साधिकारी नूरपुर एवं लोकेश कुमार, ग्राम प्रधान अमीपुर नंगौला अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मेले में कुल 285 पशुओं की बाझपन एवं सामान्य चिकित्सा की गई। जिसमें 224 बडे एवं 61 छोटे शामिल थे। मेले में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर हापुड़ द्वारा पशुओं को बदलते मौसम में पशुओं के रख रखाव की जानकारी दी गई। साथ पशुओं को बाहय परजीवी नाशक दवाईयों का वितरण नि:शुल्क किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी जनपद हापुड़ में पशुपालकों को पशुपालन विभाग की योजना की जानकारी से अवगत कराया। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी भी दी गई। पशुपालक गोष्ठी में किलनी एवं चिचंडी से बचाव एवं दवापान की विस्तृत जानकारी पशुपालकों को दी गई एवं गोवंश को निराश्रित ना छोड़ने हेतु किसानों से विनती की गई तथा यह सुझाव भी दिये गये कि पशुओं को बांझपन से कैसे बचाया जाये। पशुओं को हमेशा मिनरल मिक्चर एवं प्रति चार माह पश्चात् पेट के कीडे की दवा खिलाने की अपील की गई ताकि पशु समय से गर्भित हो और अच्छा दूध उत्पादन हो और सड़को एवं खेतों में घूम रहे निराश्रित गौवंश की संख्या भी कम हो।

# पुलिस ने परिजनों से बिछड़ी बच्ची को उसके परिजनों से मिलवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा चलाए जा रहे नारी सुरक्षा अभियान मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्रान्तर्गत रोती-बिलखती घूम रही बच्ची को उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।

हाफिजपुर थाना प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि मंगलवार को एक बच्ची जिसकी उम्र करीब 5 वर्ष थी वह अपने परिजनों से बिछड़कर बुलन्दशहर रोड़ पडाव पर रोती-बिलखती घूमती मिली थी। मिशन शक्ति केन्द्र थाना हाफिजपुर टीम के अथक प्रयासों से बच्ची के परिवारीजनों का पता लगाकर उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में हापुड पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे नारी सुरक्षा अभियान मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बच्ची को परिवारजनों का पता लगाकर उनके सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।






# दुर्गा अष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया, कन्याओं का पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को शारदीय नवरात्र के नवे दिन दुर्गा अष्टमी पर्व धूमधाम एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा अर्चना कर हलवा पुरी, नारियल, चुनरी व श्रृंगार का सामान अर्पित कर परिवार की सुख शांति की प्रार्थना की। देवी मंदिर अटठे वाला में श्रद्धालुओं की भारी भीड लगी। लंबी लंबी लाईनों में लगकर श्रद्धालु महिलाओं व पुरूषों ने माता रानी के दरबार में मत्था टेका और मनोक. ामनाऐं मांगी। कन्याओं को भोजन कराने के पश्चात की श्रद्धालुओं ने व्रत खोला।

मंगलवार को दुर्गा अष्टमी जिसे महाअष्टमी भी कहते हैं शारदीय नवरात्रि के आठवे दिन मनाई गई। कुछ श्रद्धालुओं ने सभी दिन व्रत रखे तो किसी ने पहला और आखिरी व्रत रखा। दुर्गाष्टमी पर सबसे अधिक भीड़ सिद्धपीठ देवी मंदिर मां आठे वाला में रही।

यहां सुबह चार बजे ही काफी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। मां के दर्शन व पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालु महिलाओं व पुरूषों की लंबी लंबी लाईने लगी हुई थी। मंदिर परिसर से शुरू हुई श्रद्धालुओं की लाईन मंदिर ठाकुर द्वारा तक पहुंच गई थी। श्रद्धालुओं ने लाईनों में लगकर माता रानी के दर्शन किए और हलवा-पूरी, नारियल, चुनरी तथा श्रृंगार के सामान चढ़ाकर मन्नतें मांगी। इसके अलावा मंदिर हनुमान धाम, बड़ी माता मंदिर, वैष्णोदेवी मंदिर, चौदस वाला देवी मंदिर समेत तमाम मंदिरों में भी श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मां महागौरी की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया। जिसके बाद व्रत खोला गया। मंदिरों के साथ मोहल्लों में भी महिला कीर्तन मंडली ने भजनों से मां का गुणगान किया।

**सुरक्षा के लिए पुलिस रही तैनात**

**शामली।** मंगनवार को दुर्गा अष्टमी पर्व के अवसर पर पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में शहर के देवी मंदिर अटठे वाला में श्रद्धालु पहुंचे थे। श्रद्धालुओं की भीड को देखते हुए मंदिर के बाहर पुलिस बल भी तैनात किया गया था। विशेष तौर पर माता के मंदिरों पर पुरुष सिपाहियों के साथ महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। जो श्रद्धालुओं की लाईने लगाते नजर आए।



# वैभव लक्ष्मी यंत्र सिद्ध महायज्ञ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** महाराजा अग्रसेन जयंती पर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज शामली द्वारा वैभव लक्ष्मी यंत्र सिद्ध महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसके बाद शहर में महारा. जा अग्रसैन की शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंगलवार को शहर के अग्रसैन बारातघर में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के अध्यक्ष संजय ऐरन ने बताया कि शिरोमणि महाराजा अग्रसेन के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर संस्थान के तत्वावधान में बुधवार को महाराजा अग्रसेन भवन, हनुमान धाम में भव्य वैभव लक्ष्मी यंत्र सिद्ध महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 2100 यंत्रों का शुद्धिकरण एवं 11 यजमानों द्वारा पूजन होगा। जिसके बाद मंदिर हनुमान स्थित अग्रसैन बारातघर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कहा कि इस अद्वितीय आयोजन में 2100 वैभव लक्ष्मी यंत्रों का शुद्धिकरण एवं पूजन एवं महायज्ञ के यजमान चेयरमैन अरविन्द संगल व मीनू संगल होगे। अन्य प्रमुख यजमानों में अमन बंसल, रोहित गर्ग, श्रवण संगल, सचिन मित्तल, रजत गर्ग, शुभम संगल, अमित गर्ग, आदि सम्मिलित होगे।




महायज्ञ उपरांत वैभव लक्ष्मी यंत्रों को प्रसाद स्वरूप महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा में उनके दिव्य रथ से वितरण किया जाएगा। उन्होने बताया कि शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो से निकाली जाएगी। यह यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन से प्रारंभ होकर वीवी इंटर कॉलेज रोड, कबाड़ी बाजार, बड़ा बाजार, गांधी चौक, भिक्की मोड़, गांधी गंज मंडी, रेलवे रोड, बिजली घर रोड से होते हुए अग्रसेन पार्क पर सायं सम्पन्न होगी। तत्पश्चात रात्रि 9 बजे महाराजा अग्रसेन की भव्य आरती सम्पन्न होगी।

इस अवसर पर संजय ऐरन, राज. ेंद्र गर्ग, वैभव प्रकाश गोयल, मनोज गर्ग, कृष्ण कुमार गोयल, अशोक गोयल, संदीप मित्तल, राकेश गर्ग, विशाल गुप्ता, सचिन मित्तल, विवेक बंसल, अखिल तायल, राहुल कुच्छल, कपिल जिंदल, सक्षम संगल, राधेश्याम संगल, अनुराग गोयल, राकेश कुच्छल मौजूद रहे।

# जीवन का वास्तविक लक्ष्य धर्मात्मा बनना

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में मंगलवार को 108 विव्रत सागर मुनिराज ने धर्मसभा को संबोधित किया। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि हर जीव पाप से बचना और पुण्य कमाना चाहता है, लेकिन जीवन का वास्तविक लक्ष्य 'धर्मात्मा' बनना है। धर्म न तो पाप है और न ही केवल पुण्य, बल्कि आत्मा को धर्मात्मा बनाने का साधन है। उन्होंने कहा कि वंदन, पूजन, प्रवचन में आना, ध्यान करना आदि कर्म प्राय: पुण्य की भावना से किए जाते हैं, लेकिन पुण्य का फल क्षणभंगुर होता है और अंतत: दुख का कारण बन सकता है। इसके विपरीत धर्मात्मा बनने से आत्मिक शांति और स्थाई सुख की प्राप्ति होती है। मुनिराज ने बताया कि सांस लेना, भोजन करना या पानी पीना जैसी साधारण गतिविधियां भी सूक्ष्म जीवों की हिंसा का कारण बनती हैं। इसलिए पानी को हमेशा दो. हरे कपड़े से छानना चाहिए, ताकि असंख्य जलजीवों की रक्षा की जा सके। उन्होंने प्लास्टिक के पेड़ लगाने या ठीक से पानी न छानने जैसी दिखावटी प्रथाओं की आलोचना करते हुए कहा कि ए केवल दिखावा हैं, वास्तविक लाभ नहीं देतीं। उन्होंने दान देने में पात्रता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। मुनिराजों को दान देने से सर्वोत्तम फल मिलता है, संयमी श्रावकों को दान देने से मध्यम फल, साधारण गृहस्थों को दान देने से जघन्य फल, जबकि भेषधारी ढोंगी साधुओं को दान देने से दु:खमय जन्म प्राप्त होता है। आम लोगों को दान देने से फल की प्राप्ति नहीं होती, बल्कि कर्म बंधन होता है। मुनिराज ने कहा कि भोजन बनाते समय शुद्ध भावना रखनी चाहिए। इस अवसर पर अनिल जैन, ममता जैन, सम्यक जैन, अरुण जैन, ममलेश जैन, रेशु जैन आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### छात्रा बनी थाना प्रभारी, जनसुनवाई कर जीता दिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के मोहल्ला खेल निवासी एवं कस्बे के चंदनलाल नेशनल इंटर कॉलेज की 11वीं क्लास की छात्रा एक दिन की कोतवाल बनाई गई।छात्रा प्रभारी ने थाने पर जनसुनवाई की थाने के समस्त स्टाफ ने गुलदस्ता भेटकर उन्हें अग्रिम शुभकामनाएं दी। नगर के मोहल्ला खेल निवासी अरविंद सैनी की पुत्री अनुष्का सैनी कस्बे के चंदनलाल नेशनल इंटर कॉलेज में 11वीं क्लास की छात्रा है। मंगलवार को छात्रा अनुष्का सैनी ने एक दिन के लिए थाना प्रभारी की जिम्मेदारी संभाली। महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित इस पहल ने जहां बेटियों के आत्मविश्वास को नई उड़ान दी, वहीं उपस्थित लोगों का दिल भी जीत लिया।अनुष्का ने थाना प्रभारी की कुर्सी पर बैठते ही पूरी गंभीरता से जनसुनवाई की। इस दौरान एक शिकायत थाना कार्यालय पर पहुंची, जिसका निस्तारण छात्रा प्रभारी ने समझदारी और धैर्य से किया। उनके साथ वास्तविक थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार, सीनियर सब इंस्पेक्टर सुभाष सिंह और महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहीं।अनुष्का ने कहा कि इस तरह का अवसर लड़कियों के आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देता है। थाना प्रभारी की कुर्सी पर बैठकर उन्हें अहसास हुआ कि यह जिम्मेदारी कितनी बड़ी और चुनौतीपूर्ण होती है। इस मौके पर थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### कोतवाली प्रभारी बनी छात्रा मुस्कान, महिला की समस्या का कराया समाधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान को एक दिन के लिए कैराना कोतवाली का प्रभारी बनाया गया। इस दौरान मुस्कान ने न केवल थाने का निरीक्षण किया, बल्कि एक महिला फरियादी की समस्या का समाधान भी कराया। मंगलवार को बीएससी फाइनल वर्ष की छात्रा मुस्कान को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री द्वारा औपचारिक रूप से एक दिन का कार्यभार सौंपा गया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद मुस्कान ने थाने के विभिन्न विभागोंकृकंप्यूटर कक्ष, जीडी कार्यालय, मालखाना आदिकृका निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान कैराना निवासी एक महिला रूपाली अपनी समस्या लेकर थाने पहुंची, जिसकी शिकायत पर एक दिन की प्रभारी मुस्कान ने तत्परता दिखाते हुए समाधान कराया। मुस्कान की सक्रियता और व्यवहार को देखकर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उसकी सराहना की। इस अवसर पर मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी निरीक्षक पिंकी गोस्वामी, अपराध निरीक्षक योगेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक शिल्पी चौधरी, कांस्टेबल ज्योति, कांस्टेबल रविता यादव सहित कोतवाली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# भाजपा की बैठक में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर दिया जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** भाजपा कार्यालय में मंगलवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री पुनीत द्विवेदी एवं अनुराग शर्मा उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता नगर अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन ने की।बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री पुनीत द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार आत्मनिर्भरता पर बल देते रहे हैं।गो वोकल फॉर लोकल का संदेश पूरे देश में गूंज रहा है और इसे नीति एवं आर्थिक क्षेत्र में प्रमुखता से अपनाया जा रहा है।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे।पी। नड्डा के आह्वान पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत नागरिकों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने और स्वदेशी जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने की अपील की गई है। इस अभियान के अंतर्गत चार महीने तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।नगर अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन ने कहा कि त्योहारों के मद्देनजर इस अभियान को आम जनता से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। दुर्गा पूजा और गरबा महोत्सव के दौरान आत्मनिर्भर भारत थीम वाले बैनर और स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाने पर चर्चा हुई।

वहीं, दीपावली पर विदेशी सामानों के स्थान पर स्वदेशी लाइटिंग व सजावटी वस्तुओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

बैठक में डॉ. रामकुमार शर्मा, राजीव शर्मा, नगर उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन, सुधा तोमर, नगर महामंत्री अशोक चौहान, दीपक गुप्ता, सादिक जंग, रविंद्र कश्यप, देवी चंद बिरला, कृष्णपाल चौहान सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# गन्ना अर्थव्यवस्था में सुधार व विकास पर हुई राष्ट्रीय कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर के एपी शिंदे हाल में गन्ना अर्थव्यवस्था में सुधार एवं विकास को लेकर महत्वपूर्ण कार्य योजना तैयार करने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें शामली के गांव भैंसवाल निवासी प्रगतिशील किसान उमेश कुमार ने अपने सुझाव दिए।

उन्होने बताया कि राष्ट्रीय कार्यशाला में गन्ना किसान, उद्योग प्रतिनिधि, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय सहकारी महासंघ के सदस्य, कृषि वैज्ञानिक तथा खाद्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवरात्रि सिंह चौहान ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि कार्यशाला में तय किए गए सार्थक बिंदुओं को आगामी कृषि नीति में शामिल किया जाएगा। देशभर से प्रगतिशील किसानों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। शामली के गांव भैंसवाल निवासी उमेश कुमार और हरदोई के अनुराग शुक्ल, हरियाणा से जगबीर सिंह तथा पंजाब से अवतार सिंह शामिल हुए। कृषि वैज्ञानिकों ने मशीनरीकरण, नए बीज नीति, एआई तकनीक, खाद-बीज-दवाइयों के प्रभावी उपयोग और किसानों की आय बढ़ाने पर सुझाव रखे। किसान उमेश कुमार ने कहा कि गन्ने की फसल से चीनी के अलावा एथनोल, सीबीजी, गैस उत्पादन एवं बायो-कम्पोस्ट खाद जैसे उत्पादों की छोटी इकाइयां विकसित की जाएं। उन्होंने सुझाव दिया कि ए इकाइयां निकट दूरी पर स्थापित हों, जिससे कच्चे माल की ढुलाई लागत कम हो सके और किसानों को अधिक लाभ मिल सके।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** दीपावली के त्योहार पर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए झिंझाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए गांव टपराना में अवैध पटाखा फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। पुलिस ने आबादी के बीच बने एक खंडहरनुमा मकान पर छापा मारकर भारी मात्रा में कच्चा माल और पटाखे बनाने के उपकरण बरामद किए।

पुलिस के अनुसार त्योहारों के दौरान पटाखों की बढ़ती मांग को देखते हुए कुछ लोग अवैध रूप से पटाखे बनाने और बेचने का धंधा कर रहे हैं, जो न केवल कानून के खिलाफ है बल्कि आसपास रहने वाले लोगों की जान और संपत्ति के लिए भी खतरा बन सकता है। छापेमारी के दौरान मौके से कोई आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका, लेकिन फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आबादी के बीच पटाखा निर्माण होना बड़ी दुर्घटना को न्योता देने जैसा है। समय रहते पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में संभावित हादसे को टाला गया है। पुलिस ने बरामद सामग्री को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

## बिंदल शुगर मिल में कांटों का पूजन

**चांदपुर।** बिंदल षुगर मिल चांगीपुर द्वारा नवीन गन्ना पेराई सत्र 2025-26 की तैयारी पूर्ण करते हुए आज कांटों की पूजा पाठ कार्यक्रम हुआ। जिसमें वाहय क्रय केन्द्रों पर गन्ना खरीद करने हेतु कांटों को स्थापित कराने का कार्य प्रारम्भ कराया गया। यह जानकारी देते हुए मिल के मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह ने बताया कि आज मिल परिसर में कांटों की पूजा पाठ का कार्य चीनी मिल के उपाध्यक्ष (गन्ना) जितेन्द्र मलिक द्वारा सम्पन्न किया गया। इस पुनीतावसर पर चीनी मिल के अध्यक्ष शशिा गुप्ता, पवन गुप्ता, सतेन्द्र गिरी, इन्द्रवीर सिंह, जोगेन्द्र आदि रहे।




# ट्रैक्टर ट्राली में डीसीएम चालक ने मारी टक्कर, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव पंजखोरा में ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से डीसीएम सवार ने टक्कर मार दी।। टक्कर लगने से ट्रैक्टर चालक किसान घायल हो गया। घायल किसान को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। टक्कर लगने के बाद चालक डीसीएम छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। थाना क्षेत्र के गांव डांगरौल निवासी किसान जयप्रकाश मंगलवार को ट्रेक्टर लेकर शामली गया हुआ था। किसान दोपहर बाद शामली से नई बुग्गी खरीदकर ट्रेक्टर में जोड़कर वापस अपने गांव लौट रहा था। पीड़ित किसान जैसे ही दिल्ली-सहारनपुर हाइवे पर गांव पंजोखरा के बस स्टैंड पर पहुंचा, तो पीछे से आ रहे डीसीएम चालक ने बुग्गी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ट्रेक्टर ट्राली सड़क पर पलट गई, और चालक घायल हो गया। टक्कर लगने के बाद चालक डीसीएम सड़क किनारे साइड में खड़ा कर फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस चालक को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बुग्गी को हटवाकर सड़क किनारे खड़ा करवाया। घायल किसान को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पीड़ित किसान के परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं।चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर गंभीरा अवस्था में जिला अस्पताल रेपर कर दिया खबर लिखे जाने तक मामले में थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई।

## मां कालंद्री देवी की शोभायात्रा निकाली

**मंडावर।** दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर सनातन धर्मशाला मंदिर से मां कालंद्री देवी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा मौहल्ला बाजार मंगल, फरासटोली, पीतम गेट, बस स्टैंड, बाल्मीकि बस्ती, अंबेडकर चौक, बाजार कला, झंडा पार्क और जुगाड अड्डा होते हुए प्राचीन कालंद्री मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में सचिन अग्रवाल, सुनील पाल मनोहरिया, विपुल गुप्ता, रजनीश शर्मा, वासुदेव शर्मा, बॉबी सक्सेना आदि रहे।

## व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी सुनील पुत्र मोहकम सिंह ने थाने पर तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सुनील ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पिछले कई दिनों से उसके मोबाइल नंबर पर किसी अज्ञात व्हाट्सएप आईडी से लगातार मैसेज आ रहे हैं। इन मैसेजों में उसे गाली-गलौज किया जा रहा है और अपमानित करने वाले शब्द लिखे गए हैं। इतना ही नहीं, पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने धमकी दी है कि अगर उसने इस मामले की शिकायत की तो उसे जान से मार दिया जाएगा।धमकी भरे संदेशों से पीड़ित व उसका परिवार सहमे हुए हैं। परिवार के लोगों का कहना है कि वे भय के साए में जी रहे हैं पीडित ने पुलिस से गुहार लगाई है कि आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ा जाए ताकि उसकी व परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। पुलिस ने मामला मे संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मोबाइल नंबर और व्हाट्सएप मैसेज की जांच कराई जा रही है। साइबर सेल की मदद से आरोपी की पहचान की जाएगी। पुलिस ने पीड़ित को आश्वासन दिया है कि मामले में दोषी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# कुछ मिनट की बारिश से हाईवे हुआ जलमग्न

## गर्मी से लोगों को मिली राहत, अचानक हुई मूसलधार बारिश से किसानों को हुई टेंशन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार की सुबह हुई कुछ मिनट की बारिश से दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर सिसाना गांव के पास जलभराव हो गया। इससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, इस बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है, लेकिन किसानों की धान की फसल को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है।

सिसाना गांव के समीप हाईवे पर दोनों ओर पानी भर जाने से जाम जैसी स्थिति बन गई। कई वाहन चालक अपने वाहनों को धक्का लगाते हुए या रेंगते हुए नजर आए। स्थानीय लोगों ने पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या न हो। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। सुबह का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस था,

जो बारिश के बाद घटकर 25 डिग्री सेल्सियस हो गया। इस तरह तापमान में 7 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। एक ओर जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई है।

धान की फसल पूरी तरह पककर तैयार है और ऐसे में बारिश से फसल को नुकसान पहुंचने की संभावना है। स्थानीय लोगों ने दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर बार-बार होने वाले जलभराव से निजात दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि हर बरसात में यह समस्या आती है,

जिससे वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों को कठिनाई होती है। अधिकारियों ने राहत कार्य शुरू कर दिया है।

## चोरों ने की मकान का ताला काटकर लाखों के जेवरात व नकदी चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** बोपुरा गांव में एक मकान का ताला काटकर अज्ञात चोरों ने लाखों की नगदी और जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर चोरों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

बोपुरा निवासी कासिम पुत्र दीन मोहम्मद का मकान बाहरी छोर पर है। मकान में तीन कमरे है। बताया कि कासिम अपनी पत्नी मुर्सलीना, बेटी फरीन के साथ एक कमरे में सोने चले गए थे। जबकि बराबर में बने दो कमरों में घर का सामान रहता है, जब वह सोकर उठे तो देखा कि दोनों कमरों की कुंडी एवं ताला कटा हुआ तथा दरवाजा खुला मिला। जब कमरे में देखा तो सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। चोरों ने घर की अलमारी एवं संदूक में रखे एक लाख 65 हजार रूपए, सोने के दो कड़े, अंगूठी, चार तबीजी, हंसली, चांदी की दो जोड़ी पाजेब, नथली, गले का हार चोरी गया मिला। सोने चांदी के जेवरात की कीमत करीब चार लाख रुपए बताई गई है। स्वजन ने इसकी सूचना दोघट पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है। वहीं पीड़ित कासिम ने दोघट। थाने पर घटना की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं थानाध्यक्ष दोघट सूर्यदीप सिंह का कहना है कि मामले की तहरीर आई है जांच कर कार्रवाई कराई जाएगी।

## जिलाधिकारी ने किया स्टांप व बहुमूल्य वस्तुओं के कार्यों का अर्द्धवार्षिक सत्यापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में स्टांप एवं बहुमूल्य वस्तुओं के कार्यों का अर्द्धवार्षिक सत्यापन किया। इस प्रक्रिया के तहत कोषागार में रखी गई सरकारी संपत्तियों, स्टांपों एवं अन्य बहुमूल्य दस्तावेजों की गहन जांच की। सत्यापन के दौरान जिलाधिकारी ने कोषागार के रिकॉर्ड की जांच की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दस्तावेजों और बहुमूल्य वस्तुओं का सही ढंग से संधारण किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि कोषागार में सुरक्षा के उच्चतम मानकों का पालन किया जाए और नियमित निरीक्षण किए जाएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, वरिष्ठ कोषागार अधिकारी मनीष कुमार सिंह कोषागार वरिष्ठ सहायक रामनाथ सहित उपस्थित रहे।

## संस्कृति पब्लिक स्कूल में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा.वीरेंद्र कुमार, प्रोफेसर एवं हैड ऑफ एफएमटी, एनसीआर इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंस मेरठ, प्रोफेसर संजय कुमार शर्मा, डायरेक्टर एवं डीन, गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा, प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य दिल्ली मनोज शर्मा एवं प्रधानाचार्य दिल्ली हिमांशु शेखर शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

विज्ञान प्रदर्शनी में लगभग पचास मॉडल विधार्थियों ने बनाये थे जिनमें से अधिकांश वर्किंग मॉडल थे। सभी विधार्थियों का प्रस्तुतीकरण अद्भुत था जिसकी सभी ने प्रशंसा की। विधार्थियों और स्टाफ द्वारा की गई मेहनत विज्ञान प्रदर्शनी में स्पष्ट दिखाई दे रही थी। विधार्थियों में गजब का आत्मविश्वास था और वे सभी प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। अभिभावक भी अपने बच्चों की उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे थे तथा समस्त स्टाफ की प्रशंसा कर रहे थे। प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि उनके आने से विधार्थियों का मनोबल बढ़ा है और उन्हें और अधिक अच्छा करने की प्रेरणा मिली है। इस अवसर पर माधवी, सुरेखा, नीतू, दिव्या, नेहा, शालिनी, प्रीति, अंजलि आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### भागवत कथा सुनने से प्रत्येक जीव का होता है कल्याण :महाराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बामनौली।** गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास सत्यदेव महाराज कहा कि भागवत की कथा सुनने से प्रत्येक जीव का कल्याण होना निश्चित है, यह भागवत वेद रूपी कल्पवृक्ष का पका हुआ फल है, जिसका अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए। कथा में रास पंचाध्यायी की कथा श्रवण कराई गई। जिसे भागवत का प्राण कहा जाता है। भगवान श्रीकृष्ण ने सभी गोपियों संग महारास रचाया है, यह लीला काम पर विजय सिद्धि प्रदान करती है। भगवान कृष्ण वृंदावन से मथुरा आएं हैं, मथुरा में आकर भगवान ने कुब्जा को तारा है और राक्षस कंस का वध किया। संतो और ब्राम्हणों की रक्षा के लिए भगवान कृष्ण मथुरा छोड़कर द्वारका आए और द्वारका नगरी का निर्माण कर द्वारकाधीश कहलाए और यहीं भगवान ने रुक्मिणी से विवाह किया। भगवान के चरित्रों का श्रवण करने से चित्त की शुद्धि होती है और आनंद की प्राप्ति होती है। इस मौके पर पुष्पेंद्र तोमर, सहदेव सिह, नीरज, संदीप, योगेंद्र सिंह, कुलदीप तोमर आदि मौजूद रहे।

## सभी चिकित्सक मरीजों और उनके परिजनों से करे अच्छा व्यवहार:डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य समिति एवं शासन निकाय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपात स्थिति में आने वाले किसी भी मरीज को आधार कार्ड या अन्य दस्तावेज के अभाव में उपचार से वंचित न किया जाए। सभी को समय से उपचार उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति के कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ जनपद में जगह-जगह मानसिक स्वास्थ्य कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी व्यक्तियों तथा पेंशनधारकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं और कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। आशा कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने और उनका लंबित भुगतान तत्काल करने के आदेश दिए गए। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराने तथा प्रसूता को 48 घंटे तक साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रुकवाकर देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कुपोषित, अति कुपोषित बच्चों को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कर विशेष देखभाल करने और परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुष व महिला नसबंदी को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला. धिकारी ने विकासखंड बागपत की सभी ग्राम पंचायतों में सरकारी भवनों पर कैंप लगाने के निर्देश दिए। चिन्हित विरोधी परिवारों के बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण करने और बुखार के मामलों में अनिवार्य रूप से टेस्ट कराकर ही दवा देने को कहा। पोस्टमार्टम हाउस की समीक्षा के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश व्यवस्था एवं रोस्टर अनुसार डयूटी की सुनिश्चितता के निर्देश दिए। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी मरीजों और उनके परिजनों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखते हुए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## दलदल में फंसे गौवंश को निकाला बाहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के निनाना गांव में एक बेसहारा गौवंश दलदल में फंस गया। स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिलकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों ने पहले स्वयं प्रयास किया, लेकिन सफलता न मिलने पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को इकट्ठा किया। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर करीब एक घंटे तक कड़ी मशक्कत की। बाद में जेसीबी की सहायता से गौवंश को दलदल से बाहर निकाला जा सका। उसे प्राथमिक उपचार दिया गया और एक सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया। इस बचाव अभियान के लिए स्थानीय लोगों ने पुलिस की सराहना की है। पुलिस ने भी ग्रामीणों के सहयोग की प्रशंसा करते हुए लोगों से सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

## बैठक में 45 लाख रुपये का प्रस्ताव पास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** नगर पंचायत दोघट कार्यालय में आयोजित बोर्ड बैठक में सड़क एवं पेयजल व्यवस्था आदि दुरुस्त कराने के अनुमानित 45 लाख रुपए के प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास कराए गए। बैठक में स्वच्छता एवं प्रकाश व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। नगर पंचायत दोघट कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष संगीता पंवार की अध्यक्षता में हुई। बोर्ड बैठक में नगर की सफाई व्यवस्था एवं प्रकाश व्यवस्था आदि दुरुस्त रखने पर जोर दिया गया। नगर की सड़के गढ्ढा मुक्त रखने, हैंडपंपों की मरम्मत, नलकूपों का जीर्णोद्वार के लिए विशेष बजट का प्रावधान रखा गया। त्योहारों को देखते हुए मार्ग प्रकाश व्यवस्था, सफाई, स्ट्रीट लाइट लगवाने पेयजल आपूर्ति सुचारु रखने आदि पर अमूमन 45 लाख रुपए की लागत के प्रस्ताव पास कराए गए। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर बागपत एवं अधिशासी अधिकारी अमरचंद वर्मा, सभासद अमित पंवार, अंकित पंवार, संदीप पंवार, अमित कुमार, सहदेव, सुरेंद्र, सतेंद्र, संगीता, वरिष्ठ लिपिक विनोद कुमार, दीपक सोलंकी आदि मौजूद रहे।

## बेटियाँ बोझ नहीं, बल्कि परिवार और समाज की है शक्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल मिशन शक्ति 5.0 के तहत मंगलवार को जनपद के 995 आँगनवाड़ी केन्द्रों पर एक साथ कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं का पूजन कर उन्हें उपहार स्वरूप गिफ्ट प्रदान किए गए एवं सामूहिक भोजन कराया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति समाज और राष्ट्र की आधारशिला है। सरकार लगातार महिलाओं और बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं स्वावलंबन के लिए ठोस कदम उठा रही है। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या विवाह अनुदान योजना जैसी योजनाओं से बेटियों को शिक्षा, पोषण, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर प्रोत्साहन मिल रहा है। कन्या पूजन कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बेटियाँ बोझ नहीं, बल्कि परिवार और समाज की शक्ति हैं। महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जोड़ते हुए प्रदेश को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नए आयाम देने का लक्ष्य है। अधिकारियों ने कहा कि आँगनवाड़ी केन्द्र न केवल बच्चों के पोषण और शिक्षा का आधार हैं बल्कि महिलाओं और बालिकाओं की प्रगति का सशक्त मंच भी हैं।

## माधवी बनी एक दिन की खेकड़ा सीएचसी प्रभारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दस दिवसीय मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत मंगलवार को एक छात्रा को खेकड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एक दिन का प्रभारी बनाया गया। विद्या भवन पब्लिक स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा माधवी ने इस दौरान सीएचसी की कार्यप्रणाली को समझा और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया।

छात्रा ने मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने दवाइयों, रेबीज और टीटी इंजेक्शन जैसे स्टॉक की उपलब्धता की जानकारी ली। इसके साथ ही, उन्होंने स्टाफ से मिलकर उनकी समस्याओं को समझा और प्रशास. निक व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संचारी रोग और कुष्ठ रोगों से संबंधित जानकारी ली। माधवी ने जच्चा-बच्चा केंद्र का सघन निरीक्षण किया और ऑपरेशन से जन्मे बच्चों व उनकी माताओं के स्वास्थ्य की जांच की। इसके अलावा, उन्होंने स्वच्छ पेयजल, विद्युत और जनरेटर जैसी सुविधाओं की समीक्षा भी की। सीएचसी प्रभारी का दायित्व निभाने के बाद माधवी ने कहा कि यह अनुभव उनके लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इससे उन्हें भविष्य में समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। मिशन शक्ति 5.0 का उद्देश्य बालि. काओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें नेतृत्व व प्रबंधन की वास्तविक जिम्मेदारियों से परिचित कराना है।

## नवरात्रि पर्व के अवसर पर कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत मंगलवार को जनपद के वन स्टॉप सेंटर पर नवरात्रि पर्व के अवसर पर कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद वितरण एवं उपहार प्रदान किए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि नारी स्वस्थ नारी से ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज का निर्माण होता है। प्रधानमंत्री के संदेश को आत्मसात करते हुए प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने हेतु कृत संकल्पित है। इस दौरान बालिकाओं एवं महिलाओं को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विशेष रूप से कन्याओं को जन्म से विवाह तक जोड़ने वाली योजनाओं, छात्रवृत्ति, पोषण, सुरक्षा तथा स्वरोजगार से संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी साझा की गई। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में साथ ही छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवाएं 112 चाइल्डलाइन 1098 स्वास्थ्य सेवा 102, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आदि) तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच बैड टच, घरेलू हिंसा व साइबर अपराधों के बारे में हेल्पलाइन नंबर 1930 सहित कानूनी प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले में निरंतर जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि महिलाएं और बालिकाएं समाज में आत्मनिर्भर बनकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आलम व पुत्रवधू हिना से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

बाबू पुत्र इमामुदीन निवासी ग्राम पांची थाना चांदीनगर जनपद बागपत।

## ब्लैक फिल्म वाहन चालकों के काटे चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों को रोककर वाहनों पर लगे जातिगत स्टीकरों एवं ब्लैक फिल्म वाले वाहनों के चालान काटे गए। वाहनों पर लगे स्टीकर व ब्लैक फिल्म को हटाया। टीआई सत्येंद्र सिंह व ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज अशोक कुमार हरेंद्र सिंह कांस्टेबल आदि नहीं दिल्ली बस स्टैंड बडौत में अभियान चलाकर काली फिल्म को वाहनों से हटवाया। इस मौके पर टीआई सत्येंद्र सिंह व ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज अशोक कुमार हरेंद्र सिंह कांस्टेबल ने बताया कि यह अभियान कोर्ट के आदेश पर चलाया जा रहा है। एडिशनल एसपी प्रवीण चौहान के दिशा निर्देश अनुसार यह अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को सैकड़ो वाहनों से काली फिल्म जातिगत स्टीकर हटाए गए। इस अभियान में ट्रैफिक पुलिस का सहरानिय कदम बताया जा रहा है।

## अवंतिका बनी एक दिन की बडौत एसडीएम और आशी बनी नगर पंचायत ईओ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जनपद की लॉर्ड महावीर इंटर कॉलेज की छात्रा कुमारी अवंतिका को एक दिन के लिए बड़ौत तहसील का सांकेतिक उपजिलाधिकारी बनाया गया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भावना सिंह ने बताया कि इसका उद्देश्य बालिकाओं में शिक्षा के प्रति आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें समाज निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना है। कुमारी अवंतिका ने एक दिन के सांकेतिक उपजिलाधिकारी के रूप में कार्य करते हुए तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली को समझा और आम नागरिकों से संवाद भी किया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि सशक्त नारी ही सशक्त देश की आधारशिला है। मिशन शक्ति अभियान का लक्ष्य बालिकाओं व महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वालंबन की दिशा में प्रोत्साहित करना है। सरकार की मंशा है कि प्रत्येक बालिका अपने सपनों को साकार करे और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं और बालिकाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं शैक्षिक अवसरों के बारे में जानकारी दी गई, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर समाज में अग्रणी भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर तहसीलदार श्वताव सिंह सहित आदि अधिकारियों ने सांके. तिक उपजिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। नगर पंचायत अग्रवाल मंडी टटीरी में आशी को 1 दिन का सांकेतिक अधिशासी अधिकारी बनाया गया। इससे कन्याओं के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और देश के सेवाओं में योगदान देंगे।

# सिवाल की सियासत में बिछने लगा प्रत्याशियों का जाल...

## 2027 के मिशन को लेकर मैदान में उतरे कई चेहरे, कई आने बाकी

**शाहवेज खान/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** मिशन 2027 को लेकर उत्तर प्रदेश में सियासी बिसात बिछनी शुरू हो गई है। कहीं धर्म के नाम पर तो कहीं जाति के नाम पर प्रत्याशी मैदान में उतरते हुए दिखाई दे रहे हैं। कोई पार्टी से हरी झंडी की बात कह रहा है तो किसी को उम्मीद है कि अन्तिम चरण में वही मैदान में पार्टी की कमान संभालेगा। मेरठ की सिवाल खास विधानसभा जो हमेशा से बेहद खास मानी जाती है वहां पर 2027 को लेकर अभी से संभावित प्रत्याशियों ने अपना सियासी जाल बिछाना शुरू कर दिया है। यहां पर रालोद से मौजूदा विधायक गुलाम मोहम्मद दो बार के विधायक हैं। पूर्व में वह समाजवादी पार्टी से और इस बार रालोद से विधायक हैं। हिंदू और मुसलमान सभी वर्गों में उनकी पकड़ है और वह अपने काम के बल पर मैदान में हैं।

सूत्रों की माने तो वह 2027 के चुनाव में भी विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे और बड़े चेहरों को टक्कर देंगे। इसी के साथ रालोद से ही रणबीर दहिया मैदान में अपनी आमद दर्ज करा चुके हैं। उनका कहना है कि वह यहां पर एक बड़ा संदेश लेकर आए हैं। वह क्षेत्र में घूम-घूम कर रालोद को मजबूत कर रहे हैं। अब तक वह 76 गांव का दौरा कर चुके हैं। उनका कहना है कि उन्होंने अब तक 5000 नए सदस्य विधानसभा में बना दिए हैं और वह 2027 के चुनाव में सियासी चेहरा बनेंगे। इसी के साथ सिवाल खास विधानसभा में बसपा से चुनाव लड़ चुके नदीम चौहान हैं जो यहां पर 40 हजार से अधिक वोट प्राप्त कर चुके हैं। वह बीते एक साल से समाजवादी पार्टी का संदेश लेकर गांव-गांव घूम रहे हैं। वह मुस्लिम समाज के साथ-साथ सैनी, जाट, गुर्जर, बनिया पंजाबी और दलित समाज में अपनी पेठ जमा रहे हैं ताकि 2027 के चुनाव में वह समाजवादी पार्टी की नैया पार लगा सकें। वह भी एक बड़ी उम्मीद के साथ बीते एक साल से सियासत में फिर से अपनी किस्मत आजमाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। वहीं पूर्व में रालोद के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रह चुके वसीम राजा भी अब मैदान में दिखाई दे रहे हैं। वह मौजूदा वक्त में समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर चुके हैं और अखिलेश यादव का संदेश लेकर मैदान में कूद चुके हैं। उनका कहना है कि टिकट की दौड़ से ज्यादा वह समाजवादी पार्टी को सिवाल खास में मजबूत देखना चाहते हैं। टिकट का निर्णय तो अन्त में होगा लेकिन उससे पहले समाजवादी पार्टी को घर-घर तक मजबूत बनाना है और इसी रणनीति के तहत वह 2027 के मिशन को भुनाने में लगे हैं। भाजपा की तरफ से मनिंदर पाल एक बार फिर लोगों से संपर्क साध रहे हैं। इसी के साथ-साथ भाजपा से समाजसेवी और भारतीय मतदाता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदेश फौजी भी मैदान में दावेदारी को तैयार हैं। वह बीते कई साल से क्षेत्र में मेहनत कर रहे हैं और मतदाताओं को मतदान करने के लिए भी प्रेरित करते आ रहे हैं। सिवालखास विधानसभा में आदेश फौजी बीते कई साल से अपने काम के बल पर अपना नाम कमा रहे हैं। हालांकि भाजपा से एक बड़ा चेहरा भी सिवाल खास विधानसभा से टिकट की दावेदारी कर रहा है। उम्मीद लगाई जा रही है कि वह यहां पर भाजपा से टिकट लेने में कामयाब भी हो सकते हैं क्योंकि वह जाट समाज से हैं और भाजपा से बड़ा चुनाव भी एक बार जीत चुके हैं। इसी के साथ-साथ कई ऐसे चेहरे भी हैं जो चुनावी मैदान में आने की तैयारी कर रहे हैं जिनकी एंट्री 2026 में दिखाई देगी।



गुलाम मौहम्मद | रणबीर दहिया | नदीम चौहान



वसीम राजा | मनिंदर पाल | आदेश फौजी

### भगवान वाल्मीकि जयंती पर अवकाश घोषित करने पर मुख्यमंत्री को सौंपा धन्यवाद पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह के मेरठ आगमन के दौरान सर्किट हाउस में भगवान वाल्मीकि जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पुन: अवकाश घोषित किए जाने को लेकर प्रभारी मंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री को आभार धन्यवाद पत्र सौंपा गया। इस निर्णय से वाल्मीकि समाज में हर्ष की लहर है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, जिला अध्यक्ष शिवकुमार राणा, विधायक कैंट अमित अग्रवाल, महापौर हरिकांत अहलूवालिया, पूर्व विधायक प्रत्याशी कमलदत शर्मा, जिला मंत्री अंकुर मुखिया, समीर चौहान उपस्थित रहे। पत्र सौंपने वालों में राजकुमार सिद्धार्थ, प्रमोद चिनडालिया, मिथुन पार्चा, अर्जुन करोटिया शामिल रहे।

# लोक दल ही गरीब और किसानों की सच्ची हितैषी: रणबीर दहिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मंगलवार को सिवाल खास विधानसभा के गांव फैजाबाद पचगांव में रालोद के वरिष्ठ नेता सिवाल विधानसभा सदस्यता अभियान के प्रभारी रणवीर दहिया ने सदस्यता अभियान में ताकत झोंक ते हुए मीटिंग आयोजित की। भारी बारिश में भी उनका सदस्यता अभियान नहीं रुका। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल जैसी पार्टी गरीबों की पार्टी है, किसानों की पार्टी है। रणवीर दहिया ने कहा कि सदस्यता अभियान के दौरान उन्होंने हजारों नए सदस्य बनाए हैं। जितने सदस्य सिवाल खास विधानसभा में बनाए गए हैं उतने सदस्य किसी भी विधानसभा में अभी तक नहीं बने हैं उन्होंने कहा कि रालोद 2027 के चुनाव में राष्ट्रीय लोक दल सियासत के नए आयाम छूते हुए दिखाई देगी। इस दौरान आरोही सिरोही प्रदेश महासचिव आरोही सिरोही, मास्टर पवन ग्राम प्रधान फैजाबाद पचगांव जोनी, बबलू, गोरव, ओमवीर, ऋषिपाल, प्रेमपाल, सतपाल, फेरु सिंह आदि मौजूद रहे।



# डीपीएम पब्लिक स्कूल में अष्टमी पूजन एवं दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल में अष्टमी पूजन एवं दशहरा उत्सव अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने रामायण का नाटक प्रस्तुत कर भगवान राम की विजय गाथा को जीवंत कर दिया। इसके साथ ही डांडिया डांस, मां काली का रुद्र नृत्य, और अन्य रंगारंग प्रस्तुतियाँ हुई, जिन्होंने उपस्थित सभी दर्शकों को प्रभावित किया। कक्षा 2 के छात्र अनमोल त्यागी द्वारा प्रस्तुत मधुर भजन ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं का ज्ञान होता है। बल्कि उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि दशहरा हमें यह सिखाता है कि असत्य पर सत्य की विजय होती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जिया जैदी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और सभी को अष्टमी एवं दशहरा की शुभकामनाएं दीं। इस सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम की तैयारी पारुल वर्मा ने की जबकि कार्यक्रम की रूपरेखा मुकुल त्यागी और मानसी दुब्लिश द्वारा तैयार की गई। कार्यक्रम का समापन माता रानी की आरती एवं प्रसाद वितरित किया।



## औघड़नाथ मंदिर में कन्या पूजन कर होगा भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** श्री बाबा औघड़नाथ शिव मंदिर में अष्टमी नवरात्रों के उपलक्ष में मंगलवार को हवन का आयोजन किया गया। हवन के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को फल का प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर समिति के महामंत्री सुनील गोयल ने बताया कि बुधवार को पूजा अर्चना के पश्चात कन्या पूजन कर हलवा, पुरी, आलू, सब्जी का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# बिल्डर के खिलाफ एसडीएम के पास शिकायत लेकर पहुंचे कॉलोनीवासी

**बिल्डर पर लगाया लोगों ने धोखाधड़ी का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर के एक कॉलोनी बिल्डर पर लोगों ने धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की। लोगों का आरोप था कि बिल्डर ने जिस वादों के साथ कॉलोनी में प्लाट बेंचे थे, उन पर बिल्डर खरा नही उतरा, उल्टा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। एसडीएम ने उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।



मंगलवार को नगर के दर्जनभर लोग तहसील परिसर में पहुंचे, और दौराला रोड स्थित माडल टाउन कालोनी के बिल्डर पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि बिल्डर ने जिस वक्त कॉलोनी में प्लाट बेचने शुरू किए थे, उस वक्त उनसे कॉलोनी में अच्छी सड़क, बिजली, और अन्य सुविधाओं का वादा किया था लेकिन पूरी रकम देने के बाद से ही बिल्डर मुकर गया। साथ ही लोगों ने आरोप लगाया कि जो पार्क कॉलोनी में दिए गये थे उन्हें भी बेच दिया गया। एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने मामले में जांच कर उचित कार्यवाही करने आश्वासन दिया। शिकायत करने वालों में मौ राशिद, शहजाद, शाहनवाज, इरफान, याकूब, गुलवेज, साजिद, जाहिद, शाकिर, रिहान आदि शामिल रहे। इस संबंध में बिल्डर दीपक पुंडीर से वार्ता की गई तो उन्होंने आरोपों को बेबुनियाद बताया।

# हनुमान ने सोने की लंका में लगाई आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में चल रही श्री रामलीला कमेटी के तत्वाधान में सोमवार की रात हनुमान ने लंका में पहुंचकर माता सीता को श्री राम की अंगूठी देते हुए शीघ्र आने की बात कही वही हनुमान ने अशोक वाटिका में लगे फल खाए तथा वाटिका को तहस-नस कर दिया। रावण के आदेश पर हनुमान को पकड़कर रावण के दरबार में लाया गया जहां वाद विवाद के बाद हनुमान की पूंछ में आग लगा दी गई जिससे रावण की सोने की लंका को हनुमान ने जला दिया और रावण को चेतावनी देते हुए कहा शीघ्र ही तुम्हारा विनाश कर माता सीता को ले जाएंगे। थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने मेरठ मार्ग स्थित रामलीला मैदान जहां रावण दहन किया जाता है उसका निरीक्षण कर थाना पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रावण व मेघनाथ के पुतले बनाने वालों से भी वार्ता की। इस मौके पर रामलीला कमेटी के महामंत्री श्याम दत्त शर्मा ने बताया कि 2 अक्टूबर गुरुवार को दशहरे के अवसर पर मेरठ मार्ग पर रामलीला मैदान में एक दिन के लिए मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें शाम को रावण दहन किया जाना है। इस मौके पर भारत अग्रवाल विद्या आभूषण गर्ग, विकल गुर्जर, राम शर्मा, राहुल शर्मा, भूरे, सुनील शर्मा, ब्रह्मजीत, महावीर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# दौराला टाइगर्स ने फ्यूचर प्लस लायंस को 29 रनों से हराया

**वी.डी. वियर और दौराला टाइगर्स के बीच आज होगा मुकाबला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** मोदीपुरम प्रीमियर लीग के पहले सीजन का चौथा मुक.ाबला नीलकंठ कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में दौराला टाइगर्स और फ्यूचर प्लस लायंस के बीच खेला गया। बारिश के कारण मैच 15-15 ओवर का किया गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दौराला टाइगर्स की टीम ने 15 ओवर में 5 विकेट खोकर 158 रन बनाए। टीम की ओर से सुखविंदर ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 82 रनों की शानदार पारी खेली, वहीं अमर दीप शर्मा ने 27 रनों का योगदान दिया। फ्यूचर प्लस लायंस की ओर से अक्षय धवन ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फ्यूचर प्लस लायंस की टीम 15 ओवर में 8 विकेट खोकर केवल 129 रन ही बना सकी और उसे 29 रनों से हार का सामना करना पड़ा। टीम की ओर से कप्तान यश सिरोही ने 41 रन और यश पंडित ने 36 रन बनाए। दौराला टाइगर्स की ओर से विकास कुमार और अमित चौधरी ने अहम दो-दो विकेट लिए। मैच का समापन विशिष्ट अतिथि सचिन लोइया ने किया चौधरी, सूरत सिंह, दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, रजी खान, सम्राट, किरण, शुभनिश वर्मा और भूपेंद्र अहलावत ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। सभी ने एमपीएल के चेयरमैन अहमद अली वंश चौधरी की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं। चेयरमैन अहमद अली वंश चौधरी ने जानकारी दी कि अगला मुकाबला वी.डी. वियर और दौराला टाइगर्स के बीच कल सुबह 9 बजे खेला जाएगा।




## 14 वर्ष पुराने दो अलग-अलग मामलों में सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को स्पेशल जज एससी/एसटी कोर्ट न्यायधीश मोहम्ममद असलम सिद्दीकी ने दलित उत्पीड़न से जुड़े दो अलग अलग मामलों में 9 लोगों को सजा सुनाई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना सरधना पर दर्ज मुक.दमा अपराध संख्या 250/11 में अदालत ने मुख्य अभियुक्त मेहरबान सहित पांच लोगों को तीन-तीन वर्ष की कारावास की सजा सुनाई है। वहीं दलित उत्पीड़न के ही मुंडाली थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 240/11 में मुख्य आरोपी श्रीपाल सहित 4 लोगों को तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इस अदालत से जून से अब तक यह सातवें मामले में सजा बताई जा रही है।

# गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** दौराला गंगनहर स्थित रेड रोज पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही उनके द्वारा दिये गए बलिदानों के बारें में विस्तार से बताया गया। मंगलवार सुबह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर रेड रोज पब्लिक स्कूल में सर्वप्रथम महात्मा गांधी की तस्वीर के समक्ष फूल अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद विचार गोष्ठी व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल प्रबंधक रमनदीप चौधरी महात्मा गांधी ने के जीवन के उपर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश के लिए जो संघर्ष किया, उसको कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रधानाचार्य सायरा बेगम ने महात्मा गांधी द्वारा चलाएं गए आंदोलनों के बारें में विस्तार से बताया। इस दौरान अरविंद कुमार, राशिद अली, सानिया मिर्जा, अलीशा, अतुल कुमार, सबिया, शिवानी, बबीता, पूनम, रिया आदि मौजूद रहे।



## पुलिस ने तीन गो तस्करों को कोर्ट में पेशी के बाद भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना पुलिस ने गो तस्करो के खिलाफ अभियान चलाते हुए तीन गो तस्करो को पकड़कर शांति भंग की धारा में कोर्ट में पेश किया। थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने बताया कि उच्च अधिकारी को निर्देश पर गो तस्कर अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए वहाब नदीम व मतलूब जिनके खिलाफ थाने में गो तस्करी के मुकद्दमे में दर्ज हैं उन्हें पकड़कर शांति भंग की धारा में चालान कर भविष्य में गोकशी व अन्य अपराध न करने की चेतावनी देते हुए न्यायालय में पेश किया।

# वेंक्टेश्वरा में शारदीय नवरात्रों में डांडिया एवं गरबा की मची धूम

**डांडिया उत्सव बुराई पर अच्छाई की जीत: डॉ. राजीव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में शारदीय नवरात्रि-2025 में डांडिया एवं गरबा-2025 की धूम रही। संस्थान के स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं ने परम्परागत धार्मिक लोकगीतो के साथ धार्मिक फिल्मी गानो पर जमकर डांडिया एवं गरबा किया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने समस्त देशवासियों को नवरात्रों एवं विजयदशमी की शुमकामनाएं देते हुए नवरात्रि उत्सव को न सिर्फ धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव बताया, बल्कि इसे महिला सशक्तीकरण एवं बुराई पर अच्छाई की जीत का सबसे बड़ा महापर्व करार दिया। उन्होंने कहा कि भारत में सदियो से मातृशक्ति सम्मानित एवं पूज्यनीय रही है, एवं अनन्त काल तक पूज्यनीय रहेगी। वेंक्टेश्वरा विश्व.



विद्यालय संस्थान के दुर्गा पंडाल में आयोजित नवरात्रि डांडिया एवं गरबा सेलीब्रेशन-2025 का शुभारम्भ प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, कुलसा. चव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय, मुख्य पुरोहित आचार्य पं. रामनिवास शास्त्री आदि ने मां दुर्गा एवं सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष आरती करके एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा किया। इसके बाद सर्वप्रथम "घर में पधारे गजानन जी" गणेश वन्दना से कार्यक्रम शुरू हुआ, तो फिर "ढोली तारो ढोल बाजे", चौगाडा तारो, ढोलीडा ढोलीडा, राम चाहे लीला चाहे, लीला चाहे राम जैसे धार्मिक फिल्मी गीतो पर डांडिया स्टिक लेकर जमकर नृत्य किया। अपने सन्देश में वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि नवरात्रि उत्सव में डांडिया एवं गरबा नृत्य न सिर्फ हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है, बल्कि यह मातृशक्ति सम्मान एवं बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि भारतीय परम्परा में सदियो से मातृशक्ति पूज्यनीय रही है एवं अनन्तकाल तक रहेगी। मातृशक्ति के बिना सृष्ठि का कोई वजूद ही नहीं है। नवरात्रि समारोह को कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक डॉ. राजेश सिंह, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. मंजरी राणा, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. दर्पण कौशिक, डॉ. राजवर्द्धन, डॉ. रीना जोशी, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, डॉ. आशुतोष, डायरेक्टर लीगल देव प्रताप सिंह, डॉ. मोहित शर्मा, एस.एस. बघेल, नागेन्द्र प्रताप सिंह, प्रीतपाल, निदेशक प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### रचिन को नेट पर चेहरे पर लगी चोट

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र को एक और झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज शुरू होने से ठीक एक दिन पहले आज ट्रेनिंग के दौरान उनके चेहरे पर चोट लग गई। 24 वर्षीय खिलाड़ी कैच लेने की कोशिश में बाउंड्री होर्डिंग से टकरा गए, जिससे उनके चेहरे पर चोट लग गई। न्यूजीलैंड टीम के आधिकारिक हैंडल के अनुसार, रवींद्र ने मैदान पर शुरुआती कन्कशन टेस्ट पास कर लिया है, लेकिन आने वाले दिनों में उन्हें कड़ी चिकित्सा निगरानी में रखा जाएगा। यह पहली बार नहीं है जब इस बाएं हाथ के खिलाड़ी को 2025 में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति का सामना करना पड़ा हो। इस साल की शुरुआत में, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लाहौर में त्रिकोणीय सीरीज के दौरान, द. अफ्रीका के खिलाफ फ्लड लाइट्स में कैच लेते समय रवींद्र के माथे पर चोट लग गई थी।

### उत्तराखंड में पहली सीबीएसई राष्ट्रीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप शुरू

**रूद्रपुर, वार्ता।** उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में पहली केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता मंगलवार को शुरू हुयी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित इस चैंपियनशिप के शुभारंभ के मौके पर खेल मंत्री आर्या ने कहा कि सीबीएसई ने अपनी खेल गतिविधियों में तलवारबाजी को शामिल किया है। पहले चैम्पियनशिप की मेजबानी उधमसिंह नगर को मिली है। इस मौके पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए श्रीमती आर्या ने कहा कि हम तलवारबाजी चैम्पियनशिप आयोजन के लिए उत्साहित हैं।

# एशिया कप जीतकर भारतीय टीम मुंबई पहुंची

● **एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत, कप्तान सूर्यकुमार यादव बोले: पाकिस्तान को जवाब देना जरूरी था**

**मुंबई, वार्ता।** एशिया कप जीतने के बाद भारत की टीम सोमवार रात मुंबई एयरपोर्ट पहुंची। यहां टीम का जोरदार स्वागत किया गया। टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को हराया। टीम इंडिया ने पीसीबी-एसीसी चीफ मोहसिन नकवी का बॉयकाट किया और उनसे ट्रॉफी लेने से मना कर दिया। ट्रॉफी विवाद पर कप्तान सूर्या ने कहा- पाकिस्तान को जवाब देना जरूरी था।

उन्होंने आगे कहा कि मेरा और गंभीर का रिश्ता भाई जैसा है। गंभीर भाई जो भी इशारा करते हैं, मैं बिना सोचे वही करता हूं। 35 साल के सूर्या ने एशिया कप जीतने के बाद कोच के साथ अपने तालमेल पर बात की। दोनों के बीच का जुड़ाव 2012 के समय का है। जब गंभीर ने 2012 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को पहला आईपीएल टाइटल जिताया था, तब सूर्या वाइस कैप्टन थे। स्पोर्ट्स वेबसाइट रेव स्पोर्ट्स के बोरिया मजूमदार से बात करते हुए भारतीय कप्तान ने कहा- शुभम दोनों के बीच भरोसे का स्तर बहुत बड़ा है। सूर्या ने ट्रॉफी विवाद और फाइनल मैच से जुड़े सवालों के जवाब भी दिए। भारतीय कप्तान ने कोच से तालमेल पर कहा मेरा और गौती भाई (गंभीर) का रिश्ता छोटे और बड़े भाई जैसा है। गंभीर भाई जो भी इशारा करते हैं, मैं बिना सोचे वही करता हूं। हमारे बीच भरोसे का लेवल बहुत बड़ा है। हम एक-दूसरे को करीब से जानते हैं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। सूर्या ने माना कि उन्होंने केकेआर के दिनों में गंभीर से इस खेल की बारीकियां सीखी थीं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए सूर्या ने कहा कि मैंने रोहित (शर्मा) की कप्तानी में खेला है, लेकिन केकेआर में खेलते समय मैंने उनसे (गंभीर) खेल की बारीकियां सीखी हैं। वो सब कुछ झेल चुके हैं, इसलिए जानते हैं खिलाड़ी के दिमाग में क्या चल रहा है। कैसे टूर्नामेंट की तैयारी करनी है, खिलाड़ी को आगे कैसे बढ़ाना है और उसे कैसे डिफेंड करना है। सूर्या ने कहा जब भी मैं डगआउट की ओर देखता हूं और वो वहां होते हैं, तो उनके पास मेरे लिए कुछ न कुछ निर्देश होता है, क्योंकि बाहर से खेल बिल्कुल अलग दिखता है। मैदान पर मेरे दिमाग में बहुत सारी बातें रहती हैं, फील्ड प्लेसमेंट, किसे गेंदबाजी करनी है वगैरह। हर एक-दो ओवर में मैं उनकी ओर देखता हूं और वो जो भी इशारा करते हैं, मैं बिना सोचे मान लेता हूं। यही हमारे बीच का भरोसा है। टीम ने हार्दिक पांड्या को फाइनल में मिस किया सूर्यकुमार ने बताया कि भारतीय टीम ने फाइनल में आलराउंडर हार्दिक पांड्या को मिस किया। फाइनल मैच में हार्दिक चोट के कारण नहीं खेल सके थे।

# पाकिस्तानी खिलाड़ी अब विदेशी टी-20 लीग नहीं खेल सकेंगे

● **एशिया कप फाइनल हारने के एक दिन बाद पीसीबी का फैसला बोर्ड ने एनओसी सस्पेंड किए**

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पीसीबी ने पाकिस्तान के बाहर टी-20 लीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के सभी अनापत्ति प्रमाणपत्र निलंबित कर दिए हैं। बोर्ड के मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद सैयद ने 29 सितम्बर को एक नोटिस भेजकर खिलाड़ियों और एजेंटों को इस फैसले की जानकारी दी।

ईएसपीएन क्रिकइंफो द्वारा देखे गए नोटिस में लिखा है कि पीसीबी अध्यक्ष की स्वीकृति से, लीग और अन्य विदेशी टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के सभी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) अगले आदेश तक स्थगित किए जाते हैं। यह कार्रवाई क्यों की, इसका कोई कारण नहीं बताया गया है।

रिपोर्टों से पता चलता है कि पीसीबी का लक्ष्य एनओसी को एक प्रदर्शन-आधारित प्रणाली से जोड़ना है, जिसके मानदंड अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। बोर्ड के दृष्टिकोण से, इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और घरेलू प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना है। हालांकि, इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि एनओसी पर वर्तमान निलंबन हटने से पहले इस तरह के मूल्यांकन में कितना समय लगेगा। यह कदम पाकिस्तान की संयुक्त अरब अमीरात में एशिया कप फाइनल में भारत से मिली कड़ी हार के एक दिन बाद उठाया गया है, लेकिन यह उस दौरे से ठीक पहले आया है जिसमें उन्होंने टी-20 त्रिकोणीय सीरीज भी जीती थी। पाकिस्तान की प्रमुख घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता, कायदे-आजम ट्रॉफी भी अक्टूबर में शुरू होने वाली है, जो अपनी मूल तिथि 22 सितंबर से स्थगित कर दी गई है। एनओसी और किसी भी संभावित छूट या उनकी अवधि के बारे में विवरण अभी तक ज्ञात नहीं हैं। बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी सहित सात पाक खिलाड़ी दिसंबर में शुरू होने वाले इस बीबीएल सीजन में खेलेंगे। । अक्टूबर को यूएई में होने वाली इंटरनेशनल लीग 2020 नीलामी के लिए भी 16 पाक खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट में हैं।

# क्रिकेट में राजनीति का प्रवेश चिंताजनक: किरमानी



**बेंगलुरु, वार्ता।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर सैयद किरमानी ने कहा है कि आधुनिक क्रिकेट में राजनीति आ गयी है जो चिंता का विषय है। किरमानी ने कहा कि अशिष्ट व्यवहार, अहंकार और अनादर ने मैदान के सरल और नेक शिष्टाचार की जगह ले ली है। यह सिर्फ एशिया कप की बात नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक और चिंताजनक प्रवृत्ति का हिस्सा है। मुझे अमेरिका, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात से संदेश मिल रहे हैं, जिनमें पूछा जा रहा है: 'मैदान पर इतनी राजनीति क्यों हो रही है? विदेश में अपने दोस्तों से ऐसे शब्द सुनकर मुझे शर्म आती है। किरमानी ने स्पष्ट किया कि क्रिकेट में राजनीति का कोई स्थान नहीं है। मैदान के बाहर जो कुछ भी होता है चाहे वह व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा हो या कुछ और, उसे कभी भी मैदान पर नहीं लाना चाहिए। क्रिकेट राजनीतिक लाभ कमाने का मंच नहीं है। यह हर खिलाड़ी, हर टीम और हर क्रिकेट बोर्ड का दृढ़ विश्वास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे समय में, क्रिकेट एक खेल से कहीं बढ़कर था। यह सम्मान और भाईचारे का प्रतीक था। पाकिस्तानी खिलाड़ी भारत आते थे। हम पाकिस्तान जाते थे।

# मल्होत्रा का तीरंदाजी को नई दिशा देने का श्रेय

● **मल्होत्रा ने आईओए का उस वक्त कठिन समय में मार्गदर्शन किया जब देश की खेल छवि राष्ट्रमंडल खेलों के घोटाले से प्रभावित हुई थी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** विजय कुमार मल्होत्रा को भारतीय तीरंदाजी को नई दिशा देने का श्रेय जाता है। कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ अनुभवी खेल प्रशासक मल्होत्रा का मंगलवार को 93 वर्ष की उम्र में बढ़ती उम्र से जुड़ी बीमारियों के कारण निधन हो गया। भारतीय खेल जगत ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

मल्होत्रा को 2010 राष्ट्रमंडल खेल भ्रष्टाचार मामले में सुरेश कलमाड़ी के गिरफ्तार होने के बाद 26 अप्रैल 2011 से पांच दिसंबर 2012 तक भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। मल्होत्रा ने आईओए का उस कठिन समय में मार्गदर्शन किया जब देश की खेल छवि 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों के घोटाले से प्रभावित हुई थी। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने आईओए प्रशासन को कुछ हद तक साफ-सुथरा किया। मिलनसार स्वभाव के मल्होत्रा के अंतरिम कार्यकाल के बाद चुनाव हुए लेकिन उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने आईओए को निलंबित कर दिया।

अभय सिंह चौटाला को अध्यक्ष और ललित भनोट को महासचिव बनाने के बाद आईओए पर चार दिसंबर 2012 को प्रतिबंध लगाया गया जो 11 फरवरी 2014 को ही हट सका। मल्होत्रा आईओए के आजीवन अध्यक्ष बने। वह 1974 तेहरान एशियाई खेलों में भी भारतीय दल के अभियान प्रमुख थे। वह 40 साल से अधिक समय (1973 से 2015) तक भारतीय तीरंदाजी महासंघ के अध्यक्ष रहे और तीरंदाजों की नई पौध तैयार की। आज भारतीय तीरंदाज विश्व स्तर पर अपनी जो छाप छोड़ रहे हैं उसका श्रेय मल्होत्रा के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। दिल्ली के भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू उनके कार्यकाल में एआई कार्यकारी समिति के सदस्य थे।

म्यूनिख ओलंपिक 1972 में तीरंदाजी को ओलंपिक खेल के रूप में चुने जाने के एक साल बाद 1973 में गठित भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के तहत तीरंदाजी ने मल्होत्रा के अथक प्रयासों से भारत में जड़ें जमा लीं। मल्होत्रा 1972 म्यूनिख ओलंपिक में भारतीय दल के साथ गए थे और वहीं उन्हें यह विचार आया।

# कोच जमील ने भारतीय टीम को अंतिम रूप दिया

● **भारत के उभरते फुटबॉल ढांचे में कोच जमील की बढ़ती अहमियत उजागर हुई**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत की राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के पांच खिलाड़ियों को, जिनमें केरल ब्लास्टर्स के दो खिलाड़ी भी शामिल हैं, सिंगापुर के खिलाफ आगामी एएफसी एशियन कप क्वालीफायर से पहले तैयारी शिविर से बाहर कर दिया गया।

केरल ब्लास्टर्स के मोहम्मद ऐमेन और विबिन मोहनन, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के एमएस जितिन सहित, उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें आज मुख्य कोच खालिद जमील ने घर भेज दिया। अन्य दो खिलाड़ी जिन्हें बाहर किया गया, वे थे अशीर अख्तर और मनवीर सिंह (जूनियर)। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब जमील अगले महीने महत्वपूर्ण मैचों के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप दे रहे हैं। त्रिचूर में जन्मे जितिन ने हाल ही में उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान में आयोजित सीएएफए नेशंस कप में शानदार प्रदर्शन किया था।

यह टूर्नामेंट जमील का मुख्य कोच के रूप में पहला कार्यकाल था, जहां भारत ने ओमान पर एक रोमांचक शूटआउट जीत के बाद यादगार तीसरा स्थान हासिल किया। मिडफील्ड में जितिन के योगदान की व्यापक रूप से प्रशंसा की गई, जिससे भारत के उभरते फुटबॉल ढांचे में उनकी बढ़ती अहमियत उजागर हुई।

# सिनर लगातार तीसरी बार चाइना ओपन के फाइनल में



● **सिनर ने डायमंड कोर्ट पर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के डी मिनौर को हराया**

**बीजिंग, वार्ता।** इटली के जैनिक सिनर ने मंगलवार को डायमंड कोर्ट पर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 6-3, 4-6, 6-1 से हराकर लगातार तीसरी बार चाइना ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अपने पहले मैच में 11-0 का दबदबा कायम रखा, जबकि डी मिनौर ने पिछले 11 मुकाबलों में एकमात्र बढ़त 2023 पेरिस मास्टर्स में सिनर के मैच से पहले हटने के कारण हासिल की थी। सिनर ने पहला सेट 4-2 के स्कोर पर ब्रेक के साथ जीता और अगले गेम में दो ब्रेक पॉइंट बचाकर 6-3 से जीत हासिल की।

दूसरे सेट में डी मिनौर ने वापसी की, छठे गेम में कड़ी मेहनत की और बाद में ब्रेक लगाकर स्कोर 6-4 कर दिया। इस तरह इतालवी खिलाड़ी के खिलाफ नौ मैचों से चली आ रही जीत का सिलसिला टूट गया। लेकिन दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में फिर से दबदबा बनाया और बेसलाइन पावर और नेट पर टच के मिश्रण से दो बार ब्रेक लगाकर 4-0 की बढ़त बना ली। डी मिनौर ने एक बार शटआउट से बचने के लिए अपनी पकड़ बनाए रखी, लेकिन सिनर ने आखिरी सर्विस में दमदार खेल दिखाया।

## चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में गॉफ



**बीजिंग, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेंसिक को 4-6, 7-6(4), 6-2 से हराकर मंगलवार को चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 15वीं वरीयता प्राप्त और टोक्यो ओलंपिक चैंपियन बेंसिक ने डायमंड कोर्ट पर पहले सेट के आखिर में ब्रेक लगाकर पहला सेट 6-4 से जीत लिया। विश्व की तीसरे नंबर की खिलाड़ी गॉफ ने दूसरे सेट में भी वापसी की, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे के ब्रेक का सामना किया, जिसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी ने टाईब्रेकर के लिए मजबूर किया, जिसे उन्होंने 7-4 से जीतकर मैच बराबर कर दिया। एक समय तो बेंसिक ने अपना रैकेट तोड़ दिया और चेयर अंपायर से गॉफ के टीम बॉक्स से ध्यान भटकाने की शिकायत की। 20 वर्षीय ग्रैंड चैंपियन ने निर्णायक गेम में पूरी तरह से नियंत्रण हासिल कर लिया, दो बार ब्रेक लेकर 5-1 की बढ़त बना ली और फिर आत्मविश्वास से भरी सर्विस होल्ड के साथ मुकाबला जीत लिया।

# अनकैप्ड आसिफ अफरीदी, रोहेल नजीर व फैसल अकरम पाकिस्तान की टेस्ट में शामिल



**इस्लामाबाद, वार्ता।** अनकैप्ड खिलाड़ी आसिफ अफरीदी, फैसल अकरम और रोहेल नजीर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान की 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार (30 सितम्बर) को एक मीडिया विज्ञप्ति में घोषणा की। शान मसूद अपने 12 मैचों में से केवल तीन जीत के खराब कप्तानी रिकॉर्ड के बावजूद टेस्ट टीम की कमान संभालते रहेंगे।

**पाकिस्तानी टीम:** शान मसूद (कप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, आसिफ अफरीदी, बाबर आजम, फैसल अकरम, हसन अली, इमाम-उल-हक, कामरान गुलाम, खुर्रम शहजाद, मोहम्मद रिजवान (विकेट कीपर), नोमान अली, रोहेल नजीर (विकेट कीपर), साजिद खान, सलमान अली आगा, सऊद शकील और शाहीन शाह अफरीदी।

मसूद के अलावा, अब्दुल्ला शफीक और इमाम-उल-हक शीर्ष तीन में हैं, जबकि मध्यक्रम में बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, कामरान गुलाम, टी-20 कप्तान सलमान अली आगा और सऊद शकील शामिल हैं। नजीर मेजबान टीम के लिए एक और विकेटकीपर-बल्लेबाज विकल्प हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, पाकिस्तान ने पांच स्पिनर्स - नोमान अली, साजिद खान, अबरार अहमद - के साथ-साथ बाएं हाथ के गेंदबाज अफरीदी और अकरम को भी टीम में शामिल किया है। इस कदम से संकेत मिलता है कि पिचें नीची और धीमी हो सकती हैं। तेज गेंदबाजी में आमिर जमाल, हसन अली, खुर्रम शहजाद और शाहीन शाह अफरीदी का चयन किया गया है। पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका 12 अक्टूबर से शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की शुरुआत करेंगे, जिसका पहला मैच लाहौर में खेला जाएगा जबकि रावलपिंडी 20 अक्टूबर से दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा।

# ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार 16वीं जीत दर्ज करना

**इंदौर, वार्ता।** लगातार पंद्रह हार का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की महिलाओं पर भारी पड़ रहा है क्योंकि वे कल यहां होलकर स्टेडियम में आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के दूसरे मैच में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया महिलाओं से भिड़ने के लिए तैयार हैं। व्हाइट फर्न्स की अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ आखिरी वनडे जीत फरवरी 2017 में आई थी, और तब से ऑस्ट्रेलिया अडिग है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम इस विश्व कप में शानदार फॉर्म और आत्मविश्वास के साथ उतर रही है, जिसने भारत में 2-1 से सीरीज जीत ली है। उनका शीर्ष क्रम अपने आप में एक मिसाल है: एलिसा हीली कप्तान और विकेटकीपर के रूप में अपना दबदबा कायम रखती हैं, बेथ मूनी भारत के खिलाफ तीन पारियों में 233 रन बनाकर मजबूत स्थिति में हैं, एलिस पेरी बेहतरीन खिलाड़ी हैं, जबकि जॉर्जिया वोल और फोएबे लिचफील्ड युवा जोश से भरपूर हैं। एश्ले गार्डनर और ताहलिया मैक्ग्रा मध्यक्रम में ताकत प्रदान करती हैं, जिनमें किसी भी आक्रमण को अस्थिर करने के लिए पर्याप्त गहराई है। गें. दबाजी में, मेगन शट्ट और किम गार्थ एक शक्तिशाली नई गेंद की जोड़ी बनाती हैं, जिसे अलाना किंग की लेग-स्पिन, वेयरहैम की विविधताओं और मैक्ग्रा की सीम गेंदबाजी का समर्थन प्राप्त है। गार्डनर एक और विकल्प जोड़ती हैं, जिससे ऑस्ट्रेलिया को उनकी बल्लेबाजी क्षमता के अनुरूप एक संतुलित शस्त्रागार मिलता है। न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका की महिलाओं को घरेलू मैदान पर 2-0 से हराने के बाद यहां आशावाद के साथ उतरी है।

# शाकिब को दोबारा बांग्लादेश की जर्सी नहीं मिलेगी



**बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने घोषणा की है कि शाकिब अब बांग्लादेश के लिए नहीं खेलेंगे**

**ढाका, वार्ता।** खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को शाकिब के जन्मदिन संदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस मामले पर बीसीबी से बात करेंगे।

बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने घोषणा की है कि शाकिब अल हसन अब बांग्लादेश के लिए नहीं खेलेंगे। यह घोषणा इस क्रिकेटर द्वारा रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को उनके जन्मदिन की बधाई देने के बाद की गई है। इसकी शुरुआत शाकिब द्वारा एक साधारण संदेश पोस्ट करने से हुई, जिस पर आसिफ ने जवाब दिया, हालांकि शाकिब का नाम नहीं लिया कि आप सभी ने एक व्यक्ति का पुनर्वास न करने के लिए मुझे बहुत गालियां दी हैं। लेकिन मैं सही था। अब बात यहीं खत्म। ढाका स्थित चैनल 24 से बात करने से पहले, आसिफ ने कहा कि वह बीसीबी को शाकिब को दोबारा न चुनने का निर्देश देंगे और इस बारे में और भी संदेश सार्वजनिक रूप से सामने आए। उन्होंने कहा कि शाकिब अवामी लीग की राजनीति में गहराई से शामिल हैं। आसिफ ने कहा कि हम उन्हें बांग्लादेश का झंडा नहीं उठाने देंगे। मेरे लिए उन्हें बांग्लादेश की जर्सी पहनने की इजाजत देना संभव नहीं होगा। हो सकता है कि मैंने बीसीबी को पहले यह न बताया हो, लेकिन अब बीसीबी के लिए मेरा स्पष्ट निर्देश यही है कि शाकिब अल हसन फिर कभी बांग्लादेश के लिए नहीं खेल पाएंगे। उन्होंने जितनी बार देश में प्रवेश करने और बांग्लादेश के लिए खेलने के लिए कहा है, उन्होंने कहा है कि अवामी लीग ने उन्हें (2024 के आम चुनाव) के लिए जबरन नामांकन दिया था। उन्होंने दावा किया कि वह राजनीति में शामिल नहीं हैं। वह अपने क्षेत्र (मगुरा) के लोगों के लिए काम करने के लिए सांसद बनना चाहते थे। हालांकि, सच्चाई यह है कि वह अवामी लीग की राजनीति में गहराई से शामिल हैं। शाकिब ने दावा किया कि उन्होंने हसीना को शुभकामनाएं दी थीं क्योंकि वे एक-दूसरे को राजनीति में आने से पहले से जानते थे और इस पोस्ट का उद्देश्य किसी को भड़काना नहीं था। उन्होंने कहा कि वह (हसीना) हमेशा से क्रिकेट को गंभीरता से लेती रही हैं हैं ना? वह क्रिकेट से गहराई से जुड़ी हुई थीं। राजनीति से पहले भी, क्रिकेट के जरिए ही हमारा रिश्ता था। मैं इसी नजरिए से उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। कोई और मकसद नहीं था या किसी को भड़काने की कोशिश नहीं थी। शाकिब पिछले साल जनवरी से अगस्त तक अवामी लीग के सांसद थे, उसके बाद छात्रों के नेतृत्व वाली क्रांति में सरकार गिर गई थी। हसीना 5 अगस्त को भारत भाग गईं, जबकि शाकिब तब से अब तक घर नहीं लौटे हैं।

# न्यूजीलैंड टी-20 सीरीज से बाहर मैक्सवेल

● **मैक्सवेल नेट्स प्रैक्टिस के दौरान लगी गंभीर चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे**

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल आज नेट्स के दौरान लगी गंभीर चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। 36 वर्षीय मैक्सवेल मिशेल ओवेन की गेंदबाजी कर रहे थे, तभी एक जोरदार ड्राइव उनके अग्रभाग पर लगी।

बाद में स्कैन में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई, जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को उनकी जगह विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप को टीम में शामिल करना पड़ा। मैथ्यू शॉर्ट, जिन्होंने बगल के नेट से इस घटना को देखा, ने इस घटना को याद करते हुए कहा। शॉर्ट ने कहा कि मैंने अपनी आंख के कोने से इसे देखा। हम एक मार्की के नीचे प्रशिक्षण ले रहे थे, इसलिए, यह बहुत गूंजदार और तेज था। मैंने ओवेन को इसे धुआं देते देखा और फिर उसके बाद जो हुआ-यह मैक्सी की कलाई पर लगा। यह अच्छा नहीं लगा। उन्होंने आगे कहा कि मैक्सवेल, जिन्हें हाल के वर्षों में कई असफलताएं मिली हैं, स्पष्ट रूप से निराश दिख रहे थे। ओवेन वह खिलाड़ी नहीं हैं जिसे आप टी-20 ट्रेनिंग में गेंदबाजी करना चाहेंगे, यह तो तय है। मैक्सी पहले भी कई बार इस स्थिति से गुजर चुके हैं। वह थोड़े निराश जरूर थे, लेकिन यह किसी भी अन्य चोट की तरह ही है। मुझे यकीन है कि वह इससे उबर जाएंगे। मैक्सवेल की दुर्भाग्यपूर्ण चोटों की श्रृंखला में यह ताजा चोट और जुड़ गई है। 2022 में, एक जन्मदिन की पार्टी में एक अजीबोगरीब दुर्घटना में उनका पैर टूट गया था, जब एक दोस्त उन पर गिर गया था। इस चोट के लिए सर्जरी की जरूरत पड़ी थी और अभी भी उसका इलाज चल रहा है। 2023 के एकदिवसीय विश्व कप के दौरान, गोल्फ कार्ट से गिरने के बाद उन्हें कन्कशन भी हुआ था। ऑस्ट्रेलिया 2026 के टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए न्यूजीलैंड सीरीज का इस्तेमाल कर रहा है, ऐसे में मैक्सवेल को अब 29 अक्टूबर से कैनबरा में भारत के खिलाफ शुरू होने वाली टी-20 सीरीज के लिए अपनी फिटनेस हासिल करने के लिए समय के खिलाफ संघर्ष करना पड़ रहा है। उनकी अनुपस्थिति से अनुभवी मार्कस स्टोइनिस, जिन्होंने आखिरी बार नवंबर 2024 में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले थे।

# गाजा पर गंभीर प्रस्ताव

देर से ही सही गाजा में सीजफायर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से 20 प्वाइंट का एक प्लान सामने आया है। जिस तरह उनके इस नए प्रस्ताव को विश्व स्तर पर सहमति मिल रही है, उससे यह भी आशा बनती है कि जल्द ही इजरायल व हमास के बीच सीजफायर हो जाएगा। अभी इस पर अंतिम मोहर लगना बाकी है, क्योंकि हमास ने कहा कि अभी तक उसको यह प्रस्ताव नहीं मिला है। प्रस्ताव के बाद ही वह विचार करेगा। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास को यह कहकर धमकी दी है कि अगर वह इस प्लान को नहीं मानता, तो इजरायल के पास उसे खत्म करने का पूरा अधिकार है और अमेरिका इसमें साथ देगा। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह प्लान इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से सोमवार को वाशिंगटन डीसी में हुई बातचीत के बाद आया है। इससे साफ है कि उनके इस प्लान से नेतन्याहू भी पूरी तरह सहमत हैं। इस प्रस्ताव में तुरंत युद्ध रोकना, गाजा से इजरायल का हटना, बंधकों का छोड़ना, कैदियों की रिहाई, गाजा में अबाध रूप से रसद का पहुंचना शामिल है। प्रस्ताव में एक शांति बोर्ड बनाने की बात भी कही गई है जिसके अध्यक्ष अमेरिकी राष्ट्रपति खुद होंगे। इसमें ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी के साथ-साथ अन्य देशों के नेता भी होंगे। जाहिर है प्रस्ताव बताता है कि यह फलस्तीन देश के बनने में एक बड़ा कदम है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्रम्प के इस प्रस्ताव का जहां समर्थन किया है, वहीं आठ अरब इस्लामी देशों ने भी इसका स्वागत किया है। जिसमें जॉर्डन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा है कि क्षेत्र में शांति के लिए अमेरिका से साझेदारी जरूरी है। इन आठ राष्ट्रों ने एक संयुक्त बयान के माध्यम से इस प्रस्ताव का स्वागत किया है। यूरोप के देशों में ब्रिटेन, फ्रांस पूरी तरह इस प्रस्ताव का समर्थन करते दिखाई दे रहे हैं। जाहिर है इस प्रस्ताव को मंजूर करने के लिए अब हमास पर भी दबाव होगा। इस पूरे प्रस्ताव में जहां रुकावट आ सकती है, उसका सबसे बड़ा पेंच यह है कि इसमें हमास से हथियार छोड़ने की बात कही गई है। साथ ही वह किसी सरकार में भी शामिल नहीं होगा। इस तरह की शर्त मानना हमास के लिए भी आसान नहीं होगा, क्योंकि देखने में भी आ रहा है कि हमास को पूरी तरह नजरअंदाज करना बेहद मुश्किल है, क्योंकि गाजा में उनके पास भारी जनसमर्थन है और वे वहां सरकार भी चलाते रहे हैं, लेकिन ये सब बातें बाद की हैं, इस समय जो सबसे बड़ी जरूरत है वहां तुरंत सीजफायर लागू होने की है, क्योंकि अब तक हुए युद्ध में जहां गाजा पूरी तरह बर्बाद हो गया है, वहीं 65 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिसमें आधे से अधिक संख्या महिलाओं व बच्चों की है। इजरायल की नाकाबंदी के चलते वहां रसद नहीं पहुंच पा रही है। खाने पीने के मामले में अकाल जैसी स्थिति बनी हुई है, लोगों के भूख से मरने की खबर भी आ रही है। दवाइयों का पूरी तरह अभाव है। मतलब साफ है कि सारा ढांचा वहां चरमरा गया है। जरूरत वहां शांति सैनिकों को भेजने की भी है, जिसके बारे में प्रस्ताव में कहा गया है।

## कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा



26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद मेरे मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया, पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला अंतर्राष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण लिया गया था, पूरी दुनिया का दबाव था, हमें युद्ध नहीं करने के लिए समझाया जा रहा था, तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली आईं और उन्होंने कहा कि कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा, कोई आधिकारिक राज उजागर किए बिना मैं मानता हूं कि मेरे मन में प्रतिशोध की भावना आई थी, मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से चर्चा की थी। पीएम ने तो इस पर चर्चा हमले के दौरान ही कर ली थी।

**-पी. चिदंबरम, पूर्व गृह मंत्री**

# भाजपा का महिला सशक्तिकरण: वास्तविकता और दिखावा



भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका लंबे समय से बहस का विषय रही है। स्वतंत्रता संग्राम में हमने रानी लक्ष्मीबाई से लेकर सरोजिनी नायडू और अरुणा आसफ अली तक अनगिनत महिलाओं को नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति में देखा। कांग्रेस पार्टी के इतिहास में यह परंपरा लगातार जारी रही। आजादी के बाद से के कई राज्यों मे महिला मुख्यमंत्री रहीं, इंदिरा गांधी के रूप में देश को पहली महिला प्रधानमंत्री मिली और बाद के दशकों में शीला दीक्षित, सुषमा स्वराज जैसी नेता राष्ट्रीय परिदृश्य पर चमकीं। आज भी कांग्रेस प्रियंका गांधी को राहुल गांधी के साथ बराबरी से आगे करती है और चुनावी अभियानों में उन्हें प्रमुख वक्ता के रूप में प्रस्तुत करती है। कांग्रेस की आलोचनाएं भले हों, लेकिन उसके विचार और नीति में कभी यह स्पष्ट नहीं रहा कि महिलाओं की भूमिका को राजनीति में सीमित रखा जाए या उन्हें पीछे धकेला जाए।

इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी और उससे जुड़ा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अपनी वैचारिक धारा में महिलाओं को सीमित भूमिकाओं तक ही बांधने की नीति रखते हैं। संघ के दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर की पुस्तक बंच ऑफ थॉट्स में महिलाओं की भूमिका को लेकर जो दृष्टिकोण सामने आता है, वह यही है कि महिला मुख्यत: परिवार की धुरी है। उसकी जिम्मेदारी घर, बच्चों के पालन-पोषण और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण तक सीमित है। इस विचारधारा में राजनीति, प्रशासन और सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की सक्रियता को महत्व नहीं दिया गया। यही कारण है कि संघ की संरचना में आज तक कोई महिला प्रमुख पद पर नहीं रही। दिखावे के लिए महिला शाखा या प्रकोष्ठ बनाए गए हैं, लेकिन उनका असर नगण्य है। भाजपा अपने शासनकाल में महिला सशक्तिकरण की बड़ी-बड़ी बातें करती है। हाल ही में महिला आरक्षण विधेयक पास करके उसने अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की। लेकिन इसमें भी उसने लागू करने की तारीख 2030 के बाद के लिए डाल दी। यदि नियत साफ होती तो इस आरक्षण को तुरंत लागू किया जा सकता था। असल में यह केवल वोट बैंक को लुभाने की रणनीति है। महिलाओं को आकर्षित करने के लिए योजनाओं की झड़ी लगाई जाती है स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, जनधन खातों का प्रचार, मुफ्त गैस कनेक्शन, शौचालय निर्माण आदि। इन योजनाओं से लाभ जरूर मिलता है लेकिन राजनीति और सत्ता में महिलाओं की निर्णायक हिस्सेदारी अब तक नहीं बढ़ी। भाजपा शासित किसी भी राज्य में आज एक भी महिला मुख्यमंत्री नहीं है। केंद्र सरकार में भी गिनती की महिलाएं मंत्री हैं और उनमें से भी केवल एकाध को ही कैबिनेट स्तर की जिम्मेदारी मिली है।

यहां तक कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उदाहरण भी सामने है। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति होने के बावजूद उन्हें प्रमुख धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजनों से दूर रखा जाता है। अयोध्या राममंदिर के उद्घाटन में वे उपस्थित नहीं थीं, मथुरा की यात्रा में भी उनका स्वागत औपचारिकता तक सीमित रहा। यह दर्शाता है कि भाजपा महिलाओं को केवल प्रतीकात्मक सम्मान देती है, वास्तविक निर्णयकारी भूमिका से दूर रखती है। इसके विपरीत कांग्रेस का इतिहास बताता है कि उसने महिलाओं को बराबरी का अवसर देने की कोशिश की। इंदिरा गांधी से लेकर सोनिया गांधी तक, पार्टी का नेतृत्व महिलाओं के हाथ में रहा है। प्रियंका गांधी आज भी पार्टी की राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय हैं। राज्यों में भी कांग्रेस ने महिलाओं को मुख्यमंत्री के रूप में अवसर दिया है। यह सही है कि कांग्रेस ने कोई ठोस दीर्घकालिक महिला नीति नहीं बनाई, लेकिन उसकी बुनियादी सोच में महिलाओं को राजनीति से अलग रखने का भाव कभी नहीं रहा। यही फर्क है जो भाजपा और कांग्रेस की नीतियों में साफ नजर आता है। भाजपा की राजनीति में आज भी बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यकर्ता के रूप में मौजूद हैं। पार्टी के आयोजन, चुनाव प्रचार और संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी भागीदारी दिखाई देती है, लेकिन जब बात नेतृत्व की आती है तो पंक्ति के सबसे पीछे उन्हें खड़ा कर दिया जाता है। गोलवलकर की नीति का यही असर है कि भाजपा महिलाओं को केवल सांस्कृतिक संरक्षण और घरेलू दायरे में देखने की प्रवृत्ति को अब भी कायम रखे हुए है। असलियत यह है कि महिला सशक्तिकरण का जो एजेंडा भाजपा ने अपनाया है, वह केवल दिखावे का अधिक और वास्तविकता का कम है। योजनाएं, घोषणाएं और प्रतीकात्मक सम्मान एक ओर हैं, लेकिन निर्णय और सत्ता में भागीदारी दूसरी ओर है। आजादी के बाद से अब तक महिलाओं की स्थिति में जो सुधार आया है, वह उनकी अपनी संघर्षशीलता और समाज की प्रगतिशील धारा का परिणाम है, भाजपा की वैचारिक सोच का नहीं। इसलिए जरूरी है कि महिला आरक्षण को तुरंत लागू किया जाए, महिलाओं को नेतृत्व में अवसर दिया जाए और केवल वोट बैंक की राजनीति से उन्हें भ्रमित न किया जाए। कांग्रेस की परंपरा और स्वतंत्रता संग्राम की विरासत हमें यह सिखाती है कि जब महिलाएं राजनीति और समाज में बराबरी से आगे आती हैं, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है। भाजपा को भी यदि वास्तव में महिला सशक्तिकरण की चिंता है तो उसे अपनी वैचारिक सीमाओं को तोड़कर महिलाओं को वास्तविक शक्ति और सम्मान देना होगा। अन्यथा उसका एजेंडा महज दिखावा ही कहलाएगा।

**-आरती चौधरी**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विशेष**

वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने हालांकि वर्ष 1999 में एक राष्ट्रीय नीति बनाई थी तथा उससे पहले वर्ष 2007 में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण विधेयक भी संसद में पारित किया गया था, जिसमें माता-पिता के भरण-पोषण, वृद्धाश्रमों की स्थापना, चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा का प्रावधान था लेकिन इसके बावजूद देशभर में वृद्धाश्रमों में बढ़ती संख्या इस तथ्य को इंगित करती है कि भारतीय समाज में वृद्धों को उपेक्षित किया जा रहा है। कुछ समय पहले 96 देशों में कराए गए एक सर्वे के बाद 'ग्लोबल एज वॉच इंडेक्स' जारी किया गया था।

# बुजुर्गों के प्रति हृदय में हर पल हो सम्मान



योगेश कुमार गोयल

भारतीय संस्कृति में सदा से ही बड़ों के आदर-सम्मान की परम्परा रही है लेकिन आज दुनिया के अन्य देशों सहित हमारे देश में भी वृद्धजनों पर बढ़ते अत्याचारों की खबरें समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। अधिकांश परिवारों में वृद्ध जिस तरह की उपेक्षा झेलने को मजबूर हैं, उससे ज्यादा पीड़ादायक और क्या हो सकता है। समृद्ध परिवार होने के बावजूद घर के बुजुर्ग वृद्धाश्रमों में जीवनयापन करने को विवश हैं। बहुत से मामलों में बच्चे ही उन्हें बोझ मानकर वृद्धाश्रमों में छोड़ आते देते हैं। हालांकि यह उम्र का ऐसा पड़ाव होता है, जब उन्हें परिजनों के अपनेपन, प्यार और सम्मान की सर्वाधिक जरूरत होती है। एक व्यक्ति जिस घर-परिवार को बनाने में अपनी पूरी जिंदगी खपा देता है, वृद्धावस्था में जब उसी घर में उसे अवांछित वस्तु के रूप में देखा जाने लगता है तो लगता है जैसे उस घर में रहने वालों की इंसानियत और उनके संस्कार मर चुके हैं।

विश्वभर में ऐसे हालात को देखते हुए ही वृद्धजनों के लिए कुछ कल्याणकारी कदम उठाने की जरूरत महसूस हुई थी। इसीलिए वर्ष 1982 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 'वृद्धावस्था को सुखी बनाइए' जैसा नारा देते हुए 'सबके लिए स्वास्थ्य' अभियान का शुरू किया था। वृद्धों के साथ होने वाले अन्याय, उपेक्षा और दुर्व्यवहार पर लगाम लगाने और वृद्धजनों के प्रति उदारता व उनकी देखभाल की जिम्मेदारी के अलावा उनकी समस्याओं के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र ने 14 दिसंबर 1990 को निर्णय लिया कि प्रतिवर्ष एक अक्तूबर का दिन दुनियाभर में 'अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की इस पहल के बाद एक अक्तूबर 1991 को पहली बार यह दिवस मनाया गया, जिसे 'अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस' के नाम से भी जाना जाता है। बुजुर्गों के प्रति वैसे तो सभी के हृदय में हर पल, हर दिन सम्मान का भाव होना चाहिए लेकिन दिल में छिपे इस सम्मान को व्यक्त करने के लिए औपचारिक तौर पर यह दिन निश्चित किया गया।

1991 में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुरूआत के बाद वर्ष 1999 को पहली बार 'बुजुर्ग वर्ष' के रूप में भी मनाया गया था। इस वर्ष 'अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' 'स्थानीय और वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ाने वाले वृद्धजन रू हमारी आकांक्षाएं, हमारा कल्याण, हमारे अधिकार' विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह विषय लचीले और समतामूलक समाजों के निर्माण, अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को बढ़ावा देने तथा वृद्ध लोगों के अधिकारों और कल्याण को नीति और कार्रवाई का केंद्र बनाने में वृद्धों की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर देता है।

भारतीय समाज में सयुंक्त परिवार को हमेशा से अहमियत दी गई है लेकिन आज के बदलते परिवेश में छोटे और एकल परिवार की चाहत में संयुक्त परिवार की अवधारणा खत्म होती जा रही है। यही कारण है कि लोग अपने बुजुर्गों से दूर होते जा रहे हैं और नई पीढ़ी दादा-दादी, नाना-नानी के प्यार से वंचित होती जा रही है। एकल परिवार के बढ़ते चलन के कारण ही परिवारों में बुजुर्गों की उपेक्षा होने लगी है। न चाहते हुए भी बुजुर्ग अकेले रहने को मजबूर हैं। इसका एक गंभीर परिणाम यह देखने को मिला है कि बुजुर्गों के प्रति अपराध भी तेजी से बढ़े हैं।

शहरों-महानगरों में आए दिन बुजुर्गों को निशाना बनाए जाने की खबरें दहला देती हैं। दूसरा गंभीर परिणाम यह कि बच्चों को बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य नहीं मिलने के कारण उनके जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। एक सर्वे के अनुसार दादा-दादी या नाना-नानी के साथ रहने वाले बच्चों का विकास अकेले रहने वाले बच्चों की तुलना में कहीं ज्यादा अच्छा और मजबूत होता है और ऐसे बच्चों में आत्मविश्वास भी अधिक देखने को मिला है। आज पति-पत्नी दोनों ही कामकाजी हैं, ऐसे में बच्चे घर में अकेले रहते हैं और कम उम्र में ही उनमें अवसाद जैसी समस्याएं पनपने लगती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# फेस्टिव सीजन में ऐसे करें स्किन केयर, मिलेगा नेचुरल ग्लो



शहनाज हुसैन

आजकल फेस्टिवल सीजन की धूम है ध्यह पर्व पुरे साल में बेहद कल्याणकारी और उत्साह से भरा रहता है। इस दौरान लड़कियां खास तौर पर तैयार होकर मां दुर्गा की पूजा। अर्चना करती हैं इसके अतिरिक्त महिलाएं घर की खरीदारी और त्यौहार की तैयारियों में काफी ऊर्जा लगाती हैं जिससे उनका चेहरा थका और बुझा सा दीखता है। अगर आप भी उनमें से हैं तो घबराने की कतई जरूरत नहीं बल्कि कुछ स्किन केयर टिप्स को फॉलो करें और आपके चेहरे पर आभा और निखार बना रहेगा ध

**हेल्दी डाइट लें**

जो आप खाते हैं वही आपकी स्किन पर नजर आता है। संतुलित भोजन, पर्याप्त पानी, नियमित वॉक और पर्याप्त नींद के साथ आप बिना किसी परेशानी के त्योहारों का आनंद ले सकते हैं। दिन की शुरुआत एक ग्लास गुनगुने पानी और नींबू से करें और प्रोसेस्ड फूड से दूरी बनाए रखें। त्योहारों में हेल्दी रहने का सबसे पहला फॉर्मूला है खाने।पीने की थोड़ी प्लानिंग करके चलें। अगर आप उपवास कर रही हैं, तो दूध, सूखे मेवे, खजूर और मौसमी फल अपनी डाइट में शामिल करें। वहीं अगर व्रत नहीं कर रही हैंए तो तली।भुनी और ज्यादा मसालेदार चीजों से दूरी बनाकर रखें। मीठा भी कम खाएं, क्योंकि इससे त्वचा पर मुंहासे निकल सकते हैं। इस दौरान सोशल लाइफ काफी एक्टिव रहती है और आपको अनेक सामाजिक समरोहों ध डिनर पार्टियों में जाना पड़ सकता है। ऐसे में स्वस्थ विकल्प पूछने से न डरें। अक्सर वहां बहुत सारे फल, हरी सब्जियां और साबुत अनाज उपलब्ध होते हैं। इस दौरान भोजन कतई न छोड़ें क्योंकि इससे बाद में ज्यादा खाने की प्रवृत्ति हो सकती है। इसके बजाय पूरे दिन नियमित भोजन और नाश्ता करें। जब खाना भरपूर और स्वादिष्ट हो तो ज्यादा खाना आसान है। अपने हिस्से के आकार का ध्यान रखें और छोटे निवाले लें। नाश्ते में पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को शामिल हो। दोपहर की थाली में साबुत अनाज, फल और सब्जियों को शामिल करें। रागी का सूप, वेजिटेबल सूप, मूंग दाल का सूप, खिचड़ी और वेजिटेबल दलिया डिनर का बेहतर विकल्प हो सकते हैं जो दिन के गरिष्ठ खाने के बाद रात के वक्त पेट की सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। रात का डिनर लाइट करें। शाम को अगर पकवान ज्यादा खा लिए हैंए तो डिनर स्किप भी कर सकते हैं।

**एक्टिव रहें**

त्योहारों में व्यस्तता के कारण लोग वॉक या एक्सरसाइज छोड़ देते हैं, जिससे कैलोरी बर्न नहीं हो पाती इस दौरान नियमित रूप से डांसिंग, ब्रिस्क वॉकिंग या आउटडोर खेल आदि गतिविधिओं में कम से कम 30 मिनट का समय दें। रात देर तक जागने और सुबह जल्दी उठने से शरीर की बायोलॉजिकल क्लॉक बिगड़ जाती हैए जिससे थकान और चिड़चिड़ापन बढ़ सकता हैण् कोशिश करें कि त्योहारों में भी कम से कम 7।8 घंटे की नींद लें। साइकिल चलाना, सीढ़ियां चढ़ना, और रोजाना पैदल चलना भी जरूरी है। सोने से पहले तनाव से बचने के लिए स्क्रीन्स टाइम को कम करें और पढ़ने या ध्यान करने जैसी गतिविधियों से जुड़े रहें। इसके अलावा रात के समय पर्याप्त नींद जरूर पूरी करें और कम से कम तनाव लेने का प्रयार करें। वहीं समय- समय पर अपनी दवाएं लेना न भूलें।

**नारियल का पानी**

नारियल पानी प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्धक पेय है जोकि शरीर को हाइड्रेट करता है जिससे आप उर्जाबान और एक्टिव महसूस करते हैं यह ना सिर्फ शरीर को ठंडक देता है बल्कि इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है, जो ताजगी और ऊर्जा प्रदान करते हैं नारियल पानी पीने से थकान और कमजोरी दूर होती है और यह पाचन क्रिया को भी सुधारता है। नारियल पानी दिन के किसी भी समय पिया जा सकता है, लेकिन आयुर्वेदाचार्य इसे सुबह खाली पेट पीने की सलाह देते हैं ताकि आपको इसका अधिकतम लाभ मिल सके। नारियल पानी में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी होते हैंए जो स्किन को अंदर से ग्लोइंग बनाने में मददगार है। सुबह खाली पेट एक गिलास नारियल पानी पीने से त्वचा हेल्दी और आकर्षक बनती है।

नारियल पानी में फाइबर होता है जो पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। रोजाना एक गिलास नारियल पानी पीने से पेट को हेल्दी रखने में मदद मिल सकती है। नारियल पानी में 94 प्रतिशत पानी की मात्रा होती है। ए शरीर को जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति करता है। त्योहारों के दौरान आउटडोर एक्टिविटीज शॉपिंग, घर की साज सजा से हुई थकावट में नारियल पानी का सेवन काफी लाभदायक माना जाता है क्योंकि इसमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट्स शरीर को हाइड्रेटेड और उर्जाबान रखने में मदद करते हैं।

**फ्लेवर्ड पानी**

त्योहारों में डी हाइड्रेशन से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह दी जाती है लेकिन अनेक लोगों बदलते मौसम की बजह से सादे पानी का स्वाद पसन्द नहीं आता जिसकी बजह से बह पानी पीने से कतराते हैं। अगर आप भी उनमें से हैं तो फ्लेवर्ड पानी- आपके लिए बेहतर विकल्प है। फलों से तैयार यह पानी आपके लिए स्वास्थ्यवर्धक हो सकता है। आपको उम्दा स्वाद भी देगा और पानी की कमी भी नहीं होने देगा। फ्लेवर्ड पानी बनाने के लिए सादे पानी में ताजे फल , जड़ी बूटियों ,सब्जियों और मसालों आदि का स्वाद मिलाकर इसे स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाया जाता है। पानी को फ्लेवर्ड बनाने से उसमें विटामिन्स और मिनरल्स की मात्रा भी बढ़ जाती है जिससे हम दिन भर उर्जाबान रहते हैं। फ्लेवर्ड पानी के कारण हम कार्बोनेटेड ड्रिंक्स सोडा आदि के सेवन से बचे रहते हैं। फ्लेवर्ड वॉटर में कई तरह के फल और जड़ी बूटियों के तत्व मिले होने से यह हेल्दी होता है और अच्छे से डिटॉक्स करता हैध लेकिन फ्लेवर्ड वॉटर तब हानिकारक भी हो जाता है, अगर वह बाजार का बोतल बंद फ्लेवर्ड वॉटर है और उसमें जरूरत से ज्यादा कृत्रिम मिठास और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं। फ्लेवर्ड वॉटर बनाने के लिए मटके या सुराही में ठण्डा पानी भरें ध इसमें पतली कटी हुई फल, हर्ब्स या मसालों की स्लाइस डालें धइसे कुछ घण्टे या रात्रि भर रेफ्रीजिरेटर में ठण्डा होने दें धअब आपका फ्लेवर वाटर तैयार हो गया है।

**आइस्ड हर्बल चाय**

त्योहारों में बार बार गरमा-गरम चाय कॉफी और एरेटेड ड्रिंक्स पीना सेहत के लिए नुकसान दायक सावित हो सकता है। ऐसे में आप एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर हर्बल चाय ट्राई कर सकते हैं जोकि सेहत और स्वाद दोनों तरफ से बेहतर सावित होगी हर्बल चाय, खासकर मिंट और ग्रीन टी इस दौरान बहुत फायदेमंद होती है। यह न केवल शरीर को हाइड्रेट करती हैए बल्कि शांति और ताजगी भी देती हैध हर्बल चाय में शहद या कम चीनी का उपयोग करें ताकि यह ज्यादा हेल्दी रहे। हर्बल चाय के साथ साथ आप आइस्ड टी भी उपयोग कर सकते हैं जोकि आपको तरोताजा रखेगी। आइस्ड टी में हर्बल चाय के अतिरिकत कुछ कूलिंग और रिफ्रेशिंग चीजों को भी शामिल किया जाता है। दिन में एक हर्बल आइस टी के सेवन से उच्च रक्तचत , शुगर और तनाव को नियन्त्रित करने में मदद मिलती है। हर्बल आइस टी तुलसी, दालचीनी, मुलेठी, पुदीना , लौंग , काली मिर्च आदि से बनती है ध आप कैमोमाइल, पेपरमिंट, या हिबिस्कस की आइस टी बनाकर भी पी सकते हैं।

# इजरायल गाजा में जंग रोकने को तैयार

## ट्रम्प ने 20 पाइंट का प्लान बनाया, नेतन्याहू से कहा: हमास नहीं माने, तो उसे खत्म कर दो

**हमास ने हथियार डालने से इन्कार किया, कहा कि हमें प्लान का औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला**



**वाशिंगटन।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में सीजफायर पर सहमत हो गए हैं। नेतन्याहू ने सोमवार (29 सितम्बर) रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से वाशिंगटन डीसी में मुलाकात की। इसके बाद दोनों नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी।

ट्रम्प ने सीजफायर के लिए 20 पाइंट का एक प्लान तैयार किया है। ट्रम्प ने कहा कि अगर हमास इस प्लान को नहीं मानता तो इजरायल के पास उसे खत्म करने का पूरा अधिकार है और अमेरिका इसमें साथ देगा। वहीं, नेतन्याहू ने कहा गाजा में एक शांतिपूर्ण प्रशासन होगा।

हमास के सभी हथियार हटाए जाएंगे और गाजा से इजरायल धीरे-धीरे पीछे हटेगा। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि यह काम आसान या मुश्किल तरीके से होगा, लेकिन इसे पूरा जरूर किया जाएगा। अगर हमास इस प्लान को नहीं मानेगा तो इजरायल खुद यह काम पूरा करेगा। इधर, हमास ने हथियार डालने से इन्कार कर दिया। कहा कि हमें प्लान का औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला है। वहीं, फलस्तीनी सरकार ने ट्रम्प के प्लान का स्वागत किया है। ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस प्लान में गाजा में युद्ध रोकना, सभी बंधकों को छोड़ना और गाजा में प्रशासन चलाने के लिए एक अस्थाई बोर्ड बनाने का प्रस्ताव है। इस बोर्ड की अध्यक्षता ट्रम्प करेंगे और इसमें पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भी होंगे।

### सीजफायर के लिए 20 पाइंट

**1. तुरंत युद्ध रोकना:**

इजरायल और हमास के बीच सहमति बनी तो गाजा में युद्ध तुरंत खत्म होगा।

**2. इजरायल पीछे हटेगा:**

सहमति से इजरायल अपनी सेनाओं को धीरे-धीरे गाजा से निकाल लेगा।

**3. बंधकों को छोड़ना:**

हमास 72 घंटे में सभी इजरायली बंधकों को रिहा करेगा, जिनमें जिंदा और मृत दोनों होंगे।

**4. कैदियों की रिहाई:**

युद्ध खत्म होने पर इजरायल, गाजा के उम्रकैद की सजा काट रहे 250 लोगों और अन्य 1700 कैदियों को छोड़ देगा।

**5. शवों का आदान-प्रदान:**

हर मृत इजरायली कैदी के बदले 15 मृत फलस्तीनी कैदियों के शव लौटाए जाएंगे।

**6. गाजा को आतंक मुक्त बनाना:**

गाजा से हमास के सारे ठिकाने और हथियार हटाए जाएंगे।

**7. हमास प्रशासन में शामिल नहीं:**

हमास और अन्य लड़ाके गाजा की सरकार में हिस्सा नहीं लेंगे।

**8. अंतरिम प्रशासन समिति:**

गाजा के लिए एक अस्थाई तकनीकी समिति बनाई जाएगी, जिसमें योग्य लोग होंगे।

**9. शांति बोर्ड बनेगा:**

इस बोर्ड की अध्यक्षता अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे, इसमें टोनी ब्लेयर और अन्य देशों के नेता शामिल होंगे।

**10. पुनर्निर्माण योजना:**

बोर्ड गाजा के विकास और सुधार की योजना बनाएगा और उसका खर्च उठाएगा।

**11. मानव सहायता:**

गाजा को तुरंत पर्याप्त मदद दी जाएगी।

**12. विशेष व्यापार क्षेत्र:**

गाजा में खास व्यापारिक क्षेत्र बनाए जाएंगे, जिससे रोजगार बढ़ेगा।

**13. लोगों की आजादी:**

किसी को गाजा छोड़ने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा, जो चाहे जा सकता है और लौट सकता है।

**14. सुरक्षा के लिए फोर्सेस:**

एक अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा बल गाजा में सुरक्षा बनाए रखेगा।

**15. पुलिस की ट्रेनिंग:**

सुरक्षा बल गाजा पुलिस को ट्रेनिंग देंगे और मदद करेंगे।

**16. सीमा सुरक्षा:**

इजरायल और मिस्र की सीमाओं पर सुरक्षा मजबूत होगी।

**हमास के सभी हथियार हटाए जाएंगे और गाजा से इजरायल धीरे-धीरे पीछे हटेगा**

**17. लड़ाई बंद:**

युद्ध खत्म होने तक हवाई हमले और गोलाबारी रोकी जाएगी।

**18. मानवाधिकार सुनिश्चित:**

अंतर्राष्ट्रीय संगठन गाजा में मदद और सुरक्षा की निगरानी करेंगे।

**19. शांति बातचीत:**

इजरायल और फलस्तीन के बीच शांति के लिए बातचीत शुरू होगी।

**20. भविष्य की योजना:**

इस योजना का मकसद गाजा में स्थाई शांति, विकास और बेहतर जीवन लाना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद दोनों नेता बिना मीडिया के सवाल लिए चले गए। ट्रम्प और नेतन्याहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिपोर्टर्स के सवाल नहीं लिए। ट्रम्प ने कहा कि अभी दस्तावेज साइन होने और सब कुछ तय होने तक सवाल लेना ठीक नहीं है। ट्रम्प ने नेतन्याहू से पूछा कि क्या वे कुछ इजरायली पत्रकारों के सवाल लेना चाहेंगे, इस पर नेतन्याहू ने कहा कि मैं आपके फैसले पर भरोसा करूंगा। इसके बाद रिपोर्टर्स सवाल पूछने लगे, लेकिन दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया और वहां से चले गए। ट्रम्प ने बताया कि इस प्लान के बनने के दौरान पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर उनके साथ संपर्क में थे।

## ट्रम्प की गाजा शांति योजना का 8 अरब-इस्लामी देशों ने किया स्वागत

**दुबई।** आठ अरब और मुस्लिम बहुल देशों ने मंगलवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा युद्ध को खत्म करने और क्षेत्र में शामिल बहाल करने के लिए पेश की गई 20 बिंदुओं वाली योजना का स्वागत किया।

यह योजना ट्रम्प और इस्रा. इली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच हुई बातचीत के बाद पेश की गई थी। इसमें गाजा युद्ध को तत्काल रोकने और हमास द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों को 72 घंटों के भीतर रिहा करने का प्रस्ताव है। हालांकि, हमास ने अभी तक इस शांति योजना को स्वीकार नहीं किया है। जिन देशों के विदेश मंत्रियों ने इस योजना का समर्थन किया है, उनमें जार्डन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए अमे. रिका के साथ साझेदारी जरूरी है। संयुक्त बयान में कहा गया कि विदेश मंत्रियों ने राष्ट्रपति ट्रम्पकी उस घोषणा का स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने गाजा में युद्ध समाप्त करने, गाजा में पुनर्निर्माण करने, फलस्तीनी लोगों के विस्थापन को रोकने और शांति की दिशा में आगे बढ़ने की बात कही है।

## अमेरिका में गवर्नमेंट शटडाउन का खतरा

**■ विपक्ष नहीं माना, तो कल रात से ठप होगा सारा काम, जबरन छुट्टी पर भेजे जा सकते हैं 9 लाख कर्मचारी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में मंगलवार रात फंडिंग बिल पर वोटिंग होनी है। अगर बुधवार रात 12 बजे तक ये बिल पास नहीं हुआ तो ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में पहली बार सरकारी फंडिंग रुक जाएगी। इसे 'गवर्नमेंट शटडाउन' कहते हैं।

दरअसल अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठन गई है। इससे सरकारी काम-काज के ठप होने और 9 लाख कर्मचारियों को जबरन छुट्टी पर भेजने का खतरा बढ़ गया है। डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर है कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई, तो सरकार खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत होगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। शटडाउन रो. कने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प और डेमोक्रेटिक नेताओं ने सोमवार को व्हाइट हाउस में बैठक की थी लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल 1 अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है।

## मोदी ने ट्रम्प की गाजा शांति योजना का किया स्वागत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाज़ा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच का संघर्ष रुकवाने की अमेरिकी राष्ट्रपति की योजना का स्वागत किया है और विश्वास जताया है संबंधित पक्ष इसको स्वीकार करेंगे।

मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक बयान में कहा कि हम राष्ट्रपति डोनाल्ड द्वारा गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक योजना की घोषणा का स्वागत करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना फलस्तीनी और इजरायली लोगों के साथ-साथ व्यापक पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक और स्थाई शांति, सुरक्षा और विकास का एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है। मोदी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति ट्रम्प की पहल के पीछे एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने एवं शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे। ट्रम्प ने वाशिंगटन की यात्रा पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ सोमवार को व्हाइट हाउस में बातचीत के बाद गाजा में संघर्ष समाप्त करने की एक व्यापक योजना की घोषणा की। उसके तहत गाजा से संचा. लित आतंकवादी गतिविधियां बंद होंगी और गाजा पट्टी का व्यापक पुनर्निर्माण किया जाएगा। योजना में हमास के कब्जे में पड़े बंधकों की वापसी और इजरायल द्वारा हिरासत में लिए गए कुछ फलस्तीनियों की रिहाई का भी प्रस्ताव है।

## H-1B वीजा में बड़े बदलाव करने जा रहा अमेरिका

**■ भारतीय पेशेवरों पर पड़ेगा असर**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि फरवरी 2026 से पहले एच-1बी (एच-1बी) वीजा प्रक्रिया में काफी बदलाव होंगे। गौरतलब है कि ट्रम्प सरकार ने एच-1बी वीजा की फीस कई गुना बढ़ाकर 100000 अमेरिकी डालर कर दिया है और नया शुल्क भी फरवरी 2026 से ही लागू होगा।

लुटनिक ने एच-1बी वीजा पर सस्ते तकनीकी सलाहकारों के देश में आने और अपने परिवारों को लाने के विचार को बिल्कुल गलत बताया। लुटनिक ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया कि फरवरी 2026 में जब एच1बी वीजा की बढ़ी हुई फीस लागू होगी, तब इसमें कई बड़े बदलाव होंगे। लुटनिक ने संकेत दिए कि अमेरिकी सरकार एच1बी वीजा के तहत लाटरी सिस्टम को खत्म कर सकती है। लुटनिक ने लाटरी सिस्टम की आलोचना की और सवाल किया कि क्या किसी देश को लाटरी के जरिए कुशल श्रमिकों को अपने देश में लाना चाहिए? अमेरिका के वाणिज्य मंत्री लुटनिक ने कहा कि एच-1बी लाटरी को ठीक किया जाना चाहिए और अमे. रिका को उच्च-कुशल नौकरियां केवल सबसे कुशल लोगों को ही देनी चाहिए। लुटनिक ने कहा कि कंपनियों को ऐसे तकनीकी सलाहकारों और प्रशिक्षुओं को रखने का विचार समाप्त कर देना चाहिए जो सस्ते हों। इस बारे में मेरी राय पक्की है। मुझे लगता है कि राष्ट्रपति इन मुद्दों पर मेरे साथ हैं। मेरा मानना है कि सस्ते तकनीकी सलाहकार इस देश में आएं और अपने परिवारों को भी लाएं, ये मुझे बिल्कुल गलत लगता है, और मैं इसे सही नहीं मानता हूं। माना जा रहा है कि भविष्य में अमेरिकी सरकार एच1बी वीजा के तहत सिर्फ उच्च प्रशिक्षित पेशेवरों को ही वरीयता दे सकती है।

## पाक के क्वेटा में बम ब्लॉस्ट, 10 की मौत

### राष्ट्रपति जरदारी का आरोप: बलॉस्ट के पीछे भारत समर्थित आतंकियों का हाथ



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में मंगलवार दोपहर भीड़भाड़ वाली सड़क पर सुसाइड बम ब्लॉस्ट हुआ। पाकिस्तानी न्यूज पेपर डान के मुताबिक, इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 32 घायल हैं। मारे गए लोगों में 4 उग्रवादी भी हैं। क्वेटा के एसएसपी मोहम्मद बलोच के मुताबिक, पैरामिलिट्री फोर्स हेडक्वार्टर के पास विस्फोटक से भरी गाड़ी में धमाका हुआ।

धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गई और दीवारों में दरार आ गई। पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा है कि इसके पीछे भारत समर्थित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों का हाथ है। भारत ने अभी तक इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बलूचिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री बख्त मोहम्मद काकर के मुता. बिक घायलों को सिविल अस्पताल और ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सभी बड़े अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। इनमें क्वेटा सिविल अस्पताल, बलूचिस्तान मेडिकल कालेज (बीएमसी) अस्पताल और ट्रामा सेंटर शामिल हैं। सभी डाक्टरों, फार्मासिस्ट, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को अस्पतालों में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने इस घटना को आतंकी हमला बताया। उन्होंने कहा धमाके के बाद सुरक्षा बलों ने कार्रवाई की और चार आतंकियों को मार गिराया। हम शहीदों के परिवारों के साथ खड़े हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। 2001 में अमे. रिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। इसमें बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सेना के विरोधी गुट के लोग शामिल थे। इनकी लड़ाई पाकिस्तान की सेना और सरकार के खिलाफ है। अमेरिका ने पाकिस्तान को चेताया है कि टीटीपी एटमी हथियारों तक पहुंच सकता है।

## पीओजेके में प्रदर्शन के दौरान हिंसा में तीन की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में सोमवार को हालात उस वक्त बिगड़ गए जब क्षेत्र की पुलिस भी पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ सड़कों पर उत्तर आई। अवामी एक्शन कमेटी पहले से क्षेत्रीय समस्याओं के खिलाफ शहबाज सरकार के विरा. ेध में धरने-प्रदर्शन करती आ रही है। सोमवार को स्थानीय पुलिसकर्मियों में भी पाकिस्तान की सरकार के प्रति नाराजगी देखने को मिली। हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई और 22 लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिसकर्मियों ने मांगे पूरी न होने पर पूरे पीओजेके में बंद किया। हालात नियंत्रित करने के लिए सरकार ने भारी संख्या में सुरक्षा बल को प्रांत में तैनात कर दिया। इनमें 7000 सुरक्षाबल और फ्रंटियर फोर्स के सैनिकों को तैनाती मिली।

## तालिबान ने अफगानिस्तान में इंटरनेट सर्विस बंद की

**■ अनैतिकता रोकने के लिए फैसला लिया**

**काबुल।** तालिबान ने सोमवार से पूरे अफगान में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क सेवाएं बंद कर दी हैं।

न्यूज वेबसाइट काबुलना के मुताबिक, काबुल, हेरात, मजार-ए-शरीफ और उरुजगान सहित कई शहरों में फाइबर-आप्टिक इंटरनेट सर्विस ठप हो गई। इसके बाद मोबाइल डेटा कुछ टाइम तक तो काम करता रहा, लेकिन सिग्नल टावर बंद होने से वो भी बंद हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये फैसला अनैतिक गतिविधियों को रोकने के लिए लिया गया है। इससे पहले कुछ प्रांतों जैसे बल्ख, कंधार, हेलमंद, उरुजगान, और निमरोज में फाइबर-आप्टिक नेटवर्क बंद किए गए थे। लेकिन अब ये इंटरनेट बंदी पूरे देश में लागू हो गई, जिसमें मोबाइल नेटवर्क भी शामिल है। 2024 तक अफगानिस्तान में 9350 किलोमीटर का फाइबर-आप्टिक नेटवर्क था, जो पूर्व सरकारों ने बनवाया था।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com




